दैनिक

डिजिटल राष्ट्रीय डेली न्यूज़ पेपर दैनिक लोकतंत्र की आवाज़ बिहार से प्रकाशित सम्पूर्ण बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश मे प्रसारित!

Digital Daily News Paper

# लोकतंत्र की आवाज

आवश्यकता
सुपौल, सीतामढ़ी
मधुबनी, बेगूसराय, मुंगेर, जमुई, के लिए संवाददाता सह विज्ञापन प्रतिनिधि के रूप में काम करने वाले इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें।
9525278483, 6200031466

● नवादा से प्रकाशित ● नवादा गुरुवार 27 जून 2024 ● वर्ष : 02 अंक : 516

## संक्षिप्त खबरें ।

### जब राहुल गांधी ने नरेंद्र मोदी से मिलाया हाथ, ऐसा था पीएम का रिएक्शन, लोकसभा में दिखी बेहद खास तस्वीर



**लोक तंत्र की आवाज**

**नई दिल्ली।** संसद में आज नरेंद्र मोदी ने विपक्ष को पटखनी दे दी है। लोकसभा स्पीकर के चुनाव में एनडीए के उम्मीदवार ओम बिरला विजयी हुए हैं। ओम बिरला को 18वीं लोकसभा का स्पीकर चुन लिया गया है। स्पीकर चुने जाने के बाद ओम बिरला को प्रधानमंत्री मोदी खुद उन्हें उनके आसन तक लेकर आए। इस मौके पर कांग्रेस नेता और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी भी एक्शन में नजर आए। उन्होंने सबसे पहले ओम बिरला को बधाई दी। इसके बाद उन्होंने पीएम मोदी से भी हाथ मिलाया। दोनों नेताओं ने एक–दूसरे से गर्मजोशी से हाथ मिलाया।

**कैमरे में कैद हुआ ऐतिहासक पल :** बता दें कि ये परंपरा रही है कि सदन के नेता यानि प्रधानमंत्री और नेता विपक्ष, लोकसभा अध्?यक्ष पद के लिए चुने गए सांसद को उनकी सीट से लेकर अध्?यक्ष की कुर्सी तक लेकर जाते हैं। सांसद ओम बिरला को जब अध्?यक्ष चुना गया, तो इसके बाद प्रधानमंत्री मोदी और नेता विपक्ष राहुल गांधी उनकी सीट तक गए। इस दौरान पीएम मोदी और राहुल गांधी ने हाथ मिलाया। यह एक ऐतिहासिक पल था। सदन में इस नजारे ने सभी सांसदों का ध्यान अपनी तरफ खींच लिया। ओम बिरला के स्पीकर के आसन तक पहुंचने के बाद प्रोटेम स्पीकर भर्तृहरि महताब ने कहा कि आपकी चेयर है, आप संभालें।

**नेता विपक्ष चुने गए हैं राहुल गांधी:** राहुल गांधी को एक दिन पहले विपक्षी गठबंधन ने नेता विपक्ष चुना हैं। 10 साल बाद ये मौका आया है, जब विपक्ष के नेता की कुर्सी खाली नहीं रहेगी। 200 से ज्यादा सीटें जीतने वाले विपक्ष का एक नेता इस बार सरकार के सामने उसकी बात रखेगा। ये मौका अब राहुल गांधी को मिला है। वहीं, नेता विपक्ष के तौर पर सदन में जिम्मेदारी लेने वाले वह गांधी परिवार के तीसरे नेता हैं। इससे पहले सोनिया गांधी और राजीव गांधी सदन में नेता विपक्ष रह चुके हैं।

# आखिर क्यों नहीं कांग्रेस ने मतविभाजन पर जोर दिया ध्वनिमत से ही ओम बिरला चुन लिए गए लोस अध्यक्ष



**लोक तंत्र की आवाज**

**नई दिल्ली।** ओम बिरला फिर से लोक सभा के अध्यक्ष चुन लिए गए. कांग्रेस ने मंगलवार को साफ कर दिया था कि वो सत्तापक्ष के उम्मीदवार का विरोध करेगी. इसके लिए इंडिया गठबंधन में उसने काफी मशक्कत और रियाज भी किया था. खबर ये भी थी कि ममता बैनर्जी ओम बिरला के विरोध में उम्मीदवार खड़ा करने पर कांग्रेस का साथ नहीं देंगी. बाद में राहुल गांधी ने उन्हें फोन कर के तैयार किया. तो फिर आज सदन शुरु होने के बाद क्या हुआ कि अध्यक्ष पद के लिए मतविभाजन नहीं हुआ. कांग्रेस की शर्त ये थी कि संसदीय परंपरा के मुताबिक सत्ता पक्ष लोकसभा के डिप्टी स्पीकर का ओहदा इंडिया गठबंधन को दे. तभी वे अध्यक्ष पद पर सहमति देंगे और चुनाव निर्विरोध होगा।

आज सदन शुरु होने के बाद बिरला के पक्ष में सत्ताधारी गठबंधन की ओर से कई प्रस्ताव किए गए. नेताओं ने उसका समर्थन किया. पीठासीन अध्यक्ष ने इस प्रस्ताव पर ध्वनिमत से मतदान कराया और ओम बिरला को विजयी घोषित कर दिया गया. दरअसल, इसके पीछे कांग्रेस की सोची समझी रणनीति थी. ये तो साफ है कि इंडिया गठबंधन की संख्या सत्ताधारी एनडीए से कम है. फिर भी कांग्रेस ने मंगलवार से ही इस पर कड़ा रुख अख्तियार कर रखा था. केंद्रीय मंत्रियों समेत सत्ताधारी पार्टी के नेता कांग्रेस से इस मसले पर लगातार संपर्क में थे. लेकिन कांग्रेस आला कमान इस बात पर तैयार नहीं था कि वो अपने कड़े रुख में नरमी लाए।

दरअसल, कांग्रेस इस मुद्दे पर संदेश देना चाहती थी कि वो अपने सख्त रुख से पीछे नहीं हटेगी. आगे भी संसदीय काम काज में सरकार को रियायत नहीं देगी. इस लिहाज से उसने अपना उम्मीदवार खड़ा किया. लेकिन संसदीय परंपरा ये भी है कि सरकार के किसी प्रस्ताव पर ध्वनिमत से मतदान होने पर पीठासीन अध्यक्ष हमेशा उसे स्वीकृत ही करता है।

## आगे मोदी, बगल में राहुल, पीछे रिजिजू, नेता विपक्ष बनते ही राहुल गांधी की कैसे बढ़ गई पूछ

**लोक तंत्र की आवाज**



**नई दिल्ली।** 18वीं लोकसभा की शुरुआत से ही कांग्रेस सांसद राहुल गांधी नए तेवर में दिख रहे हैं. लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के अच्छे प्रदर्शन का क्रेडिट राहुल गांधी को ही दिया जा रहा है. इस लोकसभा में सबसे बड़ी विपक्षी पार्टी कांग्रेस ने राहुल को नेता प्रतिपक्ष बनाया है. नेता विपक्ष बनने के बाद राहुल गांधी की सदन में पूछ किस तरह बढ़ गई, इसकी एक बानगी आज लोकसभा स्पीकर के चुनाव के दौरान भी दिखी।

दरअसल ओम बिरला को लोकसभा अध्यक्ष चुन लिया गया है. प्रधानमंत्री नरेंद्र सहित सत्ताधारी एनडीए गठबंधन ने स्पीकर पोस्ट के लिए ओम बिरला के नाम का प्रस्ताव रखते हुए सर्वसम्मति से उन्हें चुनने की अपील की. पीएम मोदी के इस प्रस्ताव के बाद विपक्षी उम्मीदवार के. सुरेश ने नाम वापस ले लिया. इस तरह ओम बिरला एक बार फिर से निर्विरोध लोकसभा अध्यक्ष चुन लिए गए।

इसके बाद संसदीय परंपरा के अनुसार लोकसभा के नवनिर्वाचित स्पीकर ओम बिरला को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उनके आसन तक ले गए. इस दौरान लोकसभा में जो दृश्य दिखा, वह राहुल गांधी की बढ़ हुई ताकत को दर्शाता है. दरअसल पीएम मोदी जब बिरला को मंच पर खड़े थे, तब बतौर नेता विपक्ष भी उनके साथ ही मौजूद थे।

लोकसभा में पीएम मोदी ने स्पीकर ओम बिरला से हाथ मिलाकर सबसे पहले अभिवादन किया. इस बीच राहुल गांधी भी वहां पहुंचते तो पीएम मोदी उन्हें भी आगे आने का संकेत देते हैं. इसके बाद राहुल आते हैं, ओम बिरला से हाथ मिलाते हैं और फिर वे उन्हें साथ लेकर स्पीकर के आसन तक ले जाते हैं. इस दौरान संसदीय कार्यमंत्री किरेन रीजीजू उनके पीछे–पीछे चल रहे थे।

इस बाद लोकसभा में स्पीकर के आसन पर पहुंचने के बाद पीएम मोदी ने एक फिर ओम बिरला को शुभकामनाएं दीं. फिर राहुल गांधी ने भी आगे आकर नए स्पीकर को शुभकामनाएं दी और इसके बाद किरेन रीजीजू ने भी आगे आकर ओम बिरला से हाथ मिलाया।

## इजरायली हमले में मारा गया गाजा के स्वास्थ्य निदेशक समेत हमास का कमांडर, रफाह के अंदर तक घुसे आईडीएफ के टैंक

**लोक तंत्र की आवाज**



**काहिरा।** इजरायली सेना ने गाजा शहर में भीषण हमला किया है। यह हमला एक मेडिकल क्लिनिक पर हुआ। गाजा एन्क्लेव के स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार इजरायल के इस हवाई हमले में गाजा के एम्बुलेंस और आपातकालीन विभाग के निदेशक हानी अल–जाफ़रवी की मौत हो गई गई है। जबकि इजरायल की सेना ने कहा कि उसका निशाना हमास का एक वरिष्ठ कमांडर था ।

इस हमले में हमास के वरिष्ठ सशस्त्र कमांडर ही मारा गया है। जबकि गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि 7 अक्टूबर से लेकर अब तक इज़रायली गोलीबारी में हानी अल–जाफ़रवी की हत्या से लेकर मारे गए कुल चिकित्सा कर्मचारियों की संख्या 500 हो गई है। वहीं अब तक कम से कम 300 अन्य को हिरासत में लिया गया है।

इजरायली सेना ने कहा कि हमले में मोहम्मद सलाह को निशाना बनाया गया, जो कि हमास के हथियार विकसित करने के लिए जिम्मेदार था। वह हमास की सेना का सशस्त्र कमांडर था। ₹सलाह हमास आतंकवादी संगठन के लिए रणनीतिक हथियार विकसित करने की एक परियोजना का हिस्सा था और उसने कई हमास आतंकवादी दस्तों की कमान संभाली थी, जो हथियार विकसित करने पर काम करते थे।

**हमास मांगे युद्ध विराम**

इजरायली हमले से तबाह हो चुके हमास का कहना है कि किसी भी स्थिति में समझौते से युद्ध समाप्त होना चाहिए। जबकि इज़रायल का कहना है कि जब तक हमास का सफाया नहीं हो जाता, तब तक वह लड़ाई में केवल अस्थायी विराम के लिए सहमत होगा। इससे गाजा में आम नागरिकों की जिंदगी भी नर्क बनी हुई है। मिस्र की सीमा के पास राफा में, शहर के पूर्वी, दक्षिणी और मध्य हिस्सों पर नियंत्रण करने वाली इजरायली सेना ने भारी लड़ाई जारी होने की बात बताई। साथ ही गाजा के पश्चिमी और उत्तरी क्षेत्रों में छापेमारी की। रविवार को स्थानीय निवासियों ने कहा कि इजरायली टैंक राफा के उत्तर–पश्चिम में मवासी विस्थापितों के शिविर के किनारे तक बढ़ गए हैं।

## लोकसभा स्पीकर को बधाई देते हुए छलका विपक्ष का दर्द, राहुल गांधी और अखिलेश यादव ने कही ये बात

**लोक तंत्र की आवाज**



**नई दिल्ली ।** ओम बिरला लोकसभा के स्पीकर चुने गए हैं। इस दौरान विपक्षी नेताओं ने ओम बिरला को बधाई दी। विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा कि मैं आपको दूसरी बार चुने जाने के लिए बधाई देना चाहता हूं। मैं आपको पूरे विपक्ष और इंडिया गठबंधन की तरफ से बधाई देना चाहता हूं। यह सदन भारत के लोगों की आवाज़ का प्रतिनिधित्व करता है और आप उस आवाज़ के अंतिम निर्णायक हैं। सरकार के पास राजनीतिक शक्ति है लेकिन विपक्ष भी भारत के लोगों की आवाज़ का प्रतिनिधित्व करता है और इस बार विपक्ष ने पिछली बार की तुलना में भारतीय लोगों की आवाज़ का अधिक प्रतिनिधित्व किया है।

**राहुल गांधी ने दिया सदन चलाने का भरोसा:** राहुल ने कहा कि विपक्ष आपके काम करने में आपकी सहायता करना चाहेगा। हम चाहते हैं कि सदन अच्छी तरह से चले। यह बहुत महत्वपूर्ण है कि विश्वास के आधार पर सहयोग हो। विपक्ष की आवाज़ को इस सदन में प्रतिनिधित्व दिया जाए। कांग्रेस नेता ने कहा कि आशा है कि आप हमें अपनी आवाज उठाने, भारत के लोगों की आवाज उठाने का मौका मिलेगा।

**ओम बिरला को लेकर कही ये बात:** राहुल गांधी ने कहा, ''इस चुनाव ने दिखाया है कि लोग उम्मीद करते हैं कि विपक्ष संविधान की रक्षा करेगा। उन्होंने उम्मीद जताई कि बिरला विपक्ष को आवाज उठाने का मौका देकर संविधान रक्षा का अपना दायित्व निभाएंगे। मैं एक बार फिर आपको और सदन के सभी सदस्यों को बधाई देना चाहता हूं जिन्होंने चुनाव जीता है। वहीं, समाजवादी पार्टी के सांसद और पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि मैं लोकसभा के नवनिर्वाचित अध्यक्ष को बहुत बधाई देता हूं। जिस पद पर आप बैठे हैं इससे बहुत गौरवशाली परंपराएं जुड़ी हुई हैं।

## सुप्रीम कोर्ट ने केजरीवाल से क्यों कहा, अब नई याचिका लेकर आइएगा

**लोक तंत्र की आवाज**

● सुप्रीम कोर्ट ने केजरीवाल से क्यों कहा, अब नई याचिका लेकर आइएगा, जानें फिर क्या–क्या हुआ?



**नई दिल्ली।** दिल्ली शराब घोटाला मामले में सीबीआई ने सीएम अरविंद केजरीवाल को सुप्रीम कोर्ट में पेशी से पहले गिरफ्तार कर लिया। सुप्रीम कोर्ट ने केजरीवाल ने कहा, अब नई याचिका लेकर आइए। जानिए कोर्ट रूम में अबतक क्या–क्या हुआ?

दिल्ली शराब घोटाला मामले में सीएम अरविंद केजरीवाल की सुप्रीम कोर्ट में पेशी से पहले ही सीबीआई ने गिरफ्तार कर लिया। सीबीआई ने राउज एवेन्यू कोर्ट में पेशी के बाद कोर्ट से केजरीवाल की न्यायिक हिरासत की मांग की थी। कोर्ट से मंजूरी के बाद तिहाड़ जेल से सुनवाई के लिए कोर्ट पहुंचे केजरीवाल को सीबीआई ने गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद कोर्ट रूम में ही केजरीवाल की तबियत बिगड़ गई, उनका शुगर लेवल घट गया। तबियत सुधरने के बाद फिर से कोर्ट की सुनवाई शुरू हुई। अब फैसला शाम चार बजे के बाद आएगा।

सुप्रीम कोर्ट ने केजरीवाल से कहा कि वो नई याचिका लेकर आएं। केजरीवाल ने अपनी रिहाई पर अंतरिम रोक के खिलाफ याचिका सुप्रीम कोर्ट से वापस ली और कहा– हाई कोर्ट ने कल मेरी ज़मानत के निचली अदालत के आदेश में कई कमियां गिनाई हैं। इसे चुनौती देते हुए नई याचिका दाखिल करना चाहता हूं।

**मनीष सिसोदिया को लेकर हुई जिरह :** सीबीआई के वकील ने कोर्ट में कहा कि खुद केजरीवाल पहले ये कह चुके हैं कि नई नीति सिसोदिया का आइडिया था। कोर्ट ने बयान देखने के बाद टिप्पणी की कि केजरीवाल का बयान वह नहीं है जैसा सरकारी वकील कह रहे हैं। सीबीआई के वकील ने कहा कि अगर हमने वह बयान पढ़ दिया तो यह दिक्कत में आ जाएंगे। केजरीवाल ने कहा कि इनका मकसद है कि कल फ्रंट पेज हेडलाइन लगे, कि केजरीवाल ने सारा ठीकरा सिसोदिया के सर फोड़ा।

**कोर्ट रूम में जानें आज क्या–क्या हुआ :** केजरीवाल के वकील विक्रम चौधरी: जिस तरह से सीबीआई ने गिरफ्तारी की है..वो चिंता का विषय और संविधान के अनुच्छेद 21 के खिलाफ है।

विक्रम चौधरी– अगर जांच एजेंसी की बात को कबूल करें तो ये जांच मे सहयोग माना जाएगा.. ये कैसी दलील है सीबीआई की।

विक्रम चौधरी– उइक ने चार चार्जशीट दाखिल की हैं। अब केजरीवाल को गिरफ्तार कर रहे हैं और अभी भी इनके ज़रिए कुछ लोगों की पहचान करनी है? क्या यह गिरफ्तारी का वैध कारण है?

विक्रम चौधरी– सबसे पहले अदालत को ये देखना होगा कि क्या गिरफ़्तारी की ज़रूरत थी। इसके साथ ही यह भी देखना होगा कि क्या रिमांड की ज़रूरत है। इस मामले मे सुप्रीम कोर्ट ने अर्नेश कुमार और अंतिल के फैसले में दिशा–निर्देश दिए हैं।

## आतंकी हमलों से दहला रूस का दागिस्तान क्षेत्र, जानें अब तक कितने लोगों की हुई मौत

**लोक तंत्र की आवाज**




**मॉस्को।** रूस के दक्षिणी क्षेत्र दागिस्तान में इस्लामी आतंकवादियों के हमले में घायल एक पुलिस अधिकारी की मौत हो जाने के बाद, कुल मृतक संख्या बढ़कर 21 हो गई है। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। रविवार को हुए हमले में, आतंकवादियों ने एक गिरजाघर और यहूदी उपासना गृह को निशाना बनाया था। देरबेंत और उत्तर कॉकेसस के मुस्लिम बहुल क्षेत्र मखाचकला शहरों में पुलिस पर गोलीबारी भी की गई थी। आतंकी हमले के बाद रूस के लोगों में खासा गुस्सा भी देखने तो मिल रहा है।

**मार्च के बाद हुआ सबसे घातक हमला:** यह हमला, रूस में मार्च के बाद हुआ सबसे घातक हमला है। मार्च में, मॉस्को के उपनगर में बंदूकधारियों की गोलीबारी में 145 लोग मारे गए थे। मार्च में हुए हमले की जिम्मेदारी लेने वाले अफगानिस्तान के इस्लामिक स्टेट संगठन से संबद्ध समूह ने दागिस्तान हमले की सराहना की और कहा कि इसे ''कॉकेसस में भाइयों ने अंजाम दिया जो प्रदर्शित कर रहे हैं कि वो मजबूत हैं।'

**मारे गए हमलावर:** रूस की शीर्ष राजकीय आपराधिक जांच एजेंसी, इन्वेस्टिगेटिव कमेटी ने कहा कि सभी पांच हमलवार मार गिराए गए हैं। देरबेंत क्षेत्र के प्रमुख मावसुम रेगीमोव ने मंगलवार को कहा कि चोट के चलते एक पुलिस की मौत हो गई।

## हुजूर कहां है आपका सुशासन? बीती रात पत्रकार व कारोबारी मारे गए, फिर भी कहेंगे मंगलराज है

**लोक तंत्र की आवाज**



**पटना।** बिहार क्राइम से कराह रहा है. अपराधी जहां, जब, जिस समय, जिसकी हत्या करना चाह रहे, कर दे रहे. पुलिस हाथ मलते रह जा रही. हालात ऐसे हैं कि आम लोग भय में जीने को मजबूर हैं. जंगलराज–जंगलराज चिल्लाने वाले भाजपा–जेडीयू के नेता अब भी सुशासन राज का राग अलाप रहे. हकीकत यही है कि बिहार में सुशासन बाबू का इकबाल खत्म हो गया है. चहुंओर सिर्फ क्राइम और करप्शन है. बीती रात अपराधियों ने पत्रकार की हत्या कर दी. ट्रेन में गोलियां बरसाकर कारोबारी की हत्या कर दी. कई अन्य आपराधिक घटनाओं को अंजाम दिया. बिहार के दूसरे जिलों की बात छोड़ दीजिए, राजधानी पटना में जिस तरह से अपराध का ग्राफ बढ़ा है, उससे लोगों में बेचैनी बढ़ी है. सरकार से भरोसा उठते जा रहा है।

**पत्रकार की हत्या से सनसनी:** मुजफ्फरपुर में अपराधी बेलगाम हो चुके हैं. देर रात पत्रकारिता पेशे से जुड़े एक युवक की चाकू से गोद कर निर्मम हत्या कर दी गई. घटना मनियारी थाना क्षेत्र के माडीपुर गांव का है. मृतक शिव शंकर झा पत्रकारिता पेशे से जुड़े हुए थे. जिनकी अपराधियों ने देर रात गला रेतकर हत्या कर दी है.

**चलती ट्रेन में गोली मार कर हत्या:** दूसरी बड़ी घटना पटना जिले की है. बीती रात अपराधियों ने चलती ट्रेन में नीमा हॉल्ट के पास के पास कारोबारी की गोली मार कर हत्या कर दी. सूचना के मुताबिक प्रकाश सिंह पटना से इलाज करा कर मंगलवार की रात घर लौट रहे थे. तभी दो अपराधियों ने जमीन व्यवसाई प्रकाश सिंह की गोली मार हत्या कर दी. प्रकाश पर पहले भी जानलेवा हो चुका था. इस बाबत उन्होंने पहले ही पुलिस को सूचना दी थी. परिजनों का आरोप है कि पुलिस ध्यान दी होती तो ये घटना नहीं घटती. पुलिस अपराधियों की तलाश कर रही है. चलती ट्रेन में कारोबारी की हत्या से हड़कंप मचा हुआ है. प्रकाश सिंह मसौढ़ी के रहने वाले थे और वे जमीन के कारोबार से जुड़े थे।

## महाराष्ट्र में एनडीए के भीतर खटपट, एनसीपी के बड़े नेता बोले-जरूरी नहीं हम भाजपा के साथ

**लोक तंत्र की आवाज**



**मुंबई।** लोकसभा चुनाव में महाराष्ट्र में खराब प्रदर्शन करने वाले एनडीए के भीतर खटपट शुरू हो गई है. राज्य में भाजपा, शिवसेना शिंदे गुट और एनसीपी अजित पवार गुट ने मिलकर चुनाव लड़ा था. लेकिन, तीनों को केवल 17 सीटों पर जीत मिली थी. राज्य में लोकसभा की 42 सीटें हैं. दूसरी तरफ इंडिया गठबंधन ने शानदार प्रदर्शन किया था।

उसे 30 सीटों पर जीत मिली. इस खराब प्रदर्शन के बाद से एनडीए के भीतर खटपट चल रहा है. एनडीए में खराब प्रदर्शन एनसीपी अजित गुट का रहा. उसने पांच सीटों पर चुनाव लड़ा था लेकिन केवल एक सीट पर जीत मिली. भाजपा को नौ और शिवसेना शिंदे गुट को सात सीटों पर जीत मिली थी। खराब प्रदर्शन करने वाली एनसीपी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मंत्रिमंडल में भी शामिल नहीं हुई. इस बीच राज्य में अब विधानसभा चुनाव की तैयारियां शुरू हो गई हैं. लेकिन इन सबके बीच एनसीपी विधायक अमोल मिटकारी ने बड़ा बयान दिया है. उनके इस बयान पर बहस छिड़ गई है।

अमोल मिटकारी के जन्मदिन के मौके पर उनके समर्थकों ने एक कार्यक्रम का आयोजन किया था. इस इवेंट के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में अमोल मिटकारी ने कई चौंकाने वाले खुलासे किए. अमोल मिटकारी के इन बयानों से चर्चा छिड़ गई है। अमोल मिटकारी ने सनसनीखेज बयान देते हुए कहा है कि आगामी विधानसभा महागठबंधन मिलकर लड़ेगा या नहीं इस पर संशय है.

## संक्षिप्त खबरें ।

### छेड़खानी व मारपीट मामले में प्राथमिकी दर्ज

**वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन)।** वारिसलीगंज थाना क्षेत्र के वार्ड संख्या-22 पटेल नगर मुहल्ले में रविवार की देर शाम परिवार के साथ टहल रही एक महिला के साथ छेड़खानी करने के मामले में प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। दर्ज प्राथमिकी में चार युवकों को नामजद अभियुक्त बनाया गया है। दर्ज प्राथमिकी के अनुसार पटेल नगर मुहल्ला निवासी सुचित कुमार की पत्नी सरिता कुमारी रविवार की शाम मुहल्ले में टहल रही थी, तभी वार्ड संख्या-21 बलवापर गांव निवासी बालो राउत का पुत्र राजा कुमार, किरण कुमार का पुत्र सूरज कुमार तथा स्व भोला राउत का पुत्र कमलेश कुमार व अंशु कुमार महिला से छेड़छाड़ करने लगा। शोर मचाने पर जब महिला के पति सुचित कुमार वहां पहुंचे तब उक्त चारों युवक उनके साथ मारपीट करते हुए उनके गले में रहे 3 भर तथा उसकी पत्नी के गले से 3 भर सोने की चेन छीनकर फरार हो गया। थानाध्यक्ष रूपेश कुमार सिन्हा ने कहा कि प्राथमिकी दर्ज कर अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है।

### कौआकोल : जलवायु अनुकूल कृषि विषयक पांच दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारंभ

**रौशन कुमार सोनू**

**कौआकोल( नवादा )।** प्रखंड के जेपी आश्रम परिसर अवस्थित केवीके प्रशिक्षण केंद्र में बुधवार को कृषि विज्ञान केंद्र,ग्राम निर्माण मंडल सर्वोदय आश्रम सोखोदेवरा,नवादा के बैनर तले अनुसूचित जाति उप-योजना के अंतर्गत जलवायु अनुकूल कृषि विषय पर पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। जिसका उद्घाटन केवीके के प्रभारी वरीय वैज्ञानिक सह प्रधान डॉ० जयवंत कुमार सिंह,कोर्स संचालक रविकांत चौबे,डॉ० शशांक शेखर सिंह एवं रौशन कुमार द्वारा संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्वलित कर किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में नवादा जिला के विभिन्न प्रखंडों से 30 किसान शामिल हुए। केवीके के वैज्ञानिकों ने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान किसानों को जलवायु के अनुकूल खेती करने के तौर-तरीकों के साथ इससे होने वाले लाभ के बारे में जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी। कृषि वैज्ञानिकों ने कहा कि यदि किसान जलवायु के अनुकूल खेती करते हैं तो प्रकृति के द्वारा भी किसानों को कृषि में मदद किया जाता है। जलवायु के अनुकूल खेती करने से जहां एक तरफ किसानों को खेती में कम लागत आएगी,वहीं दूसरी तरफ पैदावार भी बढ़ेगा।

### नवादा में तालाब में डूबने से व्यक्ति की मौत, नहाने के क्रम में हुआ हादसा



**सुनील कुमार**

**नवादा ।** नवादा में एक व्यक्ति की मौत तालाब में डूबने से हो गया। यह हादसा तब हुआ ,जब व्यक्ति नहाने के लिए तालाब में गया था। बताया गया कि गहरे पानी में चले जाने के कारण डूबकर उनकी मौत हो गयी। पुलिस ने शव क़ो कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नवादा सदर अस्पताल भेजा है। यह घटना नवादा जिले के कौआकोल थाना क्षेत्र के हेठली मंझिला गांव में हुआ है ,जहां तालाब में डूबने से एक बुजुर्ग व्यक्ति की मौत हो गई। मौत के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक की पहचान हेठली मंझिला गांव निवासी स्व. लखन मांझी का 60 वर्षीय पुत्र सरयुग मांझी के रूप में किया गया है। बताया जा रहा है कि सरयुग मांझी तालाब में स्नान करने के लिए गए थे, तभी वे नहाने के दौरान गहरे पानी में चला गए। वहां आसपास कोई नहीं था ,जो उन्हें डूबने से बचा सके. ज्यादा गहरा पानी रहने के कारण उनकी मौत हो गई। फिलहाल कौआकोल थाने की पुलिस शव को अपनी कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। घटना के बाद परिवारजनों में मातम छाया है।

### वर्षों से फरार वारंटी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन)।** वारिसलीगंज थाना पुलिस ने वर्षों से फरार वारंटी को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार वारंटी थाना क्षेत्र के सिमरी डीह गांव निवासी नरेश सिंह का पुत्र विनोद सिंह के विरुद्ध न्यायालय से निर्गत वारंट के आधार पर किया गया है। थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर रूपेश कुमार सिन्हा ने कहा कि निर्गत वारंट के आलोक में गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

# नवादा में ई -रिक्शा पलटने से युवक की मौत, परिजनों में छाया मातम

लोक तंत्र की आवाज़

**सुनील कुमार**

**नवादा ।** नवादा में ई -रिक्शा पर सवार होकर अपने गांव से बाजार जा रहे युवक की ई -रिक्शा पलट जाने से दबकर मौत हो गया। मौत के खबर ने परिजनों में कोहराम मचा दिया .सूचना पाकर मौके पर पहुंचे परिजनों का रो -रोकर बुरा हाल है। पुलिस शव क़ो कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नवादा सदर अस्पताल भेज दिया है।

बता दें कि यह घटना नवादा जिले के मेसकौर थाना क्षेत्र के धोबनी गांव के समीप हुई है ,जहां ई-रिक्शा पलटने से एक युवक की मौत हो गई। मौत के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक की पहचान बिसिआईत ग्राम निवासी नंदलाल महतो का पुत्र धर्मेंद्र प्रसाद के रूप में किया गया है।

**घर से ई -रिक्शा पर सवार होकर बाजार जा रहा मृतक :** बताया जा रहा है कि मृतक युवक ई-रिक्शा पर सवार होकर अपने गांव बिसिआईत से मेसकौर की ओर जा रहा था, तभी ई-रिक्शा अनियंत्रित होकर धोबनी गांव के समीप पलट गई, जिससे ई -रिक्शा से दबकर उसकी मौत हो गई। फिलहाल पुलिस शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। दुर्घटना के बाद परिजनों का रो -रोकर बुरा हाल है।

मौत के खबर ने परिजनों में कोहराम मचा दिया





## बीडीओ के पहल ने लाया रंग दो अनाथ बच्चे मुख्यमंत्री परवरिश योजना से लाभान्वित

लोकतंत्र की आवाज

**राजेश कुमार सिन्हा**

**रजौली।** प्रखंड के सुदूरवर्ती जंगली क्षेत्र के पंचायत सवैयाटांड़ में बीते जनवरी माह में हुए जनसंवाद का असर देखने को मिला है।जनसंवाद के दौरान तीन अनाथ बच्चों की मिली जानकारी के बाद बीडीओ अनिल मिस्त्री की पहल पर दो अनाथ बच्चे 13 वर्षीया पूजा कुमारी और 11 वर्षीय रूपलाल कुमार को मुख्यमंत्री परवरिश योजना का लाभ मिला है।अब मुख्यमंत्री परवरिश योजना के तहत दोनों अनाथ बच्चों को उनके 18 वर्ष पूरे होने तक पूजा और रूपलाल को 1200 प्रति माह मिलेंगे।जनसंवाद के दौरान बीडीओ अनिल मिस्त्री और बीपीआरओ राजन कुमार को तीन अनाथ बच्चों की जानकारी मिली। जानकारी मिली कि 19 वर्षीया चंचल कुमारी, 13 वर्षीया पूजा कुमारी तथा 11 वर्षीय रूपलाल कुमार के पिता मनोज राजवंशी की 19 दिसंबर, 2017 को मृत्यु हो गयी थी और उसके लगभग 7 वर्ष पहले उनकी माता रीता देवी की 12 जून, 2010 को मृत्यु हो गयी थी।तीनों अनाथ बच्चों को मुख्यमंत्री परवरिश योजना की कोई जानकारी नहीं थी।न तो उनके पोषक क्षेत्र की आंगनबाड़ी सेविका और न ही किसी जनप्रतिनिधियों ने इन अनाथ बच्चों को बिहार सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के बारे में कोई जानकारी दी।जनसंवाद के दौरान जानकारी मिलने पर बीडीओ अनिल मिस्त्री व बीपीआरओ ने सबसे पहले तीनों अनाथ बच्चों के माता-पिता का मृत्यु प्रमाणपत्र बनवाया और उसके बाद तीनों अनाथ बच्चों में से एक चंचल कुमारी की उम्र 19 वर्ष होने के कारण उन्हें मुख्यमंत्री परवरिश योजना से लाभ नहीं मिल सकता था, इसलिए बीडीओ ने दो अनाथ बच्चों 13 वर्षीया पूजा कुमारी और 11 वर्षीय रूपलाल कुमार का विधिवत फॉर्म भरकर समाज कल्याण विभाग में स्वीकृति के लिए भेजा है। विभाग से दोनों बच्चों को 18 वर्ष की उम्र तक 1200 प्रति माह देने की स्वीकृति मिली, जिसके बाद अब दोनों अनाथ बच्चों को 1200 प्रतिमाह 18 वर्ष की उम्र पूरा होने तक मिलेंगे।इतना ही नहीं, बीडीओ ने दोनों अनाथ बच्चों पूजा और रूपलाल के शिक्षा के लिए भी प्रबंध किया और पूजा का कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय आवासीय विद्यालय में छठे क्लास में नामांकन कराया।वहीं रूपलाल जो माता-पिता के मरने के बाद अभी दिल्ली में रहकर एक चूड़ी फैक्ट्री में चूड़ी बनाने का काम करता है,उसे दिल्ली से बुलवाकर पढ़ाई करने के लिए हरदिया में संचालित डॉ सुभाष चंद्र बोस बालक आवासीय विद्यालय में नामांकन कराया जायेगा। बीडीओ अनिल मिस्त्री ने कहा कि बिहार सरकार की बहुत सारी जनकल्याणकारी योजनाएं हैं, जिसकी जानकारी आम लोगों को नहीं है।लोग जानकारी प्राप्त कर योजनाओं से लाभान्वित हो सकते हैं।बीडीओ ने सभी जनप्रतिनिधियों से अपील करते हुए कहा कि अपने-अपने क्षेत्र में अनाथ बच्चों को चिह्नित कर उसकी सूची प्रखंड कार्यालय को उपलब्ध कराएं,ताकि वैसे अनाथ बच्चों को मुख्यमंत्री परवरिश योजना के तहत लाभ दिलाया जा सके।

## नवादा में पूजा कर घर लौट रही महिला क़ो अनियंत्रित ट्रैक्टर ने रौंदा, इलाज के दौरान हुई मौत

लोक तंत्र की आवाज़



**सुनील कुमार**

**नवादा ।** नवादा के एक मंदिर में पूजा कर घर पैदल लौट रही महिला क़ो अनियंत्रित तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने रौंद दिया। जिसके बाद महिला बुरी तरह से जख्मी हो गयी। स्थानीय लोगों के सहयोग से जख्मी महिला क़ो इलाज के लिए नवादा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया ,जहां इलाज के क्रम में महिला की मौत हो गयी। घटना के बाद परिवारजनों में कोहराम मच गया। यह घटना जिले के वारिसलीगंज थानाक्षेत्र के सिमरी डीह गांव के पास हुआ है। मृतक महिला की पहचान सिमरी गांव निवासी विष्णु मांझी की पत्नी रिंकू देवी के रूप में किया गया है। महिला सिमरी गांव से पूजा कर अपने घर पैदल लौट रही थी तभी विपरीत दिशा से आ रहे तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने उसे रौंद दिया। दुर्घटना के बाद ट्रैक्टर चालक गाड़ी लेकर फरार हो गया .दुर्घटना में महिला बुरी तरह जख्मी हो गयी । परिवारजन उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया ,जहां इलाज के क्रम में उनकी मौत हो गयी । मौत की खबर सुनते हीं परिवारजनों में कोहराम मच गया सभी की चीत्कार से माहौल गमगीन हो गया। मृतक के पुत्र चिंटू कुमार ने बताया कि उनकी मां वारिसलीगंज के सिमरी गांव से पूजा कर रही थी, तभी अनियंत्रित ट्रैक्टर ने उसे रौंदते हुए भाग निकला ।घटना की सूचना पुलिस क़ो दी गयी । पुलिस ने कहा शव क़ो पोस्टमार्टम कराकर परिजनों क़ो सौंप दिया जाएगा एवं परिजनों द्वारा दिए आवेदन के आधार पर अग्रेतर कार्रवाई की जाएगी।

## नगर को अतिक्रमण मुक्त बनाने को लेकर एसडीएम के नेतृत्व में स्थानीय अधिकारियों एवं आमजनों की हुई बैठक

लोक तंत्र की आवाज़



**वारिसलीगंज (नवादा)।** प्रति दिन जाम के झाम से त्रस्त वारिसलीगंज नगर परिषद को मुख्य सड़क को जाम मुक्त तथा नगर को अतिक्रमण मुक्त बनाने को लेकर एसडीएम अखिलेश प्रसाद के नेतृत्व में स्थानीय अधिकारियों एवं आमजनों की बैठक मंगलवार को ई किसान भवन के सभागार में आयोजित हुई। मौके पर कई मुखिया, पंसस, पत्रकार एवं आम जन उपस्थित होकर अपना मन्तव्य एवं सुझाव दिए। अपसद मुखिया राज कुमार सिंह तथा विधायक प्रतिनिधि शैलेन्द्र सिंह ने संयुक्त रूप से कहा कि बाजार को जाम से मुक्ति के लिए सबसे पहले सड़क अतिक्रमण हटाने की आवश्यकता है। नगर के थाना चौक से जयप्रकाश चौक एवं सब्जी मंडी तक के फुटपाथों को अतिक्रमण हटाने तथा अवैध सोढ़ी आदि को सख्तीपूर्वक तोड़ने पर ही शहर साफ एवं जाम मुक्त होगा। उन्होंने कहा कि नगर में सरकारी जमीन चिन्हित कर वहां बस पड़ाव तथा टोटो रिक्शा का स्थायी ठहराव निश्चित किया जाय।इसके लिए नगर के मुख्य पथ किनारे दो स्थानों को चिन्हित करते हुए वाहन पड़ाव बनाने की मांग प्रशासन के समक्ष रखा। बाद में बस मालिक विनय सिंह, शिक्षविद डा. गोविंद जो तिवारी, मुखिया अभिनव आनंद, महेश यादव, नप उपाध्यक्ष अरुण प्रसाद, अजित यादव, मुखिया मृत्युंजय प्रसाद, पपु चौधरी ने भी नगर की मुख्य सड़क को नापी करवाकर बिना भेदभाव के अतिक्रमण हटाने तथा वाहन पड़ाव एवं सब्जी मंडी को अन्यत्र शिफ्ट करने का विचार दिया। सभी ने सड़कों पर मौत बनकर दौड़ती अनियंत्रित बालू लोड ट्रैक्टरों को नियंत्रित करने, नए रैंक प्वाइंट से माल ढुलाई के लिए रास्ते के रूप में बिजली कार्यालय एवं पीडब्लूडी डाक बंगला के बीच से रास्ता उपलब्ध कराने का सुझाव अधिकारियों के समक्ष रखा। मौके पर दोसुत पंचायत के कुछ लोगों ने नहर के पानी को लाने में एक गांव द्वारा अवरोध उत्पन्न करने की रखी गई।एसडीएम ने कहा कि सबसे पहले नगर में वन वे ट्रैफिक सिस्टम लागू कर अतिक्रमण हटाने का कार्य किया जाएगा। ततपश्चात नगर क्षेत्र में चिन्हित सरकारी भूमि से संबंधित लेखा जोखा सीओ द्वारा उपलब्ध करवाने के बाद बस पड़ाव एवं टोटो रिक्शा तथा सब्जी मंडी को अन्यत्र शिफ्ट करवाने के निर्णय पर कार्य करने का आश्वासन दिया। बैठक में बीडीओ डा. पंकज कुमार, सीओ नगर कार्यपालक समीर कुमार चौधरी, अपर थानाध्यक्ष सुभाष कुमार, नहर विभाग के सहायक अभियंता मृत्युंजय प्रसाद सिंह, नप के कनीय अभियंता अरुण कुमार, राजेन्द्र पंडित, पत्रकारगण एवं सुरेंद्र यादव, वार्ड पार्षद 23 राम पदारथ सिंह, रूपेश कुमार समेत अन्य लोगों ने अपने विचार रखे।

## मुजफ्फरपुर के पत्रकार शिव शंकर झा की निर्मम हत्या, आईरा ने विरोध जताते हुए किया घोर निन्दा

लोक तंत्र की आवाज़



**सुनील कुमार**

**नवादा ।** बीती रात मुजफ्फरपुर के पत्रकार शिव शंकर झा की असामाजिक तत्वों ने गर्दन पर चाकू से गोदकर बड़ी ही निर्माता से हत्या कर दी है। इस घटना से बिहार के पत्रकारों में अत्यधिक रोष है । इसी क्रम में आईरा इंटरनेशनल रिपोर्टर्स एसोसिएशन बिहार यूनिट की सुबह से ही सक्रियता की वजह से घटना से सम्बंधित 2 व्यक्तियों की गिरफ्तारी स्थानीय पुलिस द्वारा कर ली गयी है।वहीं पुलिस प्रशासन मुस्तैदी से मामले की उद्भेदन में लगी है। इस घटना का निंदा करते हुए नवादा आईरा महापरिवार के जिलाध्यक्ष सुनील कुमार ने कहा कि मीडिया लोकतंत्र का चौथा स्तम्भ है और लगातार पत्रकारों पर हमला हो रहा है।इसे लोकतंत्र पर हमला मानी जानी चाहिए। नवादा जिले के आईरा से जुड़े पत्रकारों ने खेद व्यक्त किया है। वहीं आईरा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ .सुमन मिश्रा ने कहा कि मैंने बिहार पुलिस और बिहार गृह विभाग को ट्वीट किया था। बिहार पुलिस ने मुझे कोट करते हुए रिप्लाई किया है। जिसमे दो व्यक्ति की गिरफ्तारी की बात है, किंतु निश्चित रूप से यह नाकाफी है।अब पत्रकार सुरक्षा कानून तुरंत लागू होनी चाहिए। इसी क्रम में आईरा के प्रदेश महासचिव नीरव समदर्शी ने कहा कि पत्रकारिता अबतक के सबसे बुरी दौड़ से गुजर रही है। पत्रकार एक तरफ माफियों के गन पॉइंट पर है तो दूसरी ओर नौकरशाहों द्वारा अक्सर झूठे केशो में फंसाए जाते रहते है। अब हम पत्रकारों को दिनकर की पंक्ति को व्यवहार में लाना होगा। ''याचना नही अब रण होगा ,जीवन जय इसकी मरण होगा।'' मगध प्रमंडल अध्यक्ष डॉ .पंकज कुमार सिंहा ने कहा पत्रकारों की स्वतंत्रता ,निष्पक्षता और निर्भीकता क़ो अपराधी खत्म करना चाह रही है, जिसपर प्रसाशन क़ो ध्यान देते हुए वैसे अपराधियों पर लगाम लगाना होगा। लगातार पत्रकारों पर हो रहे हमले से लोकतंत्र का खतरा बढ़ता जा रहा है। उन्होंने घटना की निंदा करते हुए मृतक के आश्रित क़ो नौकरी और 25 लाख मुआवजे की मांग किया है। पत्रकार की निर्मम हत्या का निंदा करते हुए आईरा के मगध प्रमंडल अध्यक्ष डॉ .पंकज कुमार सिंहा ,उपाध्यक्ष यशवंत सिंहा ,नवादा जिला अध्यक्ष सुनील कुमार, उपाध्यक्ष सन्नी भगत ,सनोज कुमार संगम ,महामंत्री विजय कुमार ,महासचिव अनंत कुमार ,कोषाध्यक्ष राजेश कुमार ,कार्यालय सचिव अनिल शर्मा, अमृत बाबू ,नवादा प्रखंड अध्यक्ष गुड्डू सिंह ,हिसुआ प्रखंड अध्यक्ष संजय वर्मा ,रजौली प्रखंड अध्यक्ष राकेश राजवंशी ,रजौली अनुमंडल अध्यक्ष उपेंद्र कुमार ,नवादा अनुमंडल अध्यक्ष प्रभात दयाल ,कृष्ण कुमार चंचल ,चंदन कुमार ,राकेश कुमार चंदन ,अरविंद कुमार ,विवेक कुमार ने दुःख प्रकट किया है।

## बारिश नहीं होने पर किसानों में मायूसी ,खेतों में उड़ रही धूल

लोकतंत्र की आवाज



**राजेश कुमार सिन्हा**

**रजौली।** आद्रा नक्षत्र के चार दिन बीत जाने के बाद भी रजौली प्रखण्ड क्षेत्र में बारिश नहीं होने से किसानों में मायूसी है।जून माह की अगर बात करें तो महीना समाप्त होने को है। लेकिन बारिश नहीं होने से किसानों के चेहरे पर मायूसी दिख रही है। बारिश नहीं होने के कारण किसान बिचड़ा भी नहीं लगा पा रहे हैं। कुछ क्षेत्रों में किसान की ओर से धान का बिचड़ा लगाया भी गया है तो बारिश नहीं होने के वजह से उसे बचा पाने में कठिनाई हो रही है। वहीं अधिकांश खेतों में लगा बिचड़ा सूख रहा है। संपन्न किसान काफी दूर से नदी व तालाब के अलावे नलकूपों से पानी का पटवन कर बिचड़ा को बचाने में लगे हैं।जबकि अधिकांश किसान बारिश होने का इंतजार कर रहे हैं।बीते तीन वर्षों से मौसम के बदले मिजाज से किसान सुखाड़ में जी रहे हैं।किसान बभनटोली निवासी रंजीत कुमार सिंह ने बताया कि अबकी बार रोहिणी व मृगशिरा नक्षत्र में भी बारिश की उम्मीद नहीं दिख रही है। ऐसे दोनों नक्षत्र में अब तक बारिश की एक बूंद भी नहीं गिरा।रविवार, सोमवार और मंगलवार की सुबह से चिलचिलाती धूप देखकर एक बार फिर किसान काफी मायूस हैं।अभी भी खेतों में नमी नहीं है। उक्त कारण खेत की जुताई नहीं हो पा रही है।उससे किसान धान का नर्सरी भी नहीं कर सके हैं। बारिश नहीं होने से धान के बिचड़ा की बुवाई प्रभावित हुई है। इन दिनों पड़ रही भीषण गर्मी से खेत की नमी खत्म हो चुकी हैं। तापमान अधिक रहने से भी किसान पटवन कर धान का नर्सरी करने से भी डर रहे हैं। तपती धूप और मौसम की बेरुखी के कारण खरीफ फसला की खेती प्रभावित होने की संभावना जताई जा रही है। इससे किसानों की चिंता बढ़ गई है।वहीं हरदिया के किसान सुंदर प्रसाद ने बताया कि की आद्रा नक्षत्र किसान पांच दिन मानते हैं। उसके बाद खेतों की जुताई करते हैं।क्षेत्र में हल्की बारिश हुई है लेकिन उससे जुताई नहीं हो सकती।किसान फूलचंद यादव ने बताया कि खेतों में धूल उड़ रही है।लोगों को पीने के पानी नहीं मिल रहा है।ऐसे में नर्सरी करना मुश्किल है।किसानों को आशा थी कि आद्रा नक्षत्र उन्हें निराश नहीं करेगा।आद्रा नक्षत्र के चार दिन बीत जाने के बाद भी बारिश नहीं हुई।अब किसान आसमान की ओर निहार रहे हैं।

## पितृपक्ष मेले में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए अभी से ही तैयार करें योजनाएं : पंडा समाज, डीएम को सौपां मांग पत्र

लोकतंत्र की आवाज



**गया।** मोक्ष धाम गया जी में आगामी 17 सितंबर से 2 अक्टूबर 2024 तक पितृपक्ष मेला चलेगा। पितृपक्ष मेले में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए श्री विष्णुपद प्रबंधकारिणी समिति के के पदाधिकारी एवं सदस्य डीएम डॉ त्यागराजन एसएम एवं नगर आयुक्त अभिलाषा शर्मा को एक 11 सूत्री मांग पत्र सौंपा है ।जिसमें देश-विदेश के कोने-कोने से लाखों की संख्या में हिंदू तीर्थयात्री अपने पूर्वजों के निमित्त पिंडदान करने गया जी आएंगे।समिति के अध्यक्ष शंभू लाल विट्ठल एवं पूर्व सदस्य महेश लाल गुप्त ने जिला पदाधिकारी को पितृपक्ष शुरू होने से दो महा पूर्व से ही कार्य योजना तैयार करने का अनुरोध किया है ।ताकि ससमय सभी तैयारी बेहतर तरीके से संपन्न हो सके। संपूर्ण मेला क्षेत्र में आवागमन को सुविधाजनक बनाने के लिए यातायात नियंत्रण की व्यवस्था। पिंडदानियों को धूप और बारिश से बचाव के लिए देवघाट पर स्थाई रूप से शेड की व्यवस्था। संपूर्ण मेला क्षेत्र के मुख्य सड़कों पर से अतिक्रमण हटाया जाए। गया रेलवे जंक्शन पर निर्माणधीन प्लेटफॉर्म पर तीर्थयात्रियों के आवागमन की बेहतर सुविधा हो। सड़क मार्ग से आने वाले तीर्थ यात्रियों के वाहन पड़ाव के लिए पार्किंग की बेहतर व्यवस्था हो। मेला क्षेत्र में निर्वाध रूप से बिजली की आपूर्ति के लिए जर्जर बिजली के तारों का मरम्मत एवं अधिक क्षमता वाले ट्रांसफार्मर लगाया जाए। तीर्थ यात्रियों को आवासन स्थल पर शुद्ध पेयजल की आपूर्ति हो। मेला क्षेत्र के सभी पिंडवेदियो एवं तालाबों की बेहतर साफ सफाई की सुविधा। गदालोल तालाव की घेराबंदी कर सौंदर्यीकरण किया जाए। बुडको द्वारा पाइप बिछाने को लेकर काटे गए सड़कों की शीघ्र मरम्मत की जाए। रामशिला- प्रेतशिला मुख्य मार्ग (चंद्रशेखर जनता कॉलेज- गंगा महल) पथ का निर्माण किया जायें। मौके पर समिति के अध्यक्ष शंभू लाल विट्ठल, महेश लाल गुप्त, कोषाध्यक्ष सुनील लाल हल,बच्चू भाई चौधरी एवं मणिलाल बारीक शामिल थे।

## अवैध बालू खनन एवं रंगदारी को लेकर दो पक्षों ने थाने को दिया आवेदन, पुलिस कर रही जांच

लोकतंत्र की आवाज

**राजेश कुमार सिन्हा**

**रजौली।** थाना क्षेत्र के अनुमण्डल कार्यालय के समीप एक बगीचे में अवैध बालू खनन को लेकर डाकधारी एवं स्थानीय लोगों में नोकझोंक का वीडियो सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्म व्हाट्सएप व फेसबुक आदि पर धड़ल्ले से वायरल हो रहा है।वायरल वीडियो में स्थानीय साधु यादव एवं नालंदा जिले के मानपुर थाना क्षेत्र के तेतरामा के रविंद्र प्रसाद से बालू लदे ट्रैक्टरों की कागजात किस हैसियत से देखने की बात कही जा रही है। साथ ही वीडियो में आठ-दस गाड़ियों पर दर्जनों लोग सवार होकर गांव-गांव घूमने पर भी सवाल उठाया जा रहा है।वायरल वीडियो के सत्यता की पुष्टि हमारा अखबार नहीं करता है। वहीं सिरदला थाना क्षेत्र के इगुना मोड़ निवासी प्रयाग प्रसाद के बेटे सुबोध कुमार ने रजौली थाने को लिखित आवेदन देकर बताया कि बीते मंगलवार के दोपहर 12 बजे वे अपने ट्रैक्टर से गोबर एवं कचरा फेंकने गये थे।इसी बीच दस गाड़ियों के साथ उपरटंडा निवासी सरण यादव के बेटे विजय यादव,विजय यादव के बेटे विपिन राज, नालंदा जिले के तेतरामा गांव निवासी रविंद्र यादव,सिरदला थाना क्षेत्र के भलुआ गांव निवासी रामजी प्रसाद के बेटे प्रदीप यादव एवं रजौली के भड़रा गांव निवासी गोविंद यादव के बेटे साधु यादव अपने साथ लगभग 30 लोगों के साथ हरवे हथियार के साथ ट्रैक्टर को चारों तरफ से घेर लिया और मारपीट करने लगे।साथ ही मुझे जबरन पकड़कर बांके मोड़ स्थित बगीचे में बंधक बनाकर लेकर चले गए। पीड़ित युवक द्वारा गिड़गिड़ाने पर वे लोग 50 हजार रुपये दिए जाने के बाद छोड़ने की बात कही, अन्यथा केस में फंसाने की धमकी भी दी।जिसके बाद एक सम्बन्धी द्वारा 10000 रुपये फोन पे द्वारा ट्रांसफर किया गया एवं 40000 रुपये नदगी लिया।वहीं नालंदा के रविंद्र प्रसाद ने थाने को लिखित आवेदन देकर चौथा गांव निवासी स्व केदार यादव के बेटे गौतम कुमार उर्फ साधु यादव, पप्पू यादव व सोनू यादव के साथ रहे 20 अन्य लोगों पर अवैध बालू खनन कर निर्माणाधीन रेलवे ठेकेदारों को बालू बेचने का आरोप लगाया है।साथ ही इसमें स्थानीय प्रशासन के मिली भगत होने की बात कही है। थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने कहा कि दोनों पक्षों की ओर से लिखित आवेदन प्राप्त हुआ है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।जांचोपरांत उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## संक्षिप्त खबरें ।

### बहुत जल्दी जाएगी अल्ट्रासाउंड की मशीन

रत्ना

**लखनऊ।** यूपी में 12 उल्ठ को जल्द दी जाएंगी अल्ट्रासाउंड मशीनें, स्वास्थ्य विभाग ने जारी की 1.19 करोड़ रुपए की धनराशि उत्तर प्रदेश में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के उद्देश्य से 12 सीएचसी को अल्ट्रासाउंड मशीनें जल्द दी जाएंगी। प्रत्येक सीएचसी पर एक–एक अल्ट्रासाउंड मशीन खरीदी जाएगी। प्रत्येक मशीन की कीमत 9.99 लाख रुपये होगी। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से कुल 1.19 करोड़ रुपये की धनराशि जारी की गई है। प्रदेश भर में 150 सीएचसी को डेंटल चेयर उपलब्ध कराई जाएंगी। प्रत्येक सीएचसी पर एक–एक अल्ट्रासाउंड मशीन खरीदी जाएगी। प्रत्येक मशीन की कीमत 9.99 लाख रुपये होगी। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से कुल 1.19 करोड़ रुपये की धनराशि जारी की गई है। वहीं अब लोगों को खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में घर के नजदीकी अस्पताल में ही दांत के उपचार की भी बेहतर सुविधा दी जाएगी।

### आज मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय नशा निषेध दिवस




विनय

**बाराबंकी।** 26 जून को हर साल दुनियाभर में अंतर्राष्ट्रीय दिवस नशा निषेध (इंटरनेशनल डे अगेन्स्ट ड्र्ग अब्यूस एंड इलिसिट ट्रैफिकिंग) के रूप में मनाया जाता है. संयुक्त राष्ट्र के सहयोग से इस इस दिवस की स्थापना वर्ष 1987 में हुई थी. लोगों को नशे से मुक्त कराने और उन्हें जागरुक करने के उद्देश्य से यह दिवस मनाया जाता है. नशीली दवाओं या पदार्थों का सेवन करने वालों की संख्या दिन प्रतिदिन बढ़ते देख संयुक्त राष्ट्र ने 7 दिसंबर 1987 को अंतरराष्ट्रीय नशा निषेध दिवस मनाने की घोषणा की थी. इस दिवस के माध्यम से लोगों को नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध व्यापार के प्रति जागरुक किया जाता है. को सिटी इंटर कॉलेज बाराबंकी के प्रांगण में डॉ शिव चरण गौतम जो सिटी इंटर कॉलेज के प्रिंसिपल ने आज अंतरराष्ट्रीय मादक उन्मूलन दिवस मनाया गया जिसमें लोगों को जागरूक किया गया कि आप स्वयं और दूसरों को और अपने घर परिवार में नशा करने से रोकेंगे मना करेंगे . मोहल्ले और गांव में नशा नहीं करने देंगे. तथा मादक पदार्थों की तस्करी नहीं होने देंगे. और हम सभी लोग मिलकर आज संकल्प करेंगे कि मादक पदार्थों का ना तो हम सेवन करेंगे ना तो दूसरों को सेवन करने देंगे तथा मादक पदार्थों की तस्करी करने वालों पर रोक लगाएंगे।

### पुलिस ने मां-बाप से मिलाया बोलने में असमर्थ बच्चा मेले में गुम हुआ मां को देख लगा गले



रिपोर्ट वकार अहमद

**चांदपुर।** बछरायूं निवासी आस मोहम्मद अपने परिवार के साथ सोमवार की रात्रि चांदपुर मे दुबई सिटी कर्निवल महोत्सव मेला देखने आया था। अचानक छोटा बेटा फरहान पुत्र आस मोहम्मद नुमाइश की भीड़ में गुम हो गया, परिजनों ने काफी तलाश किया लेकिन वह नहीं मिला नुमाइश मैदान में बच्चा रोता हुआ नुमाइश में मौजूद पुलिसकर्मियों को मिला, पुलिस कर्मी और ठेकेदारो ने बच्चे से जानकारी प्राप्त करनी चाहिए। लेकिन परिवार से बिछड़ कर बच्चा घबराया हुआ था कुछ भी बता नहीं पाया, पुलिस ने नुमाइश में बच्चे का ऐलान लगवाया।बच्चा रोते–रोते चुपने का नाम नहीं ले रहा था। पुलिस कर्मी और ठेकेदारों ने घंटों बच्चे को गोद में लेकर खिला रहे थे और लगातार बच्चे को चुपाने का प्रयास कर रहे थे। उधर बच्चे के मां–बाप भी बच्चे को ढूंढ रहे थे नुमाइश में बार–बार कराए गए ऐलान की आवाज सुन परिजन पुलिस सहायता केंद्र पर पहुंचे। जहां पर मौजूद पुलिस कर्मियों ने बच्चे के पिता का आध गार कार्ड लेकर मां बाप को सौंप दिया बच्चे के परिजनों ने मेले में मौजूद पुलिस कर्मियों के इस सराहनीय कार्य की प्रशंसा की। वहीं मौजूद सिपाही ने बताया कि लापता बच्चे के परिजनों से पूछताछ की गई। उसके बाद बच्चे के पिता से आधार कार्ड लेकर बच्चा उन्हें सौंप दिया गया।

# जिलाधिकारी द्वारा की गई बेसिक शिक्षा-जिला टास्क फोर्स की समीक्षा

**बेसिक शिक्षा अधिकारी को समीक्षा कर विद्यालयवार रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश**



लोकतंत्र की आवाज़

घनश्याम तिवारी

**बलिया।** जिलाधिकारी रवींद्र कुमार की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में बेसिक शिक्षा-जिला टास्क फ़ोर्स बैठक की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में अतिरिक्त कक्षा-कक्ष निर्माण प्रोग्रेस रिपोर्ट, बीआरसी की मरम्मत, पीएम श्री के तहत विद्यालयों के निर्माण की प्रगति रिपोर्ट, डीबीटी की फ्रेश पेंडेंसी और वेरीफिकेशन-2024, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय के विभिन्न पैरामीटर पर सेचुरेशन और ऑपरेशन कायाकल्प में 19 पैरामीटर पर स्कूलों में इंफ्रास्ट्रक्चर आदि की समीक्षा की गई। बेसिक शिक्षा अधिकारी ने बताया कि रसोइयों के फरवरी माह के मानदेय का भुगतान हो चुका है और जून 2024 तक खाद्यान्न का उठान भी हो गया है। जिलाधिकारी ने सत्र 2024-25 में शिक्षा के अधिकार के तहत निजी स्कूलों में गरीब बच्चों के होने वाले एडमिशन के संबंध में आने वाली शिकायतों/समस्याओं को निस्तारित कराने हेतु सभी खंड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया। शिक्षा के अधिकार के तहत गरीब बच्चों के एडमिशन के संबंध में जिलाधिकारी ने बेसिक शिक्षा अधिकारी को समीक्षा कर विद्यालयवार रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। उन्होंने स्कूलों के निरीक्षण में जिला टास्क फोर्स और ब्लॉक टास्क फोर्स के अंतर्गत आने वाले अधिकारियों को निर्धारित निरीक्षण के लक्ष्य को हर हाल में पूरा करने का निर्देश दिया। अतिरिक्त कक्षा-कक्ष निर्माण प्रोग्रेस रिपोर्ट की समीक्षा के दौरान उन्होंने जिन स्कूलों के एबीएसए और अध्यापक की वजह से पैसा वापस गया है उन सभी पर कार्रवाई करते हुए शासन में रिपोर्ट भेजने का निर्देश बीएसए को दिया। जिलाधिकारी ने स्कूलों में डीबीटी पेंडेंसी एनालिटिक्स में बच्चों के आधार वेरीफिकेशन की लंबित मामलें को निस्तारित करने एवं एआरपी की उपलब्धता और शिक्षण सामग्री मुहैया कराने में प्रगति लाकर जनपद की रैंकिंग में सुधार करने के निर्देश दिए।जिलाधिकारी ने कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय के 31 बिंदुओं के सापेक्ष कम सेचुरेशन वाले ब्लॉकों को प्रगति लाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि शिक्षा महानिदेशक, उत्तर प्रदेश के द्वारा 25 से 30 जून के बीच स्कूलों में विभिन्न कार्रवाइयों के संबंध में विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किया गया है, जिसका जनपद में शिक्षा विभाग द्वारा कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराना है। उन्होंने 28 जून को खुलने वाले स्कूलों में प्रत्येक अध्यापक की उपस्थिति के लिए सहायक बेसिक शिक्षा अधिकारियों को फील्ड में रहने और जांच करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने कहा कि निपुण भारत मिशन में जितने भी पैरामीटर हैं उनमें से सबसे कम प्रदर्शन करने वाले खंड शिक्षा अधिकारियों की सूची बनाई जाए कि वे किन-किन पैरामीटर में पीछे हैं, तभी स्पष्ट जिम्मेदारी तय हो सकेगी। इस बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ओजस्वी राज,बेसिक शिक्षा अधिकारी मनीष सिंह सहित शिक्षा विभाग के अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## 29 जून को व्यापारी कल्याण दिवस मनाये जाने को लेकर जिलाधिकारी ने की बैठक



लोकतंत्र की आवाज़

घनश्याम तिवारी

**बलिया।** जिलाधिकारी रवींद्र कुमार की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में दानवीर भामाशाह की जयंती को व्यापारी कल्याण दिवस के रूप में मनाये जाने को लेकर बैठक की गई। शासन के निर्देशानुसार यह 29 जून को मनाया जाएगा। यह कार्यक्रम कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित किया जाएगा। जिलाधिकारी ने द्वारा इस अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कराने के लिए नोडल अधिकारी नामित किया गया। उन्होंने इन्वेस्टर्स समिट और उद्यमियों का चयन कर उनको सम्मानित करने हेतु राज्य कर विभाग और उद्योग मित्र को निर्देशित किया। उन्होंने डीसी एनआरएलएम को कलेक्ट्रेट सभागार के बाहर बरामदे में स्वयं सहायता समूह के द्वारा बनाये गये उत्पादों की प्रदर्शनी लगाने के लिए नोडल नामित किया।ओडीओपी टूलकिट के लिए उन्होंने जीएम डीआईसी को निर्देशित किया।यहां पर दानवीर भामाशाह की जीवन यात्रा से संबंधित अभिलेखों की प्रदर्शनी भी कार्यक्रम स्थल पर लगाई जाएगी। उन्होंने कार्यक्रम में नृत्य,नाटक एवं स्थानीय कला से संबंधित सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए जिला विद्यालय निरीक्षक को नोडल नामित किया। उन्होंने इस कार्यक्रम से संबंधित विभागों के अधिकारियों को दी गई जिम्मेदारियों का पूर्ण रूप से निर्वहन करते हुए कार्यक्रम को संपन्न कराने का निर्देश दिया। इस बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ओजस्वी राज, सीआरओ त्रिभुवन, सिटी मजिस्ट्रेट इंद्रकांत द्विवेदी,जीएमडीआईसी मायाराम सहित अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## काले जादू की आड़ में नूरपुर नुमाइश में परोसा जा रही अश्लीलता प्रशासन मौन

लोकतंत्र की आवाज

रिपोर्ट गुरप्रीत सिंह

नूरपुर नगर में चल रही नुमाइश में काले जादू की आड़ में अश्लील नृत्य का प्रदर्शन चल रहा है। यह सब चारों ओर लगाए गए पर्दो के पीछे हो रहा है। नगर पिछले कई सालों से चांदपुर निवासी एक ठेकेदार यहां बिजनौर मार्ग पर नुमाइश का आयोजन करता आ रहा है। इस साल भी लोकसभा चुनाव आचार संहिता हटने से पंद्रह दिन पहले से ही बिना किसी उदघाटन के नुमाइश चल रही हैं। नुमाइश में काला जादू का एक स्टेज सजा है। लेकिन इस स्टेज की सच्चाई कुछ ओर है। चारो ओर पर्दो से बंद इस स्टेज के अंदर रोड़ से वसूली जा रही हजारों की तहबाजारी गौरतलब है कि प्रदेश सरकार ने पिछले कई सालो से तहबाजारी वसूलने की प्रथा को समाप्त कर रखा है। लेकिन नुमाइश ठेकेदार द्वारा रोड को वाहन स्टैंड बनाकर ठेके पर दे दिया है। इसके साथ ही रोड़ पर आईसक्रीम, पकौडी, जलेबी आदि सामान बेचने वालों से भी मोटी तहबाजारी वसूली जा रही हैं। सूत्रों का दावा है कि रोजाना हजारों रुपए की वसूली सरकार की सड़क से की जा रही हैं। इतना ही नही नुमाइश में लाखों रुपए का क्राकरी, खानपान, खेल खिलौनो से हो रहा है। जिससे जीएसटी अश्लील नृत्य चल रहा है। इसका पर्दाफाश न हो इसके लिए मोबाइल चलाने या फोटो वीडियो बनाने पर मोबाइल जब्त करने की चेतावनी लाउडस्पीकर से दी जा रही है। नगर के सभ्रांत लोगों का कहना है कि उक्त ठेकेदार अश्लील नृत्य पार्टी नुमाइश में लाने से बाज नही आता है। लोगो में नुमाइश में बनी पुलिस चौकी पर तैनात पुलिसकर्मियों की अनदेखी को लेकर सवाल उत्पन्न हो रहे है। सभ्रांत लोगों ने पुलिस अधीक्षक से नुमाइश में चल रहे अश्लील नृत्य को बंद कराने की मांग की है।

## 47 बीज भंडारों का कृषि विभाग ने किया निरीक्षण, 18 उर्वरकों के लिए नमूने, 04 दुकानदारों को दिए नोटिस



लोकतंत्र की आवाज

रिपोर्ट मुकेश सिंह

**बिजनौर।** जिला कृषि अधिकारी जसवीर सिंह तेवतिया एवं मनोज कुमार, उपजिलाधिकारी, बिजनौर की संयुक्त टीम ने तहसील बिजनौर एवं मनोज रावत, जिला कृषि रक्षा अधिकारी अवनीश कुमार, उपजिलाधिकारी नगीना की संयुक्त टीम ने तहसील नगीना, अमित कुमार, अपर जिला कृषि अधिकारी, कुंवर बहादुर सिंह उपजिलाधि ाकारी, चान्दपुर की संयुक्त टीम ने तहसील चांदपुर में उर्वरक विक्रेता के प्रतिष्ठानों एवं गोदामों पर आकस्मिक छापामार की कार्रवाई की। छापामार कार्रवाई के दौरान 47 प्रतिष्ठानों के निरीक्षण के दौरान प्रतिष्ठान/गोदाम में उपलब्ध यूरिया, डीएपी, एनपीके आदि उर्वरकों के स्टॉक का मिलान पीओएस मशीन व अभिलेखों के अनुसार किया गया तथा कुल 18 उर्वरकों के नमूने लिए, साथ ही मै. कृषि केन्द्र (एग्री जक्शन) वन स्टाप शाप, चान्दपुर, मै. कृ षि केन्द्र (एग्री जक्शन) वन स्टाप शाप नूरपुर, मै ठाकुर खाद एवं बीज भण्डार, नूरपुर एवं मै कृषक खाद भण्डार फीना द्वारा उर्वरक प्रतिष्ठान बन्द कर भाग जाने नोटिस ओवर के साथ आदि का में नहीं थोक / उर्वरक फास्फेटिक पर कारण बताओ जारी किया। इस दौरान रेटिंग एवं मुख्य उर्वरकों अन्य उत्पादों की टैगिंग कोई प्रकरण प्रकाश आया। इस दौरान सभी फुटकर / एवं विनिर्माता विक्रेताओं को निर्देशित किया कि कृषकों की तत्कालीन आवश्यकता के अनुसार ही उर्वरकों, विशेषकर डीएपी, एनपीके, उर्वरक का वितरण निर्धारित दर पर करें, साथ ही बिना पोस मशीन के उर्वरकों का वितरण न करें, किसी भी दशा में उर्वरकों की बिक्री बल्क में न किये जाने एवं कृषक को उनकी जोतबही / खतौनी एवं फसलवार संस्तुति के अनुसार उर्वरकों का वितरण करें यदि कोई भी उर्वरक विक्रेता निर्धारित दर से अधिक दर पर बिक्री करता हुआ एवं प्रचलित उर्वरकों के साथ-साथ अन्य उर्वरको की टैगिंग करता हुआ पाया गया, तो संबंधित उर्वरक विक्रेता के विरुद्ध विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## बिजनौर जिला अधिकारी से की पवित्र विदुरकुटी धाम के पास मुर्गा मछली का मांस की दुकानों को बंद कराने की शिकायत



लोकतंत्र की आवाज

रिपोर्ट मुकेश सिंह

बिजनौर पवित्र और पौराणिक विदुर कुटी धाम के आसपास का क्षेत्र गोश्त का हब बनता जा रहा है। सड़क किनारे बड़ी संख्या में मुर्गे एवं मछलियों का गोश्त बेचा जा रहा है। इससे न सिर्फ विदुर कुटी और गंगा समेत विभिन्न धार्मिक स्थल पर आने वाले श्रद्धालुओं की भावनाएं आहत हो रही है बल्कि इसकी दुर्गंध से राहगीर भी परेशान है। इस मामले की शिकायत डीएम से करते हुए गोश्त की दुकान हटवाने की मांग की गई है।ग्राम गंज में खासकर बिजनौर चांदपुर मुख्य मार्ग पर बड़ी संख्या में मुर्गे एवं मछलियों का गोश्त बेचा जा रहा है। गंज से सटा हुआ पवित्र पौराणिक विदुरकुटी धाम है, जहां की मान्यता है कि महाभारत युद्ध के दौरान कौरवों का छप्पन भोग त्याग कर भगवान श्री कृष्णा स्वयं महात्मा विदुर की कुटी पर साग खाने आए थे। इस कारण यहां पर न सिर्फ जनपद बल्कि देश-विदेश के श्रद्धालु दर्शन करने आते हैं। इतना ही नहीं वहां पर पवित्र पावनी गंगा भी बहती है। इनके अलावा प्रसिद्ध जाहरवीर मंदिर, बरखेड़ी महादेव मंदिर,आदी शक्ति पीठ मंदिर सहित कई धार्मिक स्थल है, जिन पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु गण आते रहते हैं। धार्मिक स्थलों के रास्ते में गोश्त की दुकान खुली होने के कारण वहां से आने जाने वाले श्रद्धालुओं की भावनाएं आहत होती है तथा गोश्त से उठने वाली दुर्गंध से श्रद्धालुओं प्रभावित होते हैं। शिकायतकर्ताओं ने दावा किया कि वे पूर्व में भी कई बार अधिकारियों को इस बारे में अवगत करा चुके हैं, लेकिन अफसोस की बात है कि अब तक किसी के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं की गई और ना ही गोश्त की इन दुकानों को धार्मिक स्थलों के पास से हटवाया गया। इस संबंध में अनेक लोगों ने डीएम से शिकायती पत्र देकर मांग की कि धार्मिक स्थलों के पास से मीट की दुकानों के साथ ही शराब की दुकानों को भी बंद कराया जाए ताकि श्रद्धालुओं की भावनाओं का सम्मान हो सके। ज्ञापन देने वालों में राजकुमार, सुभाष कुमार, मनोज, हेमेंद्र कुमार, पराग शर्मा, राजीव, हर्ष, आदित्य सैनी, अंकित कुमार, अंकित भारद्वाज, अजय व दीपक कुमार आदि शामिल है।

## शान्तिपूर्ण में सम्पन्न राम अखाड़ा का पहली का जुलूस



लोकतंत्र की आवाज़

घनश्याम तिवारी

**सिकन्दरपर /बलिया।** ऐतिहासिक महावीरी झंडोत्सव के तहत मंगलवार को नगर में राम अखाड़ा के पहली का जुलूस निकाला गया जिस में लाठी डंडो से लैस सैकड़ों युवाओं ने भाग लिया। रात्रि करीब 10 बजे नगर के महावीर स्थान से भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच गणेश प्रसाद सोनी व दुर्गादास के नेतृत्व में निकला जुलूस सोनार पट्टी,पुराना पोस्टऑफिस,जलपा चौक,रशीदिया चौक,मोहल्ला भिखपुरा व बढा से गुजरते हुए मध्य रात में मोहल्ला डोमनपुरा स्थित चतुर्भुजनाथ पोखरा के समीप ठाकुर जी मन्दिर के प्रांगण में पहुंचा। भ्रमण के दौरान जुलूस में शामिल युवाओं व किशोरों द्वारा रह रह कर जय महावीर एवं जय श्रीराम के नारों के उद्घोष से जहां नगर का वातावरण भक्तिमय हो गया था।वहीं उसे जगह जगह रोका गया जहां उस में शामिल अस्त्र कला के पारंगतों ने तरह तरह के करतब दिखा कर भीड़ का भरपूर मनोरंजन किया।उधर ठाकुर जी मन्दिर प्रांगण में कुछ देर रुकने के बाद जुलूस पुनः वहां से प्रस्थान कर पुनः महावीर स्थान पर पहुंच कर समाप्त हुआ। इस अवसर पर शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए प्रशासन की तरफ से जहां अति संवेदनशील रशीदिया चौक व मोहल्ला भिखपुरा चौक को पुलिस छावनी के रूप में तब्दील करने के साथ ही अन्य आवश्यक स्थानों पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की गई थी। वहीं उपजिलाधिकारी रवि कुमार,क्षेत्राधिकारी आशीष कुमार मिश्रा,थाना प्रभारी दिनेश पाठक,एलआईयू आदित्य पूरी,एसआई धर्मवीर यादव,सीपी यादव नायब तहसीलदार,व चौकी प्रभारी शुरू से अन्त तक जुलूस के साथ लगे रहे।इस अवसर पर जुलूस में भाजपा के जिला महामंत्री व व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष प्रयाग चौहान,डॉ उमेश चन्द,संजय जायसवाल राकेश सिंह,राजकुमार जायसवाल,जितेश कुमार वर्मा,राकेश यादव,रामाशीष यादव,सतीश वर्मा,पवन वर्मा,श्रीकांत राम, इशांत शर्मा, नजरुल बारी उर्फ बल्लू मास्टर,आदि प्रमुख लोग भी शामिल थे।

## बिजनौर जिलाधिकारी ने एंटी भू माफिया टास्क फोर्स समिति की बैठक में भूमाफियाओं को चिन्हित करने दिए निर्देश



लोकतंत्र की आवाज

रिपोर्ट मुकेश सिंह

**बिजनौर।** जिलाधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल की अध्यक्षता में आज शाम कलेक्ट्रेट सभागार में एंटी भू-माफिया टास्क फोर्स समिति की बैठक आयोजित हुई। जिलाधिकारी ने सभी उप जिलाधि कारी को अपने-अपने तहसील में भू माफियाओं को चिन्हित कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा करने वाले भू माफियाओं की प्रवृत्ति पर नियंत्रण करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि ऐसे भू माफियाओं को चिन्हित करें जो सरकारी भूमि पर अवैध 1 कब्जा किए हुए है, उन पर तत्काल उचित कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। उन्होंने सभी को यह भी निर्देश दिये कि भूमि के बडे कब्जों को चिन्हित कर कार्यवाही करें साथ ही उन्होंने सभी उपजिलाधिकारी व क्षेत्राधि संबंधित अधिकारियों को निर्देशिताकारी पुलिस को निर्देश दिये सभी अधिकारी अपने क्षेत्रान्तर्गत अवैध कब्जा न होने की रिपोर्ट देना सुनिश्चित करें। उन्होंने सभी उपजिलाधिकारी कि भूमि पर अवैध अतिक्रमण व अवैध कब्जों के संबंध में ब्लॉक स्तर व तहसील दिवस के अवसर पर संबंधित अधिकारियों को बुलाकर बैठक कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप कमजोर और मजलूम के साथ-साथ सरकारी भू-संपत्ति की रक्षा करने के लिए जिला प्रशासन प्रतिबद्ध है। उन्होंने निर्देश दिए कि जांच कर नदियों के किनारे अतिक्रमण एवं अवैध कब्जा को तत्काल कब्जा मुक्त कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि अवैध कब्जे से संबंधित भू माफियाओं के द्वारा कब्जा किये गये सरकारी भू-संपत्तियों को जल्द से जल्द कब्जा मुक्त कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि सरकारी भूमि पर अवैध कब्जे की सूचना मिलने पर तत्काल आवश्यक कार्यवाही करना सुनिश्चित करें तथा सभी छोटे-बडे प्रकरण पोर्टल पर अपलोड करना सुनिश्चित करें। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिये कि सार्वजनिक भूमि व अन्य उपयोगी स्थलों आदि पर किसी भी प्रकार का अवैध अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन विनय कुमार सिंह, वित्त एवं राजस्व अरविंद कुमार सिंह, सभी उपजिलाधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

## आदर्श नगर पंचायत सिकन्दरपुर के सफाई कर्मियों में ड्रेस व मास्क वितरित



लोकतंत्र की आवाज़

घनश्याम तिवारी

**सिकंदरपुर/बलिया।** आदर्श नगर पंचायत सिकंदरपुर के सभागार में एक ड्रेस वितरण कार्यक्रम का आयोजन नगर पंचायत के तत्वाधान में किया गया।इस में अध्यक्ष प्रतिनिधि संजय जायसवाल एवं अधिशासी अधिकारी मनोज कुमार पाण्डेय ने नगर पंचायत में कार्यरत सभी सफाई कर्मियों को संयुक्त रूप से ड्रेस व मास्क प्रदान किया। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि संजय जायसवाल ने कहा कि सफाई कर्मी नियमित रूप से नगर पंचायत द्वारा उपलब्ध कराए गए ड्रेस पहनकर कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि स्वच्छ भारत अभियान के तहत नगर पंचायत को स्वच्छ रखने में सभी सफाई कर्मी तत्परता से कार्य करें। उन्होंने सफाई पर्यवेक्षक को निर्देश दिया कि जो भी सफाई कर्मी बिना ड्रेस का कार्य करते हुए दिखेंगे, उनका दैनिक मजदूरी की कटौती करें। सफाई को लेकर किसी प्रकार की शिकायत मिलने पर संबंधित सफाई कर्मी का मजदूरी पर रोक लगाने का भी निर्देश दिया। इस दौरान विजय जायसवाल, अताउल्लाह खान, मनोज मोदनवाल, मनोज सोनी, मनोज जायसवाल, पवन सिंह, श्रीकांतराम,इशांत,सुनील,राजेश सहित सभी कर्मी मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें ।

### झामुमो नेता ने फीता काटकर किया 63 केवी विद्युत ट्रांसफार्मर का उद्घाटन! लो वोल्टेज की समस्या से मिलेगी राहत!



मामलोत सेख
बरहरवा :– नगर पंचायत क्षेत्र के अंतर्गत झालदिग्गी ग्राम में स्कूल के पास बुधवार को दोपहर 1:00 बजे झामुमो जिला कोषाध्यक्ष शक्ति नाथ अमन ने विद्युत ट्रांसफार्मर का उद्घाटन फीता काटकर किया! इस दौरान ग्रामीण ने झामुमो नेता वे समाजसेवी का प्रति आभार व्यक्त किया! लो वोल्टेज रहने के कारण गांव में लगा हाईलाइट नहीं जल पा रहा था भीषण गर्मी के कारण ग्रामीणों को लो वोल्टेज से परेशानी का सामना करना पड़ता था! मौके पर झामुमो अध्यक्ष धर्मवीर कुमार महतो,दिनेश सेन,रूबेन दास,प्रसनजीत दास, मनीषा झा, नीरज कुमार,विद्युत विभाग से जीतू और रंजन सहित अन्य उपस्थित थे!

### पानी अभाव में किसानों के खेत में धान का विचरा नहीं गिरा, किसान तबाह

कल्याणपुर/ समस्तीपुर। प्रखंड क्षेत्र के 29 पंचायत सहित दो नगर पंचायत के किसान अपने–अपने खेतों में धान का बिछड़े नहीं गिरा पाए हैं। इससे धान की फसल जो समय पर होनी थी वह नहीं हो पाएगी। प्रखंड कृषि पदाधिकारी अनिल कुमार ने बताया कि मौसम विभाग की सूचना के अनुसार मानसून बिहार में आ गया है लेकिन वर्ष नहीं हो रही है किस वर्ष के इंतजार में है वर्षा होते हैं खेतों में विचरे गिरावेगे। आगे प्रखंड कृषि पदाधिकारी ने बताया कि पूरे प्रखंड क्षेत्र में 6981 हेक्टेयर में धान लगाने का लक्ष्य एक से दो दिन में वर्षा होने की संभावना मौसम विज्ञान के अनुसार जताई गयी है। किसान मालीनगर के राजेंद्र राम विजय शर्मा रमौली के इशांत कुमार फुलहारा के भूपनारायण शर्मा, वासुदेवपुर के उमेश चंद्र प्रसाद कुशवाहा आदि ने बताया धन का बिचड़ा गिराने के लिए हमलोगों का खेत तैयार है वर्षा का इंतजार है।

### मारपीट के मामले में झंडापुर थाना में दिया आवेदन ,मामला दर्ज

मोहम्मद सबरार आलम
बिहपुर,,,,,,झंडापुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत मारपीट का मामला प्रकाशमें आया है। औलीयावाद गांव में मारपीट को लेकर रौशन मिश्र की पत्नी संजू देवी ने गांव के ही सुनिल मिश्र,प्रभाकर मिश्र उर्फ बबलू मिश्र, दिवाकर मिश्र,नीतीश मिश्र, शुभम मिश्र समेत पांच लोगों के विरुद्ध मारपीट, गालीगलोज एवं छिनतई का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज कराई है।अपने आवेदन में बताया कि 18 जून को अपने घर के पुराने टट्टी को हटाकर नया टट्टी लग रहा रहीं थीं।तभी सभी उपरोक्त नामजद लोगों ने टट्टी लगाने से मना किया।जिसका मैंने विरोध किया जिसपर सुनिल मिश्र ने गाली गलौज देते हुए कहा कि मारो इसे जिसपर बबलू मिश्र ने मेरा केस पड़कर कनपटी में थप्पड़ मार कर गिरा दिया और नीतीश ने भी लात से मारने लगा और दोनों ने कानों की बाली खींच लिया। दोनों बाली का वजन करीब 6 आना भर है जिसकी बाजार की मूल कीमत लगभग 30000 है।जिसपर मेरी सास मुझे बचाने आई तो उसे भी दिवाकर मिश्र और शुभम मिश्र ने लप्पड़ थप्पड़ से पीटकर गिरा दिया।मामले को लेकर झंडापुर थानाध्यक्ष मनोज कुमार ने बताया की मामला दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

### रात्रि गश्ती के दौरान एक बेलोरो समेत 182 लीटर विदेशी शराब बरामद

मोहम्मद सबरार आलम
बिहपुर – भागलपुर जिले के बिहपुर प्रखंड के गौरीपुर के पास मगंलवार को देर रात्रि गश्ती के दौरान बिहपुर पुलिस ने भारी मात्रा में विभिन्न ब्रांड की 182 लीटर विदेशी शराब सहित चारचक्का बोलेरो बरामद किया है। बिहपुर थाना अध्यक्ष राहुल ठाकुर ने बताया कि रात्रि का फायदा उठाकर बोलेरो चालक मौके से फरार हो गया।

# ताजपुर नगर परिषद के सड़कों का हाल खबर लोगों ने जताई चिंता

**दो विधानसभाहोने के बावजूद सड़कों की हालत बद से बदतर बनी हुई**



लोकतंत्र की आबाज

**ताजपुर/समस्तीपुर।** जिले के ताजपुर प्रखंड के कुछ हिस्सों को काट छाट कर नगर परिषद बनाया गया है। इसी हिस्सों में से रहिमाबाद पंचायत का बहेलिया टोला है। जो अब नगर परिषद कहला रहा है वहीं अब नज़र डालने से पता चलता है कि नगर परिषद क्षेत्रों की सड़कों का हाल पहले से तो सुधार है। उसी सड़कों में ऐसा भी एक सड़क जो आज तक नहीं बन पाया है। ताजपुर नगर परिषद क्षेत्र का एक सड़क जो बहेलिया टोला मस्जिद से भेरोखडा, कोआरी, शाहपुर बधौनी, जाने वाली सड़क है बनना तो दूर मरम्मत करवाना भी मुनासिब किसी भी जनप्रतिनिधि से लेकर नगर परिषद पदाधिकारी या जिला पदाधिकारी ने इस सड़कों पर अपना ध्यान आकृष्ट करना मुनासिब नहीं समझा। जबकि नगर परिषद बनने के बाद वार्ड संख्या 07 पड़ता मे यह सड़क पर पड़ता है। बताते चलें कि यह सड़क रहिमाबाद बहेलिया टोला मस्जिद से भेरोखड़ा, शाहपुर बधौनी, कोआरी, निरपुर के अलावा कई पंचायत को जोड़ने वाली सड़क ताजपुर बाजार को भी जोड़ती है। कई वर्षों से ध्वस्त हो जाने के कारण आम लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वर्ष 2005–06 में सड़क का मिट्टी करण के साथ साथ ईटकरण हुआ था। उसके बाद आज तक किसी जनप्रतिनिधि ने सड़क पर ध्यान नहीं दिया। मुहल्ले के लोगों ने बताया कि उक्त सड़क पर वर्षों पहले खरंजा बना हुआ था जो काफी दिनों पहले मनरेगा की भेंट चढ़ गया। मनरेगा के द्वारा मिट्टी कटाई के कारण पानी के तेज बहाव से सड़क ध्वस्त हो जाने के कारण सड़क गढ्ढे में तब्दील हो गई है। जो किसी तरह कचड़ा डालते डालते सड़क भर दिया है। बहेलिया टोला मस्जिद से भेरोखरा कोआरी जाने वाली सड़क बनना दूर सड़क पर झारू भी नहीं पर रहा है। राहगीर पैदल इसी सड़क से भेरोखड़ा कोआरी आते जाते रहते है। बताते चलें कि बहेलिया टोला मस्जिद से भेरोखडा महुआ चौक के पहले लगभग पांच सौ मीटर की दूरी सबसे दयनीय हालत सड़क का बना हुआ। जबकि समस्तीपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक अपने फंड से सड़क बनवा चुके हैं। गौरतलब है कि दो विधानसभा दो लोकसभा एवं एक एमएलसी क्षेत्र एवं नगर परिषद होने के बावजूद सड़कों की हालत बद से बदतर बनीं हुई है। नगर परिषद क्षेत्र होने के बाद भी बहेलिया टोला मस्जिद के निकट से भेरोखड़ा , कोआरी जाने वाली सड़क के किनारे कचरा डब्बा भी नहीं लगा। स्थानीय लोगों ने अखबारों के माध्यम से बार बार प्रशासन को इस सड़कों पर ध्यान कराया मगर फायदा नहीं। कई स्थानिय लोगों ने बताया के 2025 के विधानसभा चुनाव होने के पहले किसी जनप्रतिनिधि सड़क पर ध्यान नहीं दिया तो चुनाव के मौके पर वोट की चोट से सबक सिखाने का मन बना रहे है।

## साहिबगंज :उपायुक्त ने बाइक से शहरी क्षेत्र का निरीक्षण किया



लोकतंत्र की आवाज

**मामलोत सेख**
**साहिबगंज ।** उपायुक्त हेमंत सती ने शहरी क्षेत्र में नगर परिषद् साहिबगंज के द्वारा किए जा रहे कार्यों का बाइक से निरीक्षण किया। इस दौरान उपायुक्त ने सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट घोघी के निर्माण, बरसात के द्दष्टिगत नगर क्षेत्र में छोटे बड़े नालों की सफ़ाई, ऊ्हरऊद्वारा किए जा रहे जलापूर्ति योजना के हाउस कनेक्शन का कार्य, अमृत 2.0 के अंतर्गत किए जा रहे किदवई पथ तालाब का जीर्णोद्धार, जयप्रकाश नगर और दहला जैसे निचले क्षेत्रों में जल निकासी की व्यवस्था आदि का निरीक्षण किया और उनमें सुधार हेतु आवश्यक निर्देश दिए।
साथ ही शहर को सुंदर बनाने के उद्देश्य से समाहरणालय के निकट स्थित खाली पड़ी भूमि को पार्क के रूप में विकसित करने का निर्देश दिया गया ।साहेबगंज कॉलेज के सामने की भूमि को चौपाटी के रूप में विकसित करने, शहर में महिलाओं को गरिमामयी वातावरण देने के लिए महिला केंद्रित टॉयलेट का निर्माण, राहगीरों के बैठने की व्यवस्था आदि के संबंध में कई आवश्यक निर्देश दिए।क्षेत्र भ्रमण के क्रम में पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, साहिबगंज अंतर्गत चल रहे साहिबगंज शहरी जलापूर्ति योजना कार्य का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।इस अवसर पर नगर परिषद के प्रशासक सोमा खण्डैत, सिटी मैनेजर, सहायक अभियंता, जेई, ऊ्हरऊ के जेई, लेखापाल, सफाई प्रभारी, सफाई एजेंसी आकांक्षा प्रा लि के प्रतिनिधि सहित नगर

## बरहरवा:कोटपा एक्ट के तहत ड्रग इंस्पेक्टर ने की छापेमारी,पाँच दुकानदारों से वसूला जुर्माना



लोकतंत्र की आवाज

**मामलोत सेख**
**बरहरवा।** बुधवार को बरहरवा थाना क्षेत्र अंतर्गत ड्रग इंस्पेक्टर राजेश कुमार के नेतृत्व में दल बल के साथ विभिन्न दुकानों में छापेमारी अभियान संचालित किया।मिली जानकारी के अनुसार कोटपा एक्ट के विभिन्न धाराओं में से उडळढअ अउळ 2003 के रएउ– 6इ के तहत ( किसी शिक्षण संस्थान के आसपास 100 गज के दायरे में तंबाकू की बिक्री प्रतिबंधित है )।इस कानून के तहत किसी भी शिक्षण संस्थान के 100 गज की दायरे में तंबाकू खरीद बिक्री पर पूर्णता प्रतिबंध है जिसमें गुटखा खैनी सिगरेट या तंबाकू संबंधित किसी भी प्रकार की नशीली पदार्थ की खरीद बिक्री प्रतिबंधित है इस बाबत साहिबगंज जिला प्रशासन के निर्देशानुसार जिले भर में संबंधित पदाधिकारीयों द्वारा औचक छापेमारी अभियान संचालित की जा रही है इसी क्रम में बरहरवा थाना क्षेत्र में भी बुधवार को छापेमारी अभियान चलाया गया।उक्त कानून का उल्लंघन करने वालो को फाइन किया गया कुल 12 दुकानों में छापा मारा गया जिसमे से 5 दुकानों में उल्लंघन करते हुए पाया गया जिसपर कार्यवाही करते हुए जुर्माना वसूला गया।एवं सख्त हिदायत दुकानदारों को प्रसाशन की ओर से दी गई है। इस छापेमारी दल में ड्रग इंस्पेक्टर राजेश कुमार,परामर्शी शैलेश कुमार,सोशल वर्कर राजीव कुमार पाल,बरहरवा थाना एएसआई अमित कच्छप एवं दल बल के साथ शामिल थे।

## जमालपुर का रेलवे इंजीनियर रेजीमेंट होगा बंद, रेल मंत्रालय ने लिया फैसला ट्यूटोरियल आर्मी कैंटीन भी हो जाएगा बंद



लोकतंत्र की आवाज

**डॉ शशि कांत सुमन**
**मुंगेर।** जमालपुर का ऐतिहासिक रेल कारखाना जमालपुर अपने आगोश में कई उपलब्धियों को समेटे हुए था, लेकिन आजादी के बाद स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उदासीनता के कारण जमालपुर कारखाना के अधीन एक–के बाद एक उपलब्धि समाप्ति की ओर अग्रसर है। पहले जमालपुर के इरिमि को पर कतरने का काम किया। अब जमालपुर के 969 रेलवे इंजीनियर रेजिमेंट (टी ए) को प्रशासकीय अधिकारी ने विघटन करने का ऐलान समाचार पत्रों में विज्ञापन देकर कर दिया है।

क्या है मामला देश के सुरक्षा पर आंच आने की स्थिति में रक्षा मंत्रालय ने रेलवे सामंजस्य बैठाते हुए रेलवेज टेरिटोरियल आर्मी का गठन 1949 किया गया था। जमालपुर में 969 रेलवे इंजीनियर रेजिमेंट नाम दिया गया है। इस रेजिमेंट में जमालपुर कारखाना में कार्यरत रेल कर्मियों को सेना का प्रशिक्षण दिया जाता था। ताकि समय आने पर काम आ सके। इसने 1965 और 1971 के यद्ध में भी हिस्सा लिया था। इतना ही नही जमालपुर रेल कारखाना में गोला बारूद का भी निर्माण किया गया था। लेकिन अब यह इतिहास के पन्नो में ही दर्ज होकर रह जाएगा।

ट्यूटोरियल आर्मी कैंटीन भी हो जाएगा बंद रेलवे इंजीनियर रेजीमेंट बंद होने के साथ ही यहां का कैंटीन भी बंद हो जाएगा। जमालपुर स्थित कैंटीन से सभी सेना सेवानिवृत्त एवं जवानों सस्ते दामों में सामान उपलब्ध हो जाता था, लेकिन अब यह सुविधा भी जाएगी बंद।रेल मंत्रालय ने रेलवे इंजीनियर रेजिमेंट बंद करने का फैसला रेल मंत्रालय ने देश के पांच रेलवे इंजीनियर्स प्रादेशिनक रेजिमेंट (एल्ल्क्ष्ली१२ ळी११३ङ्ग१’ फीर्ह्ल्ल३) को भंग करने का फैसला किया है। रेल मंत्रालय ने इसके लिए रक्षा मंत्रालय से सहमति मिलने के बाद यह फैसला लिया है। जबकि छठे रेजिमेंट के कार्यक्षेत्र को बढ़ाने का फैसला लिया गया है। इस रेजिमेंट के जवानों ने दो दूसरे देशों के साथ लड़ाई में शामिल हो अहम भूमिका निभाई है,लेकिन एक्सपर्ट की राय के बाद अब इनकी उपयोगिता नहीं होने की बात कही गई है। इसमें जमालपुर, झांसी, कोटा, आद्रा, चंडीगढ़ और सिकंदराबाद में स्थित छह रेलवे इंजीनियर प्रादेशिक सेना रेजिमेंट की।

## जिला स्तरीय निपुण समागम –सह–टीएलएम मेला का आयोजन





लोकतंत्र की आवाज

**मामलोत सेख**
**साहिबगंज ।** स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड सरकार के अंतर्गत झारखण्ड शिक्षा परियोजना परिषद के द्वारा इंडिया पार्टनरशिप फॉर अर्ली लर्निंग के सहयोग से स्थानीय पंडित दीनदयाल उपाध्याय, नगर भवन साहिबगंज में जिला स्तरीय निपुण समागम यथा टी एल एम मेला का आयोजन झारखंड शिक्षा परियोजना साहिबगंज के तत्वाधान में आयोजित किया गया। उपायुक्त हेमंत सती के द्वारा फीता काटकर टी एल एम मेला का शुभारंभ किया गया। उपायुक्त एवं जिला शिक्षा पदाधिकारी साहिबगंज कुमार हर्ष, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी साहिबगंज प्रफुल्ल चंद सिंह, अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी आशीष कुमार एवं सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी राजेश कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किये। अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी आशीष कुमार के द्वारा कार्यक्रम की रूपरेखा एवं उनकी महत्ता पर विस्तार से प्रकाश डाला गया।उपायुक्त के द्वारा उपस्थित सभी शिक्षक–शिक्षिकाओं को अपने कर्तव्य के प्रति सजग रहते हुए बच्चों में शैक्षणिक विकास करने की अपील की गई साथ ही उपायुक्त ने उपस्थित छात्र–छात्राओं से कुछ प्रश्न किये जिससे बच्चों में भी कौतुहल देखा गया। उपायुक्त के द्वारा प्रखण्डवार लगे सभी स्टॉलों का अवलोकन किया गया। विषय वार निम्न रूप से प्रतिभागियों के द्वारा बाजी मारी गई गणित ===प्रथम बरहरवा, द्वितीय तालझारी, तृतीय पतना हिंदी प्रथम राजमहल, द्वितीय बोरियों, तृतीय बरहरवा अंग्रेजी = प्रथम उधवा , द्वितीय तालझारी, तृतीय बरहरवा जनजातीय भाषा =प्रथम बरहेट, द्वितीय मंडरो, तृतीय बरहरवा।सभी चयनित प्रतिभागी दिनांक 4 से 6 जुलाई, 2024 को राज्य स्तरीय निपुण समागम में अपने–अपने टी एल एम के साथ भाग लेंगे।कार्यक्रम का मंच संचालन शिक्षक मनोहर शर्मा के द्वारा किया गया। कार्यक्रम के प्रभारी के रूप में सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी राजेश कुमार के साथ जिला एम आईएस मनीष कुमार गुप्ता, केआरपी मनोहर शर्मा, शैलेश कुमार दास, गौतम कुमार, रॉयल रमई मरांडी, अनिमा सिंह एवं नगर क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों से शिक्षक –शिक्षिकाएं एवं छात्र–छात्राओं ने भाग लिए।

## पीरपैंती पुलिस की बड़ी सफलता। बिहार का गायब ट्रक बंगाल से बरामद



लोकतंत्र की आवाज

**केदार नाथ पाण्डेय**
**पीरपैंती।** पीरपैंती पुलिस पुलिस को मिली बड़ी सफलता, बिहार से गायक ट्रक को पश्चिम बंगाल से बरामद किया गया। पीरपैंती निवासी मनीष कुमार पांडे पिता अंबिका पांडे, हिंदू सिंधु बैंक साहिबगंज से ट्रक का फाइनेंस करवाए थे ।आर्थिक परेशानी के कारण मनीष कुमार पांडे ट्रक का किस्त देने में असमर्थ थे। तब हिंदू सिंधु बैंक पाकुड़ शाखा के एरिया मैनेजर अजय कुमार भगत के कहने पर अपने ट्रक को साकिर शेख को वाहन बिक्री नामा सह इकरारनामा पर दे दिया। परंतु शाकिर शेख ने ट्रक का एक भी किस्त जमा नहीं किया । वह ट्रक को गायब कर दिया ।इस बाबत मनीष पांडे ने पीरपैंती थाना में सूचना दर्ज कराई। कांड अनुसंधान के दौरान साकिर शेख को हिरासत में लेकर कड़ाई से पूछताछ किया गया तो साकिर शेख के निशानदेही पर कांड में गायब किए गए ट्रक को दिनांक 25,6,24 को मुर्शिदाबाद मालदा पश्चिम बंगाल से ट्रक ड्राइवर मनाउल शेख, पेसर मुस्ताक शेख ,ग्राम अंजना , मुफसिल पाकुड़, जिला पाकुड़ झारखंड के पास से बरामद किया ।अभियुक्त शाकिर शेख ने ट्रक को गायब करने के लिए दूसरे राज्य में छुपा दिया था ।पुलिस के पूछने पर वह टालमटोल की बात कर रहा था।लेकिन जब पुलिस ने वैज्ञानिक अनुसंधान किया तो पाया कि उसका ट्रक कटैया में नहीं गया है ।मालिक के द्वारा ट्रक को दूसरे जगह चलाया जा रहा है ।जब उसके मोबाइल से कॉल डिटेल निकल गया तो ट्रक ड्राइवर मनाउल शेख से बात करने का प्रमाण मिला। इस आधार पर पुलिस ने छापा मारा और पश्चिम बंगाल के ट्रक को बरामद कर लिया। एक छापामारी दल में पुरुषोत्तम झा, पीरपैंती थाना प्रभारी नीरज कुमार, सिपाही राजू कुमार और रंजीत कुमार इत्यादि शामिल थे । एस डी पी ओ 2अर्जुन कुमार ने इस बात की जानकारी संवाददाता सम्मेलन में दी।

## मुंगेरः बॉयोमैट्रिक उपस्थिति नही बनाने वाले चिकित्सकों पर करें कड़ी कार्रवाई : कमिश्नर संजय सिंह

लोकतंत्र की आवाज

**डॉ शशि कांत सुमन**
**मुंगेर।** स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक बुधवार को प्रमंडलीय आयुक्त संजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में प्रमंडलीय सभागार में संपन्न हुई। बैठक में आयुक्त के सचिव अरविंद कुमार, क्षेत्रीय सहायक निदेशक स्वास्थ्य सेवाएं डा. बिरेंद्र कुमार, सभी सिविल सर्जन, क्षेत्रीय कार्यक्रम प्रबंधक, सभी जिला कार्यक्रम प्रबंधक सहित अन्य उपस्थित थे।

आयुक्त द्वारा प्रमंडल के सभी जिलों में संचालित सदर अस्पतालों, अनुमंडल अस्पतालों तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में चिकित्सकों, नर्सो, फार्मासिस्टों, ड्रेसरों की उपलब्धता की जानकारी ली गयी। इन सभी पदाधिकारियों एवं कर्मियों द्वारा बायोमिट्रिक उपस्थिति बनाने के विषय में बताया गया कि कुछ जिलों में डाक्टरों द्वारा बायोमिट्रिक उपस्थिति नहीं बनायी जा रही है। जमुई सिविल सर्जन द्वारा बताया गया कि यहां के चिकित्सकों द्वारा बायोमेट्रिक उपस्थिति नहीं बनायी जा रही है, जिस वजह से अन्य कर्मियों द्वारा भी लापरवाही बरती जाने लगी है। इस पर आयुक्त ने कहा कि इस संदर्भ में प्रमंडल के सभी जिलाधिकारी को पत्राचार कर सदर अस्पतालों सहित अनुमंडल एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में चिकित्सकों की बायोमेट्रिक उपस्थिति के लिए अस्पतालों का निरीक्षण करें तथा जो चिकित्सक अनुपस्थित रहते हैं अथवा बायोमेट्रिक उपस्थिति नहीं बना रहे हैं, उनके खिलाफ कार्रवाई सुनिश्चित करें।

जननी बाल सुरक्षा योजना की समीक्षा के क्रम में उन्होंने सभी जिलों



के लंबित लाभार्थियों को शत प्रतिशत भुगतान का निर्देश दिया। लखीसराय और जमुई के अधिक लंबित मामलों पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि जितने भी लंबित बैकलॉग हैं उसे निर्धारित समय तक पूर्ण कर लें। बताया गया कि कुछ जिलों में आवंटन नहीं रहने के कारण भी भुगतान में विलंब हो रहा है। आयुक्त ने कहा कि तत्काल विभाग से पत्राचार कर आवंटन प्राप्त करें तथा बैकलॉग भुगतान को खत्म करें। बेगूसराय, जमुई एवं लखीसराय में अत्यधिक बैकलॉग है जो खेदजनक है, उसे ससमय भुगतान कर खत्म करें। आयुक्त द्वारा आयुष्मान भारत योजना के तहत बनाए जा रहे कार्डों की भी समीक्षा की गयी। उन्होंने सभी सिविल सर्जन को निर्देश देते हुए कहा कि गरीबों को इसका शत प्रतिशत लाभ मिले इसकी व्यवस्था करें। साथ ही सभी संबद्ध निजी अस्पतालों में लाभूकों को इसका लाभ मिले इसका ससमय रिपोर्ट उपलब्ध कराएं। सभी जिलों में निर्धारित लाभूकों के अनुरूप गोल्डेन कार्ड निर्गत करने की संख्या काफी कम परिलक्षित हो रही है, इसमें सुधार करें। उन्होंने सभी सिविल सर्जन को सप्ताह में एक दिन दो पंचायतों में गोल्डेन कार्ड निर्माण के लिए शिविर लगाने का निर्देश दिया। इसका व्यापक प्रचार प्रसार कराएं। स्थानीय जन प्रतिनिधियों, आशा कार्यकर्ताओं के माध्यम से भी छूटे हुए लाभार्थियों का आयुष्मान भारत योजना से अभियान के तहत जोड़ने की कार्रवाई करें।उन्होंने कहा कि इस शिविर के माध्यम से रजिस्टर्ड लाभुकों की संख्या में बढ़ोतरी होगी और यह आपकी जिम्मेदारी होगी की इन सभी निबंधित लाभुकों को शीघ्रताशीघ्र गोल्डन कार्ड निर्गत किया जाए, ताकि वे उसका लाभ ले सकें। इसके अलावे उन्होंने संबंधित जिले के जिलाधिकारी को भी इस संबंध में आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। आयुक्त ने कहा कि इस संबंध में सभी जिलाधिकारी को निदेश देते हुए पत्राचार करें कि वे अपने स्तर से सभी उप विकास आयुक्त एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी के साथ बैठक करें तथा मुखिया एवं जन प्रतिनिधयों को भी बैठक में बुलाकर ड्राइव चलाकर गोल्डेन कार्ड बनाने की प्रक्रिया को शत प्रतिशत पूर्ण कराएं।

इसके अलावे ओपीडी एवं आईपीडी में फर्मासिस्ट एवं दवा की उपलब्ध की जानकारी ली। बताया गया कि ओपीडी में संचालन समुचित रूप से किया जा रहा है तथा चिकित्सकों द्वारा भी ओपीडी सेवा में अपनी निर्धारित रोस्टर ड्यूटि के अनुरूप ड्यूटि की जा रही है। आयुक्त ने कहा कि यदि किन्हीं भी चिकित्सकों द्वारा ओपीडी ड्यूटि में लापरवाही बरती जा रही है तो उनके खिलाफ कार्रवाई करें। इसके अलावे उन्होंने अनुमंडल एवं प्रखंड के स्वास्थ्य केंद्रों में भी ओपीडी को सुचारू रूप से संचालित करने का निर्देश दिया। जमुई की ओपीडी के प्रतिशत पर आयुक्त द्वारा नाराजगी व्यक्त करते हुए उन्हें सुधार का निर्देश दिया। वहीं आईपीडी की सेवा में लखीसराय एवं शेखपुरा के असंतोषजनक रिपोर्ट पर नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित सिविल सर्जन को चिकित्सकों के खिलाफ कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि किस वजह से आईपीडी सेवा बाधित हो रही है, उसकी जांच करें तथा संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मियों के विरूद्ध कार्रवाई करें।

रोगी कल्याण समिति की बैठक की जानकारी लेते हुए आयुक्त ने कहा कि इसकी बैठक अत्यंत ही महत्वपूर्ण है। जिला के अस्पतालों में डायलासिस की जानकारी लेते हुए उन्होंने कहा कि सभी व्यवस्था तो ठीक है, परन्तु इसके लिए आरओ वाटर की जो व्यवस्था है, वह सही नहीं है। निर्धारित उपलब्धता के अनुरूप आरओ वाटर उपलब्ध नहीं हो पाती है जिसके कारण से कार्य थोड़ा प्रभावित होता है। उन्होंने आरओ वाटर प्लांट की पूरी व्यवस्था कराने का निर्देश दिया। सभी जिलों में सीटी स्कैन के संचालन की भी आयुक्त द्वारा जानकारी ली गयी। जमुई छोड़ सभी जिलों में इसका संचालन किया जा रहा है। जमुई में सीटी स्कैन संचालित नहीं होने पर उन्होंने खेद प्रकट किया। उन्होंने कहा कि जमुई भी इस ओर शीघ्र कार्रवाई करें और सीटी स्कैन का समुचित संचालन कराएं। उन्होंने कहा कि अस्पतालों में सीटी स्कैन के संचालन से आम जनों को आर्थिक रूप से भी काफी लाभ मिल रहा है, लेकिन प्रचार प्रसार की कमी के कारण लोग अस्पताल में नहीं करा पा रहे हैं, इस लिए इसके प्रचार प्रसार की ओर भी कार्रवाई करें।

इसके अलावे एक्स–रे एवं अल्ट्रासाउंड व्यवस्था की भी जानकारी ली गयी। आयुक्त ने कहा कि प्रसव पूर्व जांच में प्रायः अल्ट्रासाउंड करने के लिए चिकित्सकों द्वारा प्रिस्क्राइब किया जाता है, लेकिन कुछ जिलों में समुचित अल्ट्रा साउंड की व्यवस्था नहीं होने के कारण यह व्यवस्था प्रभावित होती है।

## संक्षिप्त खबरें ।

### विद्युत की चपेट में आकर युवक झुलसा, जीएमसीएच रेफर

ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा

बगहा। विद्युत पोल पर चढ़ करफ काम कर रहा एक 24 वर्षीय युवक विद्युत की चपेट में आकर बुरी तरह झूलस गया। स्वजन उसे इलाज के लिए बगहा अनुमण्डलीय अस्पताल भर्ती कराया जहां उपस्थित चिकित्सक डॉ. संजय गुप्ता ने उपचार के बाद गंभीर स्तिथि देख कर बेहतर इलाज के लिए जीएमसीएच बेतिया रेहरा कर दिया। झुलसे युवक की पहचान चौतरवा थाना क्षेत्र निवासी बहुवरवा फार्म निवासी राजेंद्र कुशवाहा का पुत्र 24 वर्षीय टुनटुन कुशवाहा हैं। मिली जानकारी अनुसार युवक बिजली मिस्त्री है। विद्युत पोल पर चढ़ काम कर रहा था उसी दौरान करंट लगने से झुलस गया है। खबर लिखे जाने तक युवक की स्थिति गम्भीर बनी हुई थी।

### मूसलाधार बारिश होने से आरओबी के दोनो सड़कों के बीच लगा जलजमाव, लोगों को हुई परेशानी

ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा

बगहा।बगहा नगर में लगातार कई दिनों से भीषण गर्मी व उमस से लोग परेशान थे।आपको बता दें कि विगत 27 मई को बगहा में मूसलाधार बारिश हुई थी। जिससे यहां लोगों को गर्मी से राहत मिली थी। ठीक एक महीने बाद बुधवार को सुबह से दोपहर तक मूसलाधार बारिश होने से लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिली हैं।।मूसलाधार बारिश से जहां ल किसानों एवं लोगों ने राहत सांस लिए हैं तो दूसरी तरफ बगहा नगर क्षेत्र में जगह–जगह जलजमाव से लोग परेशान दिखे, बगहा दो नगर में बने आरओबी पुल के दोनों सड़कों के बीच काली जलजमाव हो गया रहा, जिससे लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।वही बगहा नगर द्वारा अभी तक पानी निकासी की व्यवस्था नहीं की गई है।जिस कारण जगह–जगह पर जलजमाव की समस्या देखने को मिला।बगहा नगर के लोगों ने कहा कि नगर परिषद बगहा सिर्फ नाम का ही हैं।लेकिन एक दिन के ही मूसलाधार बारिश में लगे जलजमाव से निजात नहीं दिलाया जा रहा हैं और वही नगर क्षेत्र में लगातार मूसलाधार बारिश में होने पर क्या होगा। नगर के लोगों ने नगर परिषद से मांग किया है कि जल्द से जल्द नगर क्षेत्र से जलजमाव की समस्या को दूर किया जाए।अन्यथा जब मूसलाधार बारिश होने लगेगी तो बगहा नगर चारों तरफ जल जमाव के कारण नगर वासियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता हैं।

### विद्यालय के बच्चे आपस में भिड़ एक ज़ख्मी

ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा

बगहा। बुधवार को नगर के डीएम एकेडमी में स्कूल की छुट्टी होने के बाद विद्यालय के सामने एनएच 727 बगहा व बेतिया मुख्य मार्ग पर विद्यालय के बच्चे आपस में भिड़ गए। इस दौरान दोनों पक्षों में जमकर मारपीट हुई। आस पास के दुकानदार सहित राहगीर मारपीट को देखते रहे। शोर शराबा होता रहा, बावजूद इसके विद्यालय के प्रधानाध्यापक अपने कक्ष में आराम फरमाते रहे। मारपीट में एक छात्र गंभीर रूप से जख्मी हो गया। उसे स्थानीय स्तर पर इलाज कराया गया। घायल छात्र नगर थाना क्षेत्र के वार्ड नंबर 27 पवरिया टोला मोहल्ला निवासी मोहम्मद सफायद बताया गया है। प्रधानाध्यापक बलिराम साह ने घटना के बारे में कोई जानकारी नहीं होने, स्कूल की छुट्टी होने की बात कहते हुए अपना पल्ला झाड़ लिए। बताते चलें की कुछ ही दूरी पर नगर थाना व 112 पुलिस की गाड़ी भी लगी रहती है। इसके बावजूद भी सड़क पर सरेआम मारपीट हो रहा है।

### मोतिहारीः अपनी मांगों को लेकर हड़ताल पर गये सफाई कर्मी, इलाके में चरमराई सफाई व्यवस्था

ब्यूरो चीफ मोतिहारी शशिकांत

पूर्वी चम्पारण अपनी मांगों को लेकर मोतिहारी के सुगौली नगर पंचायत के सफाईकर्मी हड़ताल पर हैं। हड़ताली सफाई कर्मियों ने नगर पंचायत कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन किया और जमकर नारेबाजी भी किया है। सफाई कर्मियों की हड़ताल के कारण नगर क्षेत्र की सफाई व्यवस्था प्रभावित हुई है। जिससे आम लोगों को भारी परेशानी हो रही है। सफाई कर्मचारियों के हड़ताल पर जाने से नाले से निकाले गए कचड़ा जगह–जगह पड़ा हुआ है। बारिश होने की वजह से रोड पर पड़े कचड़े अब बहने लगे हैं। जिससे सड़क पर चलना लोगों के लिए मुश्किल हो रहा है। सुगौली की सफाई व्यवस्था फिर से सुचारू रूप से बहाल हो और किसी भी प्रकार की गंदगी से बीमारी का खतरा न बनी रहे। यह मांग स्थानीय लोग कर रहे हैं। वही नगर पंचायत के स्वच्छता प्रबंधक मोइन अंसारी ने बताया कि सफाई कर्मियों की मांग नगर पंचायत के नियम के अनुकूल नहीं है। विभागीय नियम के अनुसार उनको उपलब्ध सुविधाएं दी जा रही है।

# विकास के कार्यों को गति देते हुए सभी कार्यों को ससमय पूर्ण कराई जाए: जिलाधिकारी

लोकतंत्र की आवाज

**ब्यूरो चीफ मोतिहारी शशिकांत**

**मोतिहारी ।** पूर्वी चंपारण समाहरणालय स्थित डॉ राधाकृष्णन भवन में जिला समन्वय समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी श्री सौरभ जोरवाल ने कहा कि मुख्यालय पटना से प्राप्त विभागीय पत्रों के माध्यम से जो भी कार्य निर्देशित हैं, सभी विभागीय पदाधिकारी उन कार्यों को ससमय पूर्ण कराना सुनिश्चित करें एवं इससे संबंधित प्रतिवेदन जिला को उपलब्ध कराते हुए अपने–अपने विभाग को भी उपलब्ध कराएं। जिलाधिकारी ने कहा कि विकास के कार्यों को गति देने में अगर दो या तीन विभागों के सहयोग की जरूरत है तो जहां कहीं भी दिक्कत है या बाधा है, उसको इस बैठक में बताएं एवं आपसी सहयोग तथा समन्वय के साथ कार्यों को संपन्न कराएं। डीएम ने कहा कि सभी प्रखंडों के लिए वरीय पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति नए सिरे से कर दी गई है। सभी वरीय पदाधिकारी अपने संबंधित प्रखंडों में भ्रमण कर सरकार की चल रही योजनाओं

जिलाधिकारी श्री सौरभ जोरवाल ने कहा.......



की जांच करेंगे एवं उसका समय प्रतिवेदन देंगे। उन्होंने कहा कि क्षेत्र भ्रमण के दौरान महादलित दोनों में जरूर जाएंगे और वहां लोगों से मिलकर उनको मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी प्राप्त करेंगे। जिलाधिकारी ने कहा कि जिला के वरीय पदाधिकारी भी सप्ताह में एक दिन क्षेत्र भ्रमण करें एवम योजनाओं की जांच कर उसी दिन संध्या में प्रतिवेदन उपलब्ध कराएंगे। इस बैठक में जिला स्तरीय सभी कार्यालयों का एजेन्डावार समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों एवं विडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से जुड़े सभी प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी को निर्देश दिया कि पदाधिकारी अपने–अपने कार्यालय की साफ–सफाई पर विशेष ध्यान देंगे तथा कार्यालय को स्वच्छ बनाए रखने के लिए सभी जरूरी कदम उठाएंगे। सभी पदाधिकारी एवं कर्मी समय पर कार्यालय आयें एवं बायोमेट्रिक एटेन्डेंस दर्ज करें। सभी पदाधिकारी इससे संबंधित प्रतिवेदन जिला मुख्यालय को हर माह उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे। जिला स्तर के पदाधिकारी सप्ताह में एक दिन अपने आवंटित प्रखण्ड कार्यालय का निरीक्षण करेंगे। जन संवाद से संबंधित मामलों का निष्पादन पदाधिकारी अपने स्तर से करेंगे। प्रत्येक पंचायत में स्पोर्ट्स क्लब के निर्माण पर भी चर्चा हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रत्येक माह में दो बार इस तरह की बैठकर आयोजित की जाएगी। अगली बैठक में बायोमैट्रिक अटेंडेंस से संबंधित प्रतिवेदन लिया जाएगा। उन्होंने सभी अंचलों में अनुग्रह अनुदान की लंबित मामलों के शीघ्र निष्पादन का निर्देश दिया। धान अधिप्राप्ति, खनन, आपूर्ति, मध् निषेध एवं अभियोजन के मामलों के संबंध में पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि विशेष कार्य पदाधिकारी से मिलकर बैठक का आयोजन करें और इसे अगले मासिक टूर प्रोग्राम में भी डलवा दें। जिलाधिकारी ने कहा कि शिक्षा विभाग से संबंधित ऐप के माध्यम से शिक्षकों की उपस्थिति बनाने का निर्देश प्राप्त हुआ है इसे सुनिश्चित कराई जाए। ग्रामीण कार्य विभाग एवं एनएचएआई से संबंधित मामलों के शीघ्र निष्पादन का संबंधित अंचल अधिकारियों को निर्देश दिया गया। प्रखंडों के लिए प्रतिनियुक्त वरीय पदाधिकारियों को जिला के सभी प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी के कार्यायलयों का निरीक्षण करने का निर्देश दिया गया।बैठक में जिलाधिकारी के साथ उप विकास आयुक्त श्री समीर सौरभ सहित सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थे जबकि प्रखंडों से प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी एवं अन्य पदाधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से जुड़े हुए थे।

## पत्रकार हत्याकांड शामिल आरोपियो को पुलिस जल्द करें गिरफ्तार एवं पत्रकारों के हित में सुरक्षा कानून बनाए सरकार



लोकतंत्र की आवाज

**ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा**

**बेतिया ।** मुजफ्फरपुर के मनियारी थाना क्षेत्र निवासी तथा तेज तर्रार युवा पत्रकार शिव शंकर झां कि अज्ञात अपराध के द्वारा चाकू से गोद कर कि गई हत्या पर पत्रकारों का संगठन वाल्मीकि प्रेस ट्रस्ट कड़ी आपत्ति जताई है तथा घटना में शामिल अपराधियों को अभिलंब गिरफ्तारी की मांग की है वहीं मृतक पत्रकार परिजनों को मुआवजा देने की भी मांग की है साथ ही साथ पत्रकारों को सुरक्षा मुहैया उपलब्ध कराने कि बात कही गई इस संबंध में संगठन के सचिव निरंकार भास्कर ने बताया कि आये दिन पत्रकारों के साथ ऐसी घटनाएं हो रही है परन्तु राज्य सरकार पत्रकारों के हित में कोई कानून नहीं बना पा रही जबकि बिहार को छोड़कर अन्य कई राज्यों में पत्रकारों की सुरक्षा के हित में कानून बनाया गया है अगर इसी तरह देश के चौथे स्तंभ के साथ होता रहा तो आने वाले दिनों में लोकतंत्र भी ख़तरे में आ सकता है क्योंकि सच्चाई दिखाने एव लिखने वाले प्रहरी जब रहेंगे ही नहीं तो समाज का मुद्दा कौन उठायेगा ऐसे मामलों में न्यायपालिका कार्यपालिका दोनों को हस्तक्षेप करना होगा ताकि चौथे स्तंभ कि रक्षा हो सके इस हत्या कांड कि भर्त्सना करने वालों में अध्यक्ष राणा प्रताप गुप्ता, उपाध्याय अश्वनी कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष अतुल कुमार, मिडिया प्रभारी शेखर सोनी, राकेश कुमार, जयकिशौर शार्मा, सत्यम सिंघानिया, राजेश कुमार, सोनू भारद्वाज, धर्मेंद्र सोनी, शत्रुघ्न शर्मा, नवीन कुमार, मिथिलेश कुमार, रवि कुमार, मनिष पोद्दार, संतोष कुमार, ललित मोहन झा, मधुसूदन गुप्ता, संजय राव, समेत दर्जनों प्रिंट मीडिया इलेक्ट्रॉनिक मीडिया जुड़े पत्रकार मौजूद रहे।

## 4 अभियुक्त गिरफ्तार,17.4 लीटर देशी शराब जब्त

लोकतंत्र की आवाज

**ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा**

**बगहा ।** पुलिस द्वारा वाहन जांच के दौरान 67,000 रूपये का जुर्माना लगाया गया बगहा पुलिस द्वारा अपराध नियंत्रण, विधि–व्यवस्था संधारण एवं पूर्ण शराबबंदी प्रभावी हेतु संदिग्ध व्यक्ति, वाहनों का किया गया विधिवत जांच। बगहा।बगहा पुलिस जिला में मंगलवार को विगत 24 घंटा में 04 अभियुक्त की गिरफ्तारी की गई है।कुल–13 वारंट का निष्पादन किया गया है, जिसमें जमानतीय 01 अजमानतीय 12 है। उक्त जानकारी पुलिस अधीक्षक, बगहा सुशांत कुमार सरोज ने प्रेस रिलीज़ जारी करके दिया।उन्होंने बताया कि नौरंगिया थाना, भितहाँ थाना द्वारा शराब के काण्ड एवं वारंट में 04 अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।वही चौतरवा थाना द्वारा 17.4 लीटर देशी शराब जब्त किया गया हैं।इस संबंध में चौतरवा थाना द्वारा काण्ड दर्ज कर अग्रतर कार्रवाई की जा रही है।एसपी ने बताया कि बगहा पुलिस द्वारा को अपराध



नियंत्रण हेतु वाहन जॉच किया गया।जॉच के क्रम में यातायात थाना द्वारा–14,000, रामनगर थाना द्वारा–12,500, पटखौली थाना द्वारा–12000, धनहाँ थाना द्वारा–12,000, बगहा थाना द्वारा–9,500, चौतरवा थाना द्वारा–7,000 इस प्रकार कुल 67,000 रूपये का जुर्माना लगाया गया।एसपी श्री सरोज ने बताया कि बगहा पुलिस जिला में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए मंगलवार की रात्रि में विभिन्न थाना क्षेत्रों में बगहा पुलिस द्वारा अपराध नियंत्रण, विधि–व्यवस्था संधारण एवं पूर्ण शराबबंदी प्रभावी हेतु संदिग्ध व्यक्ति, वाहनों का विधिवत जांच किया गया।

## जयनगर में आयोजित सम्मान समारोह के कायक्रम में रोटी बैंक बेतिया के संस्थापक सहित सदस्यों को जयनगर टीम ने किया मेडल व अंग वस्त्र देकर सम्मानित

लोकतंत्र की आवाज

**क्षितिज राज**

रोटी बैंक बेतिया, एक धर्मार्थ ट्रस्ट है जो गरीबों, जरूरतमंदों को भोजन कराने और प्रभावशाली सामाजिक कार्य करने के लिए समर्पित है, को रोटी बैंक जयनगर द्वारा आयोजित एक प्रतिष्ठित राष्ट्रीय कार्यक्रम में सम्मानित किया गया। इस अवसर पर एस.एस.बी कमांडेंट, पुलिस अधीक्षक विवेक ओझा डीएसपी विप्लव्य कुमार, थाना प्रभारी अंकुर कुमार एवं भारत के विभिन्न हिस्सों से रोटी बैंक के जोशीले स्वयंसेवक एक साथ आए, जो समाज में कम भाग्यशाली लोगों की सेवा करने के महान उद्देश्य के लिए प्रतिबद्ध हैं।रोटी बैंक जयनगर के लक्की कुमार और रोटी बैंक छपरा से रवि शंकर उपाध्याय जी ने कहा कि मेरे लिए



ऐतिहासिक और गर्व का पल है कि हम मानव सेवा में तत्पर रहने वाले रोटी बैंक बेतिया को मां जानकी की धरती जयनगर में सम्मान दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि रोटी बैंक बेतिया ट्रस्ट की टीम आज के युवाओं के लिए प्रेरणा है।रोटी बैंक जयनगर द्वारा आयोजित कार्यक्रम में, रोटी बैंक बेतिया को उनकी उत्कृष्ट सेवा और सामाजिक कल्याण के प्रति अटूट प्रतिबद्धता के लिए सम्मानित किया गया। स्वयंसेवकों को भूखों को भोजन कराने और जरूरतमंद लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने के उद्देश्य से विभिन्न सामाजिक पहलों का समर्थन करने के उनके अथक प्रयासों के लिए सराहना की गई।इस सम्मान के आलोक में, रोटी बैंक बेतिया संस्थापक संजू गिरि ने यह सम्मान उन सभी दानदाताओं, समर्थकों और शुभचिंतकों को समर्पित किया है, जो मानवता की सेवा के उनके मिशन में उनके साथ खड़े रहे हैं। इन व्यक्तियों के सामूहिक प्रयासों और उदारता के माध्यम से ही रोटी बैंक बेतिया एक सार्थक प्रभाव डालने और प्रतिकूल परिस्थितियों का सामना करने वालों के लिए आशा लाने में सक्षम हुआ है। वही इस गर्व के पल को अनुभव करने के लिए कार्यक्रम में रोटी बैंक बेतिया ट्रस्ट के, अंकित बरनवाल, प्रकाश गुप्ता, सोनू जायसवाल, विनीत कुमार, कुश कश्यप, सतीश पटेल, नितेश पांडे, संदीप जयसवाल, चंदन सैनी, सुमित ठाकुर, राहुल जायसवाल मौजूद रहें।

## सिसवा बसंतपुर में दहेज के लिए पति ने की पत्नी की हत्या, पुलिस ने किया गन्ने की खेत से शव बरामद , दो गिरफ्तार

लोकतंत्र की आवाज

**बगहा से ब्यूरो नीरज मिश्रा**

**बगहा।** पुलिस जिला के चौतरवा थाना क्षेत्र स्थित सिसवा – बसंतपुर पंचायत के बसंतपुर गांव के सरेह गन्ना की खेत से बुधवार की दोपहर पुलिस ने एक महिला की शव को बरामद किया है। पुलिस इन्स्पेक्टर सह चौतरवा थानाध्यक्ष संजीत कुमार ने बताया कि बरामद शव को पोस्टमार्टम हेतु अनुमंडलीय अस्पताल बगहा भेजा गया है। मामले में दो लोगों को गिरफ्तार कर ली गई है। उन्होंने बताया कि घटना के संदर्भ में मृत महिला रोजी प्रवीण के मां नजमा खातुन पति मो जसीम अंसारी साकिन शराफतपुर बागडिगी बस्ती, थाना जोरा पोखर जिला धनबाद के लिखित आवेदन के आधार पर एफआईआर दर्ज




की गई है। दर्ज एफआईआर में वादिनी नजमा खातुन ने दहेज के लिए अपनी पूत्री रोजी प्रवीण की हत्या करने का आरोप लगाते हुए बसंतपुर गांव के मृतका के पति शाहिद, ससुर मो आलम व सास नबुमा खातुन को नामजद अभियुक्त बनाई है। थानाध्यक्ष ने बताया कि कांड की तकनीकी अनुसंधान, श्वान दास्ता टीम एवं एस एफ एल टीम द्वारा की जा रही है। तथा कांड के प्राथमिकी अभियुक्त मो आलम व नबुमा खातुन को गिरफ्तार कर लिया कर थाना लाया गया है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्तों से घटना के बावत आवश्यक पुछ ताछ की जा रही है। तथा गिरफ्तार व्यक्तियों के निशानदेही पर बसंतपुर सरेह गन्ना की खेत से मृतका रोजी प्रवीण का शव बरामद किया गया। तथा कांड में बचें अभियुक्त की गिरफ्तारी को लेकर छापेमारी अभियान शुरु कर दी गई है।

## चंपापुर दोन जाने वाले रास्ता धोबहा नदी के समीप ध्वस्त, आवागमन बाधित

लोकतंत्र की आवाज

**ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा**

**बगहा।** अनुमंडल अंतर्गत रामनगर प्रखंड के डूमरी – गोवर्धना से चंपापुर दोन जाने वाले रास्ते अचानक बारिश आने से धोबहा नदी नाले ध्वस्त हो गया है, घटना मंगलवार की है। जंगल के रास्ते ध्वस्त हो जाने से जंगल क्षेत्र के दो पंचायत के लोगों की आवागमन की परेशानी बढ गई है। हांलाकि ध्वस्त सड़क को बनाने की दिशा में स्थानीय लोगों समेत सरकारी स्तर से पहल शुरु है। समाजसेवी विजय साह, रंजीत उरांव, जीतेन्द्र उरांव, मुन्ना खान, पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि भूप नारायण महतों समेत दर्जनों की संख्या में लोगों ने बताया कि बारिश से धोबहा नदी के समीप सड़क में पूर्व से आवागमन हेतु बनाये गये पाईप लगा कर सड़क ध्वस्त हो गया। जिससे ट्रैक्टर चालक समेत बाईक के साथ ही पैदल भी आने जाने



में परेशानी बढ़ गई है। उन्होंने बताया कि दोन जाने के लिए एकमात्र सड़क होने से बरसात पूर्व ही परेशानी बढ़ चली है। स्थानीय लोगों की माने तो अवरहिया दोन से पश्चिम जंगल स्थित बनवारी चौकीदार टोला से पूरब धोबहा नदी नाले रास्ता ध्वस्त हो जाने से दोन क्षेत्र के लोगों की अभी से परेशानी बढ़ गई है। रास्ते ध्वस्त होने से जहां जन जीवन प्रभावित है, वही रामनगर से आने जाने वाले रास्ता बाधित है। जिससे दोन क्षेत्र के लोगों को हाट, बाजार, ईलाज, अंचल व प्रखंड में आवागमन की परेशानी बढ़ चली है। साथ ही दोन क्षेत्र में आने जाने की रास्ता नहीं है। लोगों ने बताया कि बरसात पूर्व रास्ता ध्वस्त हो रहा है, जबकि पुरा बरसात बाकी है। उस परिस्थिति में दोन क्षेत्र के लोगों की रामनगर आना जाना मुश्किल हो जायेगा। तथा विकट परिस्थिति में भी दोन क्षेत्र के लोग रास्ते के अभाव में मुश्किलों की सामना करने पर विवश हो जायेंगे। ग्रामीणों ने बताया कि सड़क समस्या व दोन क्षेत्र की मुलभुत समस्याओं से स्थानीय सांसद व क्षेत्रीय विधायक से हमेशा अवगत कराया गया। बावजूद भी जनप्रतिनिधियों ने समस्या के मद्देनजर ध्यान केन्द्रित नहीं किया। जिससे दोन क्षेत्र आज भी विकास कार्यों से अछुता है। जहां सड़क, शिक्षा, चिकित्सा, पुल पुलिया, विधुत ऊर्जा जैसी मुलभुत जनकल्याणकारी योजनाओं से लोग वंचित है। दोन क्षेत्र के लोगों ने सांसद, विधायक व जिला प्रशासन से दोन क्षेत्र की समस्या को अवगत कराते हुए ध्वस्त रास्ते की मरम्मत कार्य कराने की मांग की है। ताकि दोन क्षेत्र के वासियों को आवागमन की परेशानी नहीं हो सकें।

## नगर निगम में 56.96 करोड़ की लागत से स्टॉर्म वॉटर ड्रेनेज सिस्टम की अगले माह से शुरुआत:गरिमा

लोकतंत्र की आवाज

**क्षितिज राज**

आत्मनिर्भर बिहार के सात निश्चय 2 के अंतर्गत बेतिया नगर के शहरी क्षेत्र को जल जमाव मुक्त बनाने के लिए तेज गति से जल निकासी योजना की बुडको को मिली है नए ड्रेनेज सिस्टम की निगरानी, दिल्ली के प्रीतमपुरा की कंपनी 'मेसर्स सीके इंफ्रा लिमिटेड और मेसर्स बिल्ड नेट इंगर्स' को योजना पूरी करने की मिली है जिम्मेदारी और कार्यादेश, महापौर ने अपने पूर्ववर्ती कार्यकाल में नगर विकास विभाग को भेजा था बढ़ी आबादी के अनुसार नई जल निकासी व्यवस्था बनाने का प्रस्ताव, बेतियाः नगर निगम की महापौर गरिमा देवी सिकारिया ने का कि नगर निगम के सघन शहरी क्षेत्र में अगले माह से 56.96 करोड़ लागत वाला स्लैब सहित स्टॉर्म वाटर ड्रेनेज सिस्टम नाला के निर्माण कार्य की शुरुआत होगी। इस



प्रणाली का अर्थ तूफानी गति से जल निकासी प्रणाली को प्रभावी बनाना होता है। ताकि बरसात के मौसम में जल जमाव का शबब बनने वाला जमा हुआ जल तूफानी गति से निकल जाना सुनिश्चित हो सके। महापौर ने यह भी बताया कि आत्मनिर्भर बिहार के सात निश्चय 2 के अंतर्गत नगर निगम के पूरे सघन शहरी क्षेत्र का पानी संबंधित मुख्य नाले तक पहुंचाने के लिए डिज़ाइन किया गया है। महापौर गरिमा देवी सिकारिया ने बताया कि नगर विकास एवं आवास विभाग से स्वीकृत एवं फलित होने जा रहा यह नया जल निकासी सिस्टम बीते करीब साढ़े तीन साल के उनके अथक प्रयास के बाद अब फलीभूत रूप मे है। जिसके तहत नगर निगम क्षेत्र के सघन शहरी क्षेत्र के लिए 56.96 करोड़ लागत वाला नया स्टॉर्म वॉटर ड्रेनेज सिस्टम संभव हुआ है। महापौर श्रीमती सिकारिया ने्न बताया कि बुडको अर्थात बिहार अर्बन इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कॉरपोरेशन से इसकी निविदा प्रक्रिया विगत 12 फरवरी को ही पूरी की जा चुकी है। इसके लिए दिल्ली के प्रीतमपुरा की कंपनी मेसर्स सीके इंफ्रा लिमिटेड और मेसर्स बिल्डनेट इंगर्स को कार्यादेश भी जारी करते हुए बुडको ने अपनी टीम भी तैनात कर दी है। महापौर ने यह भी बताया कि इस कार्य के लिए बुडको से तैनात सहायक परियोजना निदेशक ई.विश्वजीत कुमार और अभियंता ई.जितेंद्र कुमार आदि के साथ उनकी मीटिंग भी हो चुकी है। लेकिन लोक सभा चुनाव की आचार संहिता के कारण इसकी शुरुआत में कुछ विलंब हुआ है। महापौर श्रीमती सिकारिया ने बताया कि इससे पूर्व बेतिया सहित कुल 9 नगर निगमों के लिए ऐसी ही योजनाओं को स्वीकृति मिली है। महापौर ने बताया कि पूर्ववर्ती नगर परिषद के सभापति वाले कार्यकाल में सघन क्षेत्र में आबादी के अनुसार नई जल निकासी व्यवस्था के लिए स्ट्रॉम वाटर ड्रेनेज सिस्टम निर्माण का प्रस्ताव भेजा था। जिसके पेंडिंग रह जाने के कारण अपने वर्त्तमान कार्यकाल स्वीकृति दिलवाने के लिए मैं बीते सितंबर माह में विभाग के अपर मुख्य सचिव से मिल कर इसकी अंतिम स्वीकृति दिलाने का अनुरोध की थी। जिसके फल स्वरूप बिहार मंत्री परिषद से इसकी स्वीकृति मिली। इसी आधार पर अब 56.96 करोड़ लागत वाली कुल 9 योजनाओं की निविदा विभागीय स्वीकृत के आधार पर बुडको के माध्यम से पूरी किए जाने की शुरुआत अगले माह से हो जाने की पूरी तैयारी है।

इस योजना को पूरी करने की समय सीमा 24 माह अर्थात दो साल निर्धारित की गई है। जिसके अनुसार कुल 9 खंड में बंटे नए और विस्तृत सिवरेज सिस्टम से सुगम जल निकासी का लाभ से सघन शहरी क्षेत्र के करीब पौने दो लाख की आबादी को मिलने लगेगा। जिससे व्यवस्थित और सुचारू जल निकासी व्यवस्था सुनिश्चित हो जायेगी। श्रीमती सिकारिया ने बताया कि स्वीकृत योजना के तहत नगर थाना से अनरी चुनरी आउट फॉल तक करीब 7 किलो मीटर तक का अंडर ग्राउंड नाला निर्माण के साथ आठ और योजनाएं शामिल हैं।जिसमें नगर थाना से किशुन बाग होते हुए गयासुद्दीन के घर के आउट फॉल तक सवा दो किलो मीटर नाला निर्माण, डीएम आवास से सर्किट हाउस, मुहर्रम चौक होते हुए स्टेशन चौक पुल तक एवं कलेक्ट्रेट चौक से केपी प्लस टू गर्ल्स स्कूल होकर आउट फॉल में मिलने तक 1. 6 किलोमीटर नाला निर्माण शामिल है। महापौर श्रीमती सिकारिया ने बताया कि मंत्री परिषद से स्वीकृत योजना में गैसलाल चौक से भोला कुमार के घर के पास नाला से मिलने तक करीब 800 मीटर लिंक नाला निर्माण के साथ सत्यनारायण पेट्रोल पंप के पश्चिम आलोक भारती चौक होते हुए संतावन बाबा मठ के चंद्रावत नदी में आउट फॉल तक कर एक किलो मीटर नाला निर्माण शामिल है। वही नगर के हरनाथ स्कूल से डॉ.दिनेश राय के क्लीनिक से उत्तर द्वारदेवी चौक होते एन एच 727 पार डॉ. नासिर अली के क्लीनिक के पीछे वाले रेलवे लाइन के आउटफॉल तक करीब 1. 8 किलोमीटर नाला निर्माण शामिल है। नगर निगम महापौर गरिमा ने आगे बताया कि नगर के टीके मुखर्जी चौक से संत तरेसा चौक और कोयला डिपो से कमलनाथ नगर होते सुप्रिया सिनेमा होकर रेलवे लाइन के आउट फॉल तक 1. 6 किलोमीटर नाला निर्माण स्वीकृत हुआ है। इसी प्रकार आलोक भारती चौक से मीना बाजार सब्जी मंडी होते हुए जगदंबा नगर पुल चंद्रावत नदी आउट फॉल तक करीब एक किलो मीटर और सागर पोखरा चौक से पायोनियर कोचिंग सेंटर तक एवं दुर्गा बाग मंदिर के पूरब गेट से वन विभाग कार्यालय होकर एजी मिशन स्कूल होते समीपवर्ती आउट फॉल तक करीब एक किलो मीटर अर्थात कुल करीब 18.50 किलोमीटर तक के लिए नया सिवरेज सिस्टम वाला करीब तीन से दस फीट चौड़ा विशाल नाला निर्माण की करीब तीन साल पुराने महापौर गरिमा के 56.96 करोड़ लागत वाले ड्रीम प्रोजेक्ट पूरा होने से नगर निगम की जनता रूपी जनार्दन के आशीवाद से जन सेवा का मेरा एक महत्वपूर्ण संकल्प पूरा होगा।

## संक्षिप्त खबरें ।

### आपातकाल की याद में भाजपाईयों ने काली पट्टी बांध जताया विरोध



लोकतंत्र की आवाज़
दिलिपकुमार ठाकुर

खानपुर/समस्तीपुर। प्रखंड में भाजपा कार्यकर्ता द्वारा आपातकाल की याद में काला दिवस मनाया गया। सभी कार्यकर्ता अपने बांह पर काला पट्टी बांध सांकेतिक विरोध जाहिर किया। इस अवसर पर पूर्व बीस सूत्री सह भाजपा प्रखंड अध्यक्ष संजीव कुमार सिंह ने कहा कि 25 जून 1975 का दिन भारत के इतिहास में हमेशा काला दिन के रुप में याद किया जाएगा। आपातकाल देश के इतिहास का काला दिन है। यह दिन याद दिलाता है कि किस तरह कांग्रेस सरकार ने दमनकारी नीति के तहत लोगों में डर पैदा किया और अपनी सरकार बचाने के लिए मनमानी की। इंदिरा सरकार में लगाए गए आपातकाल के विरोध में भाजपा के कार्यकर्ताओं ने बांह में काला पट्टी बांधकर विरोध जाहिर किया। उन्होंने बताया कि 25 जून 1975 भारत के इतिहास में हमेशा काला दिन के तौर पर याद किया जाएगा। मौके पर पूर्व बीस सूत्री सह भाजपा प्रखंड अध्यक्ष संजीव कुमार सिंह, भाजपा मंडल महामंत्री बम भोला सिंह, भाजपा नेता ध्रवेंदर झा, उपाध्यक्ष राम बाबू चौधरी, मुरारी चौधरी, प्रमोद सहनी, जगरनाथ चौधरी, रामसुदिष्ट झा, अजय सहनी, एवम् खानपुर दक्षिणी मंडल के अन्य भाजपा कार्य कर्ता गण मौजुद रहे है।

### सिरदला- पुलिस ने कर्माटांड़ गांव से एक आरोपी को किया गिरफ्तार भेजा न्यायालय



लोकतंत्र की आवाज

प्रदीप प्रसाद संवाददाता सिरदला। परना डाबर पुलिस ने क्षेत्र के कर्माटांड़ गांव में छापेमारी कर शराब मामले के एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष रंजन चौधरी से प्राप्त जानकारी के अनुसार गिरफ्तार आरोपी की पहचान कर्माटांड़ गांव निवासी महेंद्र यादव के पुत्र अखिलेश कुमार बताया गया है। जिसके विरुद्ध परना डाबर थाना कांड संख्या 16/24 प्राथमिकी दर्ज है। गिरफ्तार आरोपी को पुलिस ने व्यवहार न्यायालय नवादा भेज दिया है।

### पकरीबरावां: बाइक की टक्कर से किशोर जख्मी, हालत गंभीर

लोकतंत्र की आवाज
धर्मेंद्र कुमार शर्मा

पकरीबरावां। बुधौली पथ पर पकरीबरावां थाना क्षेत्र अंतर्गत भुरहा मोड़ के पास बाइक की टक्कर से 7वीं का छात्र बुरी तरह जख्मी हो गया। घटना मंगलवार की संध्या करीब 6 बजे की बताई जा रही है, जहां पकरीबरावां से ट्यूशन पढ़कर लौट रहे छात्र को बाइक सवार ने टक्कर मार दी। छात्र की पहचान भुरहा गांव के धनपत चौहान के पुत्र घनश्याम कुमार के रूप में की गई।बताया जाता है कि किशोर बस से भुरहा मोड़ पर उतरा था। इसी बीच पकरीबरावां की ओर से आ रहे बाइक सवार ने टक्कर मार दी। किशोर अचेत होकर जमीन पर गिर पड़ा। बाइक सवार को भी चोटे आई है। घटना की सूचना पर घनश्याम के परिजनों ने उसे एवं बाइक सवार को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पकरीबरावां ले गए, जहां से दोनों को नवादा रेफर कर दिया गया। वहीं, गंभीर रूप से घायल घनश्याम को रेफर कर दिया गया। फिलहाल उसका इलाज नवादा के निजी अस्पताल में चल रहा है, जहां हालत गंभीर बनीं हुई है।इधर, सूचना पर पहुंची पकरीबरावां पुलिस ने मामले की जांच करते हुए आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

### शिक्षा का बुरा हाल, नौमी क्लास का बच्चा कट्टा लेकर गया स्कूल

लोकतंत्र की आवाज
केदार नाथ पाण्डेय

पीरपैंती। पीरपैंती थाना अंतर्गत शिक्षा विभाग से एक ऐसा मामला सामने आया है जो बिहार के शिक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर रहा है ? मामले की जानकारी पीरपैंती एसडीपीओ 2 डॉ अर्जुन कुमार गुप्ता द्वारा दिया गया। जिसमे उन्होंने बताया की उत्कर्मित माध्यमिक विद्यालय पीरपैंती बाजार , जो पीरपैंती थाने से महज़ दो कदम पर है, बुधवार को स्कूल के छात्रों में छोटा मोटा आपसी विवाद होता है। लगभग 12 वर्ष का छात्र घर से देशी कट्टा लेकर आता है, जिससे स्कूल के छात्रों में अफरा तफरी मच जाती है।बच्चों द्वारा स्कूल टीचर को इसकी जानकारी दी जाती है। टीचर द्वारा थाना प्रभारी नीरज कुमार को सुचना दी गई।थाना प्रभारी द्वारा तत्काल आपने सहकर्मी द्वारा स्कूल पहुंच कर दो बच्चों को देसी कट्टे के साथ थाना लाया। पूछताछ में बताया की ये कट्टा उसे खेत में मिला था। डा अर्जून गुप्ता एस डी पी ओ 2 ने बताया कि अनुसंधान जारी है। आखिर छोटे बच्चे कहा से अवैध हथियार लाए।

# ओम बिरला को 18 वीं लोकसभा में अध्यक्ष चुने जाने पर माहेश्वरी युवा संगठन ने खुशी जाहिर की, संगठन ने पीएम मोदी को भी बधाई दी

लोकतंत्र की आवाज





मुन्ना ठाकुर

**फारबिसगंज / अररिया।** माहेश्वरी समाज के गौरव एवं राजस्थान कोटा संसदीय क्षेत्र के सांसद ओम बिरला को 18 वीं लोकसभा में अध्यक्ष पद पर निर्वाचित होने पर फारबिसगंज माहेश्वरी युवा संगठन में खुशी का माहौल है। बुधवार को बैठक ओम बिरला जी के लोकसभा अध्यक्ष निर्वाचित होने पर एक दुसरे को बधाई दी। समाज के मीडिया प्रभारी राजकुमार लड्ढा उर्फ पप्पू लड्ढा, अध्यक्ष महेश सारड़ा सचिव अभिषेक खेमानी एव विनीत खेमानी ने खुशी ब्यक्त करते हुवे कहा कि यह हमारे माहेश्वरी समाज ही नहीं पुरे मारवाड़ी समाज के लिये खुशी एव गौरव की बात है। हम उनको बहुत बहुत बधाई देते है, देश के लिये और अच्छा कार्य करते रहें समाज का नाम ऊँचा करते रहे।

युवा संगठन के सदस्य दीपेश लढ़ा ने कहा कि यह सौभाग्य है कि हमारे समाज के गौरव दूसरी बार इस आसन पर विराजमान हो रहे हैं। इन्हें मेरी और इस पूरे माहेश्वरी समाज एवं मारवाड़ी समाज की तरफ से बहुत बहुत शुभकामना कि अमृतकाल के इस महत्वपूर्ण कालखंड में दूसरी बार इस पद पर विराजमान होना बहुत बड़ा दायित्व इनको मिला है। दूसरी बार अध्यक्ष बनना अपने आप में एक रिकॉर्ड है। बलराम जाखड़ को 5 साल तक काम करने के बाद दूसरे कार्यकाल के लिए अध्यक्ष के रूप में सेवा करने का अवसर मिला था और आज यह वहीं कर रहे हैं।

इस मौके पर पवन लढा, बादल मूंदड़ा, आकाश मूंदड़ा, विनीत खेमानी, विवेक खेमानी, विकास खेमानी, जितेश माहेश्वरी, आशीष खेमानी, दीपेश लढ़ा, दिलीप मारू, प्रकाश मारू, प्रतीक बाहेती, युवराज बियानी, राहुल लढ़ा, बैजू माहेश्वरी, केशव खेमानी, सुमित सारड़ा, शिवम सारड़ा, अमित सारड़ा, मनोज मारू, आदर्श, अमित मारू, गोरी शंकर सारड़ा, माधव सारड़ा, मुकेश सोनी, ऐश बियानी, विक्रम, रितेश, प्रियंका बाहेती, सालनी माहेश्वरी, संगीता माहेश्वरी, प्रीति माहेश्वरी, मनीषा माहेश्वरी, मनीषा सारड़ा, भाग्यश्री खेमानी, मोनिका खेमानी, अंजली मूंदड़ा, प्रिया खेमानी, अनामिका खेमानी, दिब्या खेमानी, ऋषिका मारू, संगीता सारड़ा, नेहा सारड़ा इत्यादि मौजूद थे। साथ ही सभी समाजजनो ने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भी धन्यवाद दिया।

# मोतिहारी में अपराधी हुए बेखौफ, चांदमारी सोसायटी कम्प्लेक्स के सचिव को मारी गोली, हुई मौत



लोकतंत्र की आवाज

**ब्यूरो चीफ मोतिहारी शशिकांत**

**पूर्वी चम्पारण।** जिला परिषद सदस्य बंजरिया व चांदमारी सोसायटी कम्प्लेक्स के सचिव सह सिसवा पूर्वी के पैक्स अध्यक्ष सुरेश यादव को अपराधियों ने चांदमारी चौक के नजदीक गोली मारकर हत्या कर दी है। वही इस घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस छानबीन में जुट गई। आनन फानन में सुरेश यादव को परिजन रहमानिया मेडिकल सेंटर ले गए जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

बताया जाता है कि मोटरसाइकिल सवार तीन अपराधियों ने दिया है वारदात को अंजाम हत्या करने के बाद रामशरण द्वार होते हुए चांदमारी मोहल्ले में भागे हत्यारे। उधर इस घटना के बाद पुलिस कार्रवाई में जुटी हुई है। वही इस घटना के बाद ज़िले भर के लोगों में रोष व्याप्त है। उधर भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी के जिला मंत्री सत्येंद्र कुमार मिश्र ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि सुरेश यादव के हत्यारे को पुलिस अविलंब गिरफ्तार करें, उन्होंने कहा कि जिला परिषद सदस्य सुरेश यादव के हत्यारे को अविलंब गिरफ्तार करें प्रशासन। वहीं श्री मिश्र ने इस हत्या प्रकरण पर आक्रोश व्यक्त करते हुए बताया कि बिहार में अपराधी बेलगाम हो गए हैं। जिसके लिए बिहार सरकार जिम्मेदार है। उन्होंने मृतक के परिजनों को 50 लाख रुपए मुआवजा तथा एक सरकारी नौकरी देने की मांग सरकार से की है।

# समस्तीपुर जिले में बाढ़ राहत केंद्रों का चयन कर होगी जियो टैगिंग

लोकतंत्र की आवाज

**समस्तीपुर।** जिला प्रशासन ने संभावित बाढ़ की तैयारियों को लेकर व्यापक कदम उठाए हैं। जिला मुख्यालय और प्रखंडों में कटाव निरोधी कार्य और सभी पंचायतों में वर्षा मापक यंत्रों को ठीक कर लिया गया है, ताकि बारिश की माप से बाढ़ की जानकारी दी जा सके। बाढ़ राहत केंद्रों का चयन कर जियो टैगिंग भी की जाएगी, जिससे बाढ़ के दौरान भौगोलिक स्थिति, फोटो, मैप और वीडियो के जरिए सटीक जानकारी प्राप्त हो सके।

डीएम योगेन्द्र सिंह ने अधिकारियों को मिलकर काम करने की सलाह दी है और बाढ़ नियंत्रण के कार्यपालक अभियंता को तटबंध सुरक्षित करने का आदेश दिया है। एसडीओ को तटबंध का निरीक्षण अभियंता के साथ करने का निर्देश दिया गया है।जिले में 281 निजी नाव मालिकों के साथ एकरारनामा किया गया है, ताकि जरूरत पड़ने पर नावों की सेवा ली जा सके। आपदा प्रबंधन प्रभारी को अंचलों में पॉलिथीन शीट उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया है। जिले में 13,000 पॉलीथीन शीट्स उपलब्ध हैं, जिनका स्टॉक वेरिफिकेशन करने का आदेश दिया गया है।अनुमंडलों में लाइफ जैकेटों का सत्यापन करने का निर्देश दिया गया है, ताकि वे क्षतिग्रस्त न हों। जिला पदाधिकारी ने निविदा के माध्यम से प्राप्त होने वाली वस्तुओं को समय से पहले प्राप्त करने का निर्देश दिया है। संभावित बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में जीआर वितरण के लिए प्रभावित परिवारों की सूची को अद्यतन कर एनआईसी पोर्टल पर अपलोड करने का निर्देश सभी सीओ और डीआईओ को दिया गया है। गोताखोरों की सूची मोबाइल नंबर सहित बनाने और मॉक ड्रिल करने का भी निर्देश दिया गया है।

# सुदूरवर्ती चोरडीहा गांव में दो कुंआ का निर्माण,डेढ़ सौ घर होंगे लाभान्वित

लोकतंत्र की आवाज



**राजेश कुमार सिन्हा**

**रजौली।** प्रखण्ड क्षेत्र के हरदिया पंचायत के फुलवरिया डैम पार स्थित सुदूरवर्ती गांव चोरडीहा में बीडीओ अनिल मिस्त्री,बीपीआओ राजन कुमार एवं मुखिया पिन्टू साव के पहल पर दो बड़े कुआं का निर्माण कार्य मनरेगा द्वारा किया जा रहा है।निर्माणाधीन कुएं का निरीक्षण बुधवार को बीडीओ ने बीपीआरओ के साथ किया।इस दौरान नगर पंचायत के स्वच्छता पदाधिकारी राहुल कुमार भी मौजूद रहे।

बीडीओ ने बताया कि डैम पार हरदिया पंचायत के दर्जनों गांव हैं।जहां पेयजल की बहुत समस्या है।ग्रामीणों को पेयजल की समस्या से निजात दिलाने के लिए चोरडीहा गांव में मनरेगा द्वारा दो कुएं का निर्माण कराया जा रहा है।बीडीओ ने बताया कि आसपास के गांव पहाड़ी क्षेत्र में बसे हुए हैं और वहां के ग्रामीण पानी के लिए चुएं आदि पर निर्भर रह रहे थे। कुएं के निर्माण के बाद सैकड़ों परिवारों का पेयजल समस्या का निवारण हो जाएगा।साथ ही ग्रामीणों को पेयजल के साथ-साथ सिंचाई के लिए भी काफी सहूलियत होगी।बीडीओ ने कहा कि इससे पहले चोरडीहा गांव में एकमात्र कुंआ था,जो गर्मी के दिनों में सुख जाया करता था।जिससे ग्रामीणों को पेयजल के लिए आसपास भटकना पड़ता था।

वहीं मुखिया पिन्टू साव ने कहा कि फुलवरिया डैम पार के कई गांव में पानी की समस्या है।लोग गर्मी के मौसम में पानी के लिए दूर-दूर तक भटकते थे।चोरडीहा गांव में हो रहे कुएं के निर्माण से लगभग 150 घरों के लोग लाभ ले पाएंगे।साथ ही कहा कि निर्माणाधीन कुएं में एक का निर्माण लगभग पूरा हो गया है एवं दूसरे कुएं का निर्माण किया जा रहा है।वहीं कुएं के निर्माण होने से ग्रामीणों के चेहरे पर खुशी के भाव छलक रहे थे।

# आधार कार्ड ई-केवाईसी व बनाने के नाम पर संचालक कर रहे प्रति व्यक्ति तीन सौ से चार सौ की लुट

लोकतंत्र की आवाज

**हो रहे लूट पर प्रशासनिक अधिकारी मोन**



- पहचान पत्र की तरह सरकार बनवावे नि:शुल्क में आधार

**मुन्ना ठाकुर**

**फारबिसगंज / अररिया ।** प्रशासनिक उदासीनता के कारण आधार कार्ड बनाने वाले केंद्रों पर लुट का छुट मचा हुआ है। आज के दौड़ में हर कार्ययो के लिये आधार कार्ड का होना सरकार द्वारा अनिवार्य कर दिया गया, चाहे बच्चों का विद्यालयों में नामांकन का हो या राशन की दुकान, बैंको में पोस्टऑफिस हर सरकारी गैर सरकारी कार्ययो में आधार कार्ड, पेन कार्ड का होना अनिवार्य है। इसी मजबुरी ला लाभ आधार बनाने वाले उठा रहे।

केवाईसी के नाम पर लोगों से आधार सेंटर वालो के द्वारा काफी मोटी रकम ली जा रही हैं।फारबिसगंज अनुमंडल सहित सभी आधार सेंटर वालो के द्वारा एक व्यक्ति से केवायसी करने पर या बनाने के नाम पर लोगों से तीन से चार सौ रुपैया ले लेते हैं।

राम मनोहर लोहिया पथ फारबिसगंज स्थित इलाहाबाद बैंक पर आधार कार्ड बनवाने आये एक व्यक्ति ने रोष व्यक्त करते हुए बताया कि आधार कार्ड बनाने वाले सेंटरों पर सरकार का कोई नियंत्रण नही है तभी तो लूट मची है, सरकार को चाहिए कि पहचान पत्र की तरह आधार कार्ड भी सरकारी केंद्रों पर फिरी में बनाया जाना चाहिए।

इन दिनों केवासी और आधार कार्ड बनाने को लेकर आधार केंद्रों पर महिला, बच्चें और युवाओं की भीड़ लगी रहती। और आधार केंद्र वाले खुले आम लुट मचाये हुए है आधार जरूरी है इसलिए लोग सरकार और प्रशासन को कोसते हुए भी मजबूरी समझ कर तीन सौ चार सौ प्रीत व्यक्ति दे देते है। गरीबी लोगों से ई-केवायसी के नाम पर मनमाने उगाई आधार कार्ड बनाने वाले संचालक इन दिनों कर रहें है।

# सिरदला- पुलिस ने खरौन्ध गांव से शराब मामले के एक आरोपी को किया गिरफ्तार भेजा न्यायालय



लोकतंत्र की आवाज

**प्रदीप प्रसाद संवाददाता सिरदला।** सिरदला पुलिस ने खरौंध गांव में छापेमारी कर शराब मामले में एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। सिरदला थाना अध्यक्ष संजीत राम से प्राप्त जानकारी के अनुसार गिरफ्तार आरोपी की पहचान करौंध गांव निवासी जमुना चौधरी के पुत्र जितेंद्र कुमार बताया गया है जिसके विरुद्ध सिरदला थाना कांड संख्या 243/24 प्राथमिक की दर्ज किया गया है। गिरफ्तार आरोपी को पुलिस ने न्यायालय में उपस्थापन हेतु भेज दिया गया है। उल्लेखनीय है कि उनके द्वारा अवैध शराब का विक्रय किया जा रहा था।

# अतिक्रमण और जाम बनी समस्तीपुर शहर की स्थायी समस्या, प्रशासन बेखबर

लोकतंत्र की आवाज

**समस्तीपुर।** जिला में अतिक्रमण और जाम की समस्या का स्थायी समाधान अब तक प्रशासनिक सुस्ती के कारण संभव नहीं हो पाया है। प्रशासन ने कई बार अभियान चलाए हैं, लेकिन वे केवल खानापूर्ति बनकर रह गए हैं। जाम की समस्या गंभीर होने पर ही अभियान शुरू किया जाता है, लेकिन निगरानी की कमी के कारण स्थिति फिर से वही हो जाती है। शहर के प्रमुख मार्गों और मोहल्लों में सड़कों के किनारे बने फुटपाथ और नालों पर दुकानदारों ने कब्जा जमा लिया है। सड़कों पर पार्किंग भी एक बड़ी समस्या है।

हाल ही में नगर निगम कार्यालय और नगर थाना के पास थानेश्वर स्थान मंदिर के इर्द-गिर्द अतिक्रमण हटाया गया था। लेकिन सफाई के बाद दुकानें फिर से सज गईं और प्रशासन मूकदर्शक बना रहा।

जिलाधिकारी के आवास, एसडीओ कार्यालय और समाहरणालय के सामने की सड़क पर भी वाहन घंटों पार्क रहते हैं, लेकिन प्रशासनिक अधिकारियों की नींद नहीं खुलती। शहर को जाम की समस्या से निजात दिलाने के लिए 6 जून को सदर एसडीओ दिलीप कुमार ने विभिन्न अधिकारियों के साथ बैठक की थी। बैठक में अतिक्रमण मुक्त शहर बनाने, वाहनों को बेवजह खड़ा न करने, अतिक्रमण हटाने, प्रमुख चौराहों को व्यवस्थित करने, सड़क हादसों को कम करने के लिए स्पीड ब्रेकर बनाने और एक क्विक रिस्पांस टीम बनाने की बात हुई थी। लेकिन 20 दिन बाद भी कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया।

नगर आयुक्त केडी प्रज्ज्वल ने कहा कि निगम की बैठक के बाद ठोस कदम उठाए जाएंगे और प्रशासनिक स्तर पर समन्वय बनाकर जल्द ही अभियान की शुरुआत होगी।

अतिक्रमण मुक्त करने के लिए अभी तक क्विक रिस्पांस टीम का गठन नहीं हुआ है। ट्रैफिक पुलिस को यह सुनिश्चित करना था कि अतिक्रमण हटाने के बाद फिर से अतिक्रमण न हो। दूसरी बार अतिक्रमण में पकड़े जाने पर ठोस कार्रवाई और जुर्माना के साथ सामान जब्ती की बात भी हुई थी, ताकि अतिक्रमणकारियों में भय पैदा हो सके।

# प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन ने किया समाज के मेधावी छात्रों का सम्मान

लोकतंत्र की आवाज




- पैसे के अभाव में कोई प्रतिभावान एवं मेधावी छात्र उच्च शिक्षा से वंचित रहता है तो उसके लिए मारवाड़ी समाज 10 लाख रूपया तक की आर्थिक सहायता प्रदान करेगी

**मुन्ना ठाकुर**

**फारबिसगंज / अररिया।** बिहार प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन के द्वारा सहरसा के प्रेक्षागार में शनिवार को वर्ष 2023 -24 में संपन्न हुई विभिन्न परीक्षाओं में 85% से अधिक मार्क्स लाने वाले समाज के विद्यार्थीयों के राज्य स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह कार्यक्रम के अंतर्गत फारबिसगंज के मारवाड़ी समाज के छात्र-छात्राओं का सम्मान किया गया।

इस भव्य कार्यक्रम में फारबिसगंज मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष बछराज राखेचा तथा प्रमंडलीय सचिव अजातशत्रु अग्रवाल के नेतृत्व में शाखा के सदस्यों में सुभाष अग्रवाल, मोतीलाल शर्मा, विजय लखोटिया, ई. आयुष अग्रवाल, पूनम पांडीया, पिंटू गोयल, कुणाल केड़यिा, रोशन सेठिया, हरीश गोयल, विद्यासागर अग्रवाल, दीपक समदरिया, हरीश अग्रवाल आदी ने मुख्य रूप से शिरकत जबकि सम्मानित होने वाले छात्र-छात्राओं के साथ उनके अभिभावक भी इस कार्यक्रम में शामिल हुए। सम्मान समारोह कार्यक्रम में फारबिसगंज की कृतिका सोनावत, आकृति अग्रवाल, वाणी गोलछा, लीजा वेद, सिद्धि अग्रवाल, निष्ठा जैन, चेरी बोथरा, काव्यम, साक्षी डाबड़ीवाला, लकी झागल, अंशु बोथरा, हितेश राखेचा, अंशु बोथरा, दर्शिता समदरिया, यश, शिवम अग्रवाल, आयुष जालान अरिहंत डागा ,सोनल बोथरा, सिद्धि, प्रथम, अनन्या, निशा जैन आदि को सम्मेलन के द्वारा मेडल, प्रशस्ति पत्र, पुस्तकें, स्टेशनरी कीट एवं उच्च अध्ययन से संबंधित पाठ्यक्रम की पुस्तकें प्रदान की गई। मारवाड़ी समाज के सभी अभिभावक एवं छात्र छात्राऐं इस अवसर पर खुशी से गदगद थे तथा उनके हर्ष की कोई सीमा नहीं थी। उन्होंने मारवाड़ी सम्मेलन के प्रति आभार जताया है। इस कार्यक्रम की बिहार प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन के प्रांतीय अध्यक्ष जुगल किशोर अग्रवाल की अध्यक्षता में संपन्न हुई जिसमें बीएनएमयू के कुलपति प्रोफेसर विमलेंदु शेखर झा, सहरसा क्षेत्र के डीआईजी मनोज कुमार तथा बिहार सरकार के शिक्षा सलाहकार प्रोफेसर एन. के .अग्रवाल आदि मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद थे । मारवाड़ी सम्मेलन के प्रदेश अध्यक्ष अग्रवाल ने अपने स्वागत अभिभाषण में कहा कि यदि पैसे के अभाव में कोई प्रतिभावान एवं मेधावी छात्र उच्च शिक्षा से वंचित रहता है तो उसके लिए मारवाड़ी समाज के द्वारा 10 लाख रुपए तक की आर्थिक सहायता देने का प्रावधान है। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों में एक नई ऊर्जा प्रदान करने तथा उनके मनोबल को बढ़ाना है।

## संक्षिप्त खबरें ।

### सहरसा पुलिस के द्वारा अवैध हथियार के विरूद्ध निरंतर अभियान जारी



लोकतंत्र की आवाज

सहरसा संवाददाता। पुलिस अधीक्षक हिमांशु कुमार के दिशा–निर्देश पर जिलें पुलिस द्वारा अवैध हथियार तस्करों पर नकेल कसने के लिए निरंतर अभियान चलाया जा रहा है। उसी क्रम में सोमवार को समय करीब सुबह 04:00 बजे कनरिया अपर थानाध्यक्ष को गुप्त सूचना मिली कि ग्राम–कठडुमर टोला इजराहा के दीपक यादव पिता हकीम यादव एवं हकीम यादव पिता स्व राजो यादव दोनों कठडुमर टोला इजराहा, थाना–कनरिया निवासी किसी बड़े अपराधिक घटना को अंजाम देने के उद्देश्य से अपने घर में अवैध हथियार रखा हुआ है। प्राप्त सूचना के सत्यापन व आवश्यक कार्यवाई हेतु सशस्त्र बल के साथ ग्राम–कठडुमर टोला इजराहा दीपक यादव एवं हकीम यादव के घर पहुँचा तथा घर का घेरा बंदी कर छापामारी की गई तो उसके घर से एक देशी 315 रायफल, एक देशी कट्टा एवं 04 जिन्दा कारतूस बरामद कर दोनों को गिरफ्तार किया गया। इस संबंध में कनरिया थाना कांड संख्या–02/24 आर्म्स एक्ट दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। छापेमारी के दौरान एक देसी 315 रायफल,एक देशी कट्टा,दो जिन्दा कारतूस बरामद किया गया।

### गृह रक्षकों के आश्रितों को अनुकंपा के आधार पर नामांकन हेतु जिला चयन समिति की बैठक



लोकतंत्र की आवाज

छपरा (सारण)। कर्तव्य के दौरान मृत या स्थाई रूप से अपंग गृह रक्षकों के आश्रितों को अनुकंपा के आधार पर गृह रक्षक के रूप में नामांकन हेतु जिलाधिकारी अमन समीर की अध्यक्षता में जिला चयन समिति की बैठक आहूत की गई। विभागीय प्रावधानों तथा बिहार होमगार्ड रूल्स 1953 में परिभाषित अर्हता के आलोक में 10 आश्रितों को अनुकंपा के आधार पर गृह रक्षक के रूप में नामांकित करने का निर्णय जिला चयन समिति द्वारा लिया गया। नामांकित होने वाले आश्रित सोनी कुमारी, कुणाल गिरी, मंगलम कुमार तिवारी, कुंदन कुमार, सुमित कुमार, अमरजीत कुमार सिंह, अभ्यास गिरी, रितेश कुमार यादव, धीरज कुमार सिंह एवं धीरज कुमार है। चयन समिति की बैठक में पुलिस अधीक्षक कुमार आशीष सहित अन्य मौजूद थे।

### धूमधाम से मनी प्राथमिक चिकित्सक सहयोग समिति की 7वीं वर्षगांठ




लोकतंत्र की आवाज

तरैया (सारण)। प्रखंड के नेवारी गांव स्थित डॉ. रामप्रवेश राय के आवास पर बुधवार को प्राथमिक चिकित्सक सहयोग समिति की 7वीं वर्षगांठ धूमधाम से मनाई गई। इस दौरान संस्था के सचिव डॉ. मनोज कुमार पंडित, अध्यक्ष वीरेंद्र गिरि, वरिष्ठ चिकित्सक रमेश कुमार सिंह, विश्वनाथ राय, ने संयुक्त रूप से केक काटकर संस्था का 7वां वर्षगांठ मनाया। इस दौरान उपस्थित सदस्यों ने संस्था द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में किए जा रहे सामाजिक कार्यों के लिए आभार प्रकट किया तथा संस्था के निर्देश में सामाजिक रूप से लोगों के बीच जुड़कर अपना सेवा देने की बात कही। मौके पर डॉ. हरेंद्र सिंह, डॉ. रामप्रवेश राय, डॉ. रमेश राय, डॉ. विश्वनाथ राय, डॉ. ध्रुव कुमार सिंह, श्रीराम तिवारी, डॉ. रंजीत कुमार, डॉ. ओपी पंडित, डॉ. मुन्ना गुप्ता, डॉ. राजीव कुमार, डॉ. अजय कुमार, डॉ. कैलाश प्रसाद, डॉ. विनोद सिंह, मुकेश अभिनंदन, राहुल कुमार सेम अन्य चिकित्सक उपस्थित थे।

### सहरसा महिला उत्पीड़न क्षेत्रों में बढ़ रहा जागरूकता का अभाव समस्या?

लोकतंत्र की आवाज

सहरसा संवाददाता। आइए दिन क्षेत्रों में महिलाओं से संबंधित उत्पीड़न देखने व सुनने को मिलता है जनजागरूकता का अभाव चाहे दहेज उत्पीड़न मारपीट या भरण पोषण आदि समस्या को लेकर पीड़िता द्वारा अपनी समस्या को लेकर महिला थाना में देखा जा रहा है आइए दिन हो रहे अत्याचार या दहेज उत्पीडन या मानसिक प्रताड़ना आदि देखा जा रहा है निदान होने के बजाय बढ़ता ही जा रहा है।

### सहरसा में जल्द होगा मेडिकल कॉलेज अस्पताल का शिलान्यास : प्रवीण आनंद

लोकतंत्र की आवाज

सहरसा संवाददाता । माननीय मुख्यमंत्री द्वारा अगले महिने जुलाई में मेडिकल कॉलेज की शिलान्यास होगी। इस संबंध में पूर्व सांसद? श्री आनंद मोहन जी ने एम्स निर्माण संघर्ष समिति के अध्यक्ष श्री विनोद कुमार झा एवं पूर्व जिला पार्षद सह संरक्षक श्री प्रवीण आनंद को बताया कि आप लोगों के लगातार एम्स सहरसा के मांग से सहरसा को मॉडल हॉस्पिटल मिला एवं माननीय मुख्यमंत्री संभवत: जुलाई के प्रथम सप्ताह में सहरसा मेडिकल कॉलेज अस्पताल का शिलान्यास भी करेंगे। पूर्व सांसद? ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि सुंदर और स्वस्थ सहरसा बनाने के लिए हम आपलोंगों के संघर्ष में साथ हैं इस समय केंद्र सरकार और राज्य का सहयोग मिलेगा । कोशी विकास प्राधिकार एवम राष्ट्रीय स्तर और राज्य स्तर पर सवर्ण आयोग के गठन के लिए भी प्रयास किया जाएगा ।

# शहर की जलजमाव समस्या दूर करने के लिए नगर निगम की बैठक आयोजित

लोकतंत्र की आवाज



**सहरसा संवाददाता।** नगर निगम के आयुक्त मुमुक्षू चौधरी की अध्यक्षता में मंगलवार को विधायक डॉ आलोक रंजन, उप महापौर गुड्डू हयात की मौजूदगी तथा सभी निगम पार्षद की उपस्थिति में आगामी मानसून में नगर निकाय क्षेत्रों में जल जमाव पर प्रभावी नियंत्रण एवं नागरिक सुविधा बहाल कर आवश्यक कार्रवाई किये जाने हेतु विभागीय बैठक आयोजित हु–ई। विभागीय निदेशानुसार आगामी मानसून में नगर निकाय क्षेत्रों में जल जमाव की संभावित स्थिति पर प्रभावी नियंत्रण एवं नागरिक सुविधा बहाल रखने संबंधी आवश्यक कार–'वाई सुनिश्चित करने हेतु उपमहापौर और स्थानीय जनप्रति– निधियों के साथ एक बैठक हुई।


जिसमे नगर निकाय क्षेत्रों में जल निकासी हेतु सभी बड़े नाले, छोटे नाले, अंडरग्रा– उण्ड नाले, कैचपिट तथा मैनहोल की सफाई का कार्य अविलंब पूर्ण कराने तथा नगर निकाय क्षेत्र में जल निकासी में अवरोध पैदा करनेवाले अतिक्रमणों को अभियान चलाकर हटाने का निदेश दिया गया था। यदि अभी भी जल निकासी में किसी अतिक्रमण से अवरोध हो तो उसे अविलम्ब हटा लिया जाए। साथ ही सतत जल निकासी सुनिश्चित करने हेतु यदि अभी भी कोई त्रुटिपूर्ण हो तो वैसे भाग में मॉनसून के मद्देनजर आवश्यकतानुसार कच्चा नाला के द्वारा ही इन्टर कनेक्टेड करा कर जल निकासी की व्यवस्था की जाय। जल जमाव रोकने हेतु नगर निकाय क्षेत्र में अधिष्ठापित ड्रेनेज सिस्टम की पूर्ण क्षमता को कार्यरत स्थिति में रखा जाय ताकि आवश्यकता होने पर उसका उपयोग किया जा सके। मॉनसून अवधि में संक्रामक रोगों एवं मच्छरों के प्रकोप का खतरा भी बना रहता है। इसके लिए नियमित अंतराल पर ब्लिचिंग पाउडर का छिडकाव एवं टेक्निकल नालाथिमान का फॉगिंग भी सुनिश्चित किया जाय तथा इसका लगातार अनुश्रवण किया जाय।

अतएव उसे नष्ट करने हेतु दवा का छिड़काव जल जमावों वाले स्थानों एवं नालों आदि में नियमित रूप से कराना सुनिश्चित किया जाय। नगर निकाय क्षेत्र में आधारभूत संरचना निर्माण के क्रम में यदि गड्ढे खोदे गये है। तो उन गड्ढों को अविलम्ब पूर्ववत करने की कार्रवा– ई की जाए तथा यदि आधारभूत संरचना के निर्माण में समय लगने की संभावना हो तो ऐसे गड्ढे को चिन्हित कर लाल कपड़ा से उसकी वैरिकेडिंग कराई जाय। साथ ही सड़कों पर मेन होल को किसी भी हाल में खुला नहीं छोड़ा जाय। इसके लिए हमेशा अनुश्रवण किया जाय। मेनहोल के स्थान को दिवार पर लाल रंग से अंकित किया जाय। नगर निकायों के सभी पदाधिकारी एवं कर्मी इस स्थिति में हमेशा अलर्ट मोड में रहे। आवश्यकता होने पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाय। सभी जिला पदाधिकारियों से अनुरोध है कि आगामी मॉनसून में जल जमाव पर प्रभावी नियंत्रण एवं आम जन जीवन को सामान्य रखने हेतु अपने स्तर से नियमित रूप से बैठक कर उपरोक्त निदेशों का सतत अन– श्रवण किया जाय। वही बैठक के दौरान निगम पार्षद द्वारा कार्यालय कर्मियो द्वारा उपेक्षा एवं असहयोग किये जाने की बात कही। साथ ही पार्षद द्वारा निगम क्षेत्र मे जलजमाव को लेकर शिकायत की गई। बैठक के दौरान वार्ड संख्या 11,13,27,34,35, 37 के निगम पार्षदों ने अपने–अपने वार्ड की वस्तु स्थिति से अवगत कराया गया। जिसमें वार्ड में घर–घर कचरा उठाव नहीं होने, जल जमाव होने, फा– गिंग, ब्लीचिंग पाउडर एवं कीटनाशक दवाइयां का छिड़क ाव नहीं होने की शिकायत की। जबकि निगम कर्मी ने कहा कि शहर के सभी वाडों में फॉगिंग, बिल्चिंग पाउडर एवं कीटनाशक दवाइयां का छिड़काव नियमित रूप से किया जा रहा है। जबकि निगम पार्षदों ने कहा कि बिना पार्षदों की जानकारी अनुसार विभाग द्वारा केवल खाना पूर्ति की जा रही है। विधायक आलोक रंजन ने कहा कि आगामी मानस–न को देखकर सभी वार्ड पार्षदों को 6 दिन के अंदर युद्ध स्तर पर नाला उड़ाही जल निकासी एवं अतिक्रमण हटाए जाने का समय सीमा निर्धारित किया। उन्होंने कहा कि आरसीडी नाला में पाइप लगाकर जल निकासी की जाए। वीर कुंवर सिंह चौक पर नाले का पानी बहने का तात्कालिक उपाय किया जाए। निगम कर्मियों ने जानकारी दी कि शहर में तीन पंप हाउस चालू है। वहीं निगम के पास तीन एचपी के चार, पांच एचपी के 12 तथा 15 एचपी का एक मोटर उपलब्ध है।

नगर आयुक्त श्री चौधरी ने बताया कि शहर में जल जमाव को दूर करने के लिए क्विक रिस्पांस टीम का भी गठन किया गया है। उन्होंने कहा कि सभी वार्ड की मुख्य सड़क पर खुले मेंनहाल को चिन्हित कर अतिशीघ्र उसका मरम्मती किया जाएगा। उन्होंने कहा कि निगम द्वारा वार्ड पार्षदों के लिए एक शिकायत पुस्तिका भी बनाई गई है। वही टोल फ्री नंबर भी जारी किया गया है। जिस पर जनता अपनी शिकायत कर सकते हैं। इन शिकायत को दूर करने के लिए पांच पदाधिकारी की टीम लगाया गया है। विधायक डॉक्टर रंजन ने नगर आयुक्त से कहा कि कोई भी कर्मी ढंग से काम नहीं कर रहे हैं। सभी योजना नगर परिषद की तरह सभी काम कागज पर ही किया जा रहा है। जिसके कारण निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को आम जनता के कोपभाजन का शिकार होना पड़ता है। ऐसे कर्मियो पर कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित किए जाने निदेश दिया। इस अवसर पर कार्यपालक अभियंता सहित निगम पार्षद मौजूद रहे।

# आयुष्मान कार्ड निर्माण में अभिरूचि नही लेने पर सीएससी संचालक और पदाधिकारियों पर प्राथमिक दर्ज

लोकतंत्र की आवाज



**सहरसा संवाददाता।** जिलाधिकारी वैभव चौधरी ने आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना अंतर्गत विशेष आयुष्मान कार्ड निर्माण शिविर में कार्यों में अभिरूचि न लेने वाले बीएलई पर कार्रवाई करने हेतु श्री रूपेश रंजन, जिला प्रबंधक एवं त्रम्बकेश्वर दुबे, जिला समन्वयक, बसुधा केन्द्र को निदेशित किया गया। आनन्द कुमार, सीएससी ऑपरेटर बनगांव द्वारा जन वितरण प्रणाली केन्द्र पर आयुष्मान कार्ड न बनाकर अपने सीएससी केन्द्र पर कार्ड बनाने एवं इस एवज में लाभुकों से राशि की मांग करने हेतु उनका सीएससी आईडी निष्क्रिय करते हुए प्राथमिकी दर्ज करने हेतु निदे– श दिया।

साथ हीं विभिन्न प्रखंड विकास पदा– धिकारियों, अनुमंडल स्तर व जिला स्तर के पदाधिकारियों द्वारा प्रतिदिन समीक्षा में कुछ बीएलई के असहयोगात्मक व भ्रष्ट आचरण की मंशा से कार्य करने के विषय में बताया गया एवं कार्य नहीं करने वाले बीएलई की सूची उपलब्ध कराते हुए उनपर कार्रवाई करने हेतु निदेशित किया गया। परन्तु बार–बार लिखित व मौखिक रूप से स्मारित करने के बावजूद भी श्री रंजन एवं श्री दुबे द्वारा कार्यों में अभिरूचि न लेने वाले सभी बीएलई पर कार्रवाई नहीं की गई । विदित हो कि भूमि सुधार उप समाहर्त्ता द्वारा प्रखंड विकास पदाधिकारी, सत्तरकटैया, सिमरी बख्तियारपुर, सलखुआ, कहरा द्वारा जिला प्रशासन के व्हाटसएप्प ग्रुप पर भी दंडात्मक कार्रवाई हेतु अनुरोध किया गया है। श्री रंजन एवं श्री दुबे द्वारा उच्चाधिकारी के आदे– श की अवहेलना की जाती रही है। साथ हीं यह इनके कार्यों के प्रति लापरवाही, स्वेच्छाचारिता व भारत सरकार तथा बिहार सरकार की महत्वाक ांक्षी योजनाओं को विफल करने के कार्य को दशार्ता है। इनके इस कृत्य से यह स्पष्ट है कि बीएलई के द्वारा की जा रही लापरवाही एवं पैसे की उगाही में इनकी भी संलिप्तता है व वर्तमान तक संरक्षण दिया जा रहा है।

जिलाधिकारी द्वारा निदेश दिया गया कि विशेष आयुष्मान कार्ड निर्माण शिविर में कार्यों में पैसों की उगाही करने वाले बीएलई व कार्यों में अभिरूचि नहीं लेने वाले बीएलई पर कार्रवाई नहीं करने एवं आयुष्मान कार्ड बनाने के एवज में लाभुकों से राशि की उगाही कार्य में सहभागिता के आरोप में लोक सेवकों रूपेश रंजन, जिला प्रबंधक, त्रम्बकेश्वर दूबे, जिला समन्वयक, वसुधा केन्द्र, सहरसा एवं आनन्द कुमार बीएलई बनगांव के उपर नामजद सुसंगत धाराओं के अन्तर्गत थानाध्यक्ष सदर को प्राथमिकी दर्ज करते हुए उसकी प्रति उपलब्ध कराने हेतु निदेश दिया गया है।

# अधिवक्ता परिषद के संयोजक प्रमुख बनाए गए अमोद सिंह

लोकतंत्र की आवाज

**सहरसा संवाददाता।** अधिवक्ता परिषद बिहार के प्रदेश अध्यक्ष अधिवक्ता महेश प्रसाद सिन्' और प्रदेश महामंत्री अधिवक्ता धरनीधर सिंह ने अधिवक्ता परिषद बिहार के प्रदेश उपाध्यक्ष अमोद कुमार सिंह को प्रदेश संयोजक प्रमुख का दायित्व सौंपा है।

प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि संगठन के प्रति अमोद कुमार सिंह तन्मयता से लगे रहते हैं। बिहार के सभी न्यायालय में जल्द ही संयोजक की नियुक्ति कर दी जाएगी जिससे कार्य में तेजी आयेगा। यह व्यवस्था संगठन के हित व संगठन विस्तार हेतु अतिमहत्वपूर्ण है। प्रदेश संयोजक प्रमुख बनने पर वरीय अधिवक्ता अमोद कुमार सिंह ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष महेश प्रसाद सिन्हा और प्रदेश महामंत्री धरणीधर सिंह का आभारी हूं। आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास है कि मैं संगठन के सक्रिय सदस्यों के साथ मिलकर प्रदेश संयोजक प्रमुख का दायित्व का निर्वहन करूंगा। सभी जिलों में संयोजक नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। हम सबों के सामूहिक प्रयास से अधिवक्ता परिषद बिहार अखिल भारतीय अधिवक्ता परिषद के कैनवास पर शीर्ष प्रदेश संगठन बनेंगे।

प्रदेश संयोजक प्रमुख बनाए जाने पर परिषद के जिला विधिवेत्ता संघ सहरसा इकाई के महासचिव बिजेंद्र कुमार सिंह, रतन कुमार सिन्हा, सच्चिदानंद सिंह, पम्पल कुमार सिंह, नीतीश कुमार सिंह, कुमार जयंत, मनोज कुमार झा, बिमलेश कुमार, अविनाश कुमार झा, सुमन कुमार झा, पंकज राम, रंजन कुमार, विद्यानंद शाह, संजीव कुमार सिंह आदि ने खुशी जाहिर की।

# सहरसा: रोटी बैंक के संस्थापक रौशन मिश्रा और राष्ट्रीय एकता की टीम को किया गया सम्मनित

लोकतंत्र की आवाज



**सहरसा संवाददाता।** रोटी बैंक जयनगर के वार्षिक उत्सव पर आयोजित भव्य सम्मान समारोह में रोटी बैंक सहरसा को मानव सेवा में बेहतर एवं उत्कृष्ट योगदान देने हेतू राष्ट्रीय एकता सम्मान से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर एसएसबी कमांडेंडेंट पुलिस अधीक्षक विवेक ओझा, डीएसपी विप्लव्य कुमार , थाना प्रभारी अंकुर कुमार के द्वारा रौशन मिश्रा और पंकज कुमार को स्मृति चिन्ह और चादर दे कर सम्मानित किया।

इस मौके पर रोटी बैंक जयनगर के लकी कुमार और रवि जी ने कहा की मेरे लिए ऐतिहासिक और गर्व का पल है की हम मानव सेवा में तत्पर रहने वाले रोटी बैंक सहरसा को मां जानकी की धरती जयनगर में सम्मान दे रहें है। उन्होंने कहा की रौशन मिश्रा और उनकी टीम आज के युवाओं के लिए प्रेरणा है। सम्मान पा कर रौशन मिश्रा और पंकज ने कहा की यह सम्मान पाकर मैं अभिभूत हूं। अपने टीम के हर एक सदस्य को बधाई देते हुए रौशन मिश्रा ने कहा की मुझे अपनी टीम पर गर्व है। रौशन मिश्रा ने कहा की जयनगर की अतिथि सत्कार सदियों तक याद रखा जाएगा। ज्ञात हो कि पिछले 7 साल से रोटी बैंक सहरसा लगातर लोगो के लिए प्रेरणा बनी हुई है। प्रत्येक दिन निसहाय एवं दिव्यांग विकलांग लोगो के बीच भोजन वितरण करती है। बिहार शौर्य सम्मान के साथ साथ कई पुरस्कार से सम्मानित हुई है। संस्थापक सदस्य रौशन मिश्रा उर्फ. माधव ने ये सम्मान युवा वर्ग और सभी सहरसा वासी को समर्पित किया है। इधर रोटी बैंक टीम में भी खुशी का माह–ौल है। संस्थापक सदस्य रौशन भगत, राहुल गौरव, रवि रंजन, अजय, चंदन सहित सभी ने खुशी व्यक्त की है।

# पूर्णिया प्रमंडल के कमिश्नर ने अपनी पत्नी के साथ मां खड्गेश्वरी महाकाली की पूजा-अर्चना

- 2015 में नानू बाबा ने आईएएस बनने दिया था आशीर्वाद, वर्तमान में संजय दुबे पूर्णिया के हैं कमिश्नर

लोक तंत्र की आवाज



**अररिया।** पूर्णिया प्रमंडल के प्रमंडलीय आयुक्त संजय दुबे अपनी धर्मपत्नी के साथ विश्वविख्यात मां खड्गेश्वरी महाकाली मंदिर अररिया पहुंच पूजा अर्चना कर वहां पूज्य नानू बाबा से आशीर्वाद प्राप्त किए ।

बता दें कि वर्ष 2015 में जब वे काली मंदिर पहुंचे थे तब नानू बाबा ने आशीर्वाद दिया था कि आप आईएएस हो जाईयेगा और आज पूज्य बाबा के आशीर्वाद से वे पूर्णिया प्रमंडल में कमिश्नर के रूप में पद स्थापित है। यह बातें मंगलवार की रात विश्व प्रसिद्ध मां खड्गेश्वरी महाकाली मंदिर में पूजा अर्चना करने के दौरान कमिश्नर संजय कुमार दुबे ने कही। कमिश्नर श्री दुबे अपनी धर्मपत्नी संगीता दुबे के साथ साथ काली मंदिर पहुंच कर पूजा किये। इस दौरान मां खड्गेश्वरी महाकाली व नानु बाबा से आशीर्वाद के लिए। मां खड्गेश्वरी के साधक नानू दा ने कमिश्नर व उनकी पत्नी को माला व चुनरी पहनाकर आशीर्वाद दिए। इस दौरान उनके साथ कई पदाधिकारी के साथ भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद थे। प्रमंडलीय आयुक्त ने मां से सबों के लिए सुख समृद्धि की कामना किए।

# बाहुबलियों के मुकाबले वाले रूपौली विधानसभा क्षेत्र से पूर्व विधायक शंकर सिंह इस बार चूक गए तो फिर कभी नहीं....!

लोक तंत्र की आवाज

डा. रूद्र किंकर वर्मा













- रूपौली विधानसभा उपचुनाव के लिए 10 जुलाई को होगी वोटिंग, 12 प्रत्याशी है मैदान में

**रूपौली।** बिहार की राजनिति में बाहुबलियों की धमक का लंबा खौफनाक इतिहास है। 1990 के बाद के दौर में ऐसे कई दुर्दांत चेहरे विधायक बन गए। कुछ की पत्नियों को सदन? का सुख मिला तो कुछ की आस अधूरी भी रह गई। 2000 के चुनाव को बाहुबलियों के लिए स्वर्णिम काल माना गया। जाति संरक्षित आतंक के बल पर दर्जनाधिक बाहुबली माननीय बन गए। हालांकि अलग–अलग कारणों से दो चार चूक भी गए। उनमें शंकर सिंह भी थे। जंगल राज का ही यह एक अध्याय है कि उस कालखंड में पूर्णिया जिले के एक बड़े हिस्से में नॉर्थ बिहार लिब्रेशन आर्मी के सुप्रीमों शंकर सिंह तो दूसरे हिस्से में फैजान गिरोह के सरगना अवधेश मंडल का वर्चस्व जग जाहिर था। लंबे समय तक वहां वर्चस्व की खूनी जंग चली।

अनेक लोग उसकी भेंट चढ़ गए। 2000 के चुनाव में शंकर सिंह हिम्मत नहीं जुटा पाए। अवधेश मंडल की पत्नी बीमा भारती रूपौली से निर्दलीय चुनाव लड़ विधायक बन गई। अनेक बाहुबलियों समेत अवधेश मंडल की पत्नी बीमा भारती की जीत से शंकर सिंह का स्वाभिमान जगा और फरवरी 2005 के चुनाव में वह भी मैदान में कूद गए। उस चुनाव में बीमा भारती राजद की उम्मीदवार थी, मात खा गई। इसे उनका दुर्भाग्य ही कहा जाएगा कि लोजपा उम्मीदवार के तौर पर शंकर सिंह चुनाव जीत तो गए, पर सदन में पांव नहीं रख पाए। इस वजह से की किसी को बहुमत नहीं मिल पाने के कारण ना सरकार बन पाई और ना विधानसभा का गठन हो पाया। परिणाम स्वरूप अक्टूबर 2005 में फिर से चुनाव हुआ। उसमें हिसाब बराबर करते हुए बीमा भारती ने शंकर सिंह को ऐसी पटकनी दी की बाद के चुनाव में भी वह कभी जीत नहीं पाए। 2010 में लोजपा, 2015 में निर्दलीय और 2020 में लोजपा उम्मीदवार के रूप में हार ही हार मिली। लेकिन गौर करने वाली बात यह अवश्य है कि हार की निरंतरता के बावजूद उनके जनाधार में क्षरण नहीं हुआ। बल्कि हर चुनाव में उनको मिले मतों में बढ़ोतरी होती रही। इसको इन आंकड़ों से समझा जा सकता है।

2010 में शंकर सिंह लोजपा के उम्मीदवार थे। 27171 मत मिले। 2015 में निर्दलीय 34783 मत पाने में वे सफल रहे। 2020 में यह आंकड़ा 44994 पर पहुंच गया, तब वह लोजपा के उम्मीदवार थे। मतों में वृद्धि का यह अनुपात बना रहा तो इस बार किला फतह माना जा सकता है। महत्वपूर्ण बात यह भी कि रूपौली के पिछले पांच मुकाबलों ने सिर्फ 2015 में ही वह तीसरे स्थान पर रहे। शेष चार के मुख्य संघर्ष में रहे। इस उप चुनाव में वह निर्दलीय ही ताल ठोक रहे हैं। संघर्ष का स्वरूप पूर्व जैसा ही है, पर माहौल उनके अनुरूप दिख रहा है। विश्लेषकों का मानना है कि इसके बाद बिहार का क्रम नहीं टूटा है, तो रुपौली में शायद ही कभी उनकी जीत हो पाएगी। वैसे शंकर सिंह जीत के प्रति आश्वस्त हैं। उनके मुताबिक रुपौली के जनता के आमंत्रण पर वह उपचुनाव में उतरे हैं। भारी मतों से विजई बनाकर जनता उन्हें सेवा करने का अवसर अवश्य उपलब्ध कराएगी।

बता दें कि स्क्रूटिनी के दौरान निर्दलीय प्रत्याशी नीलम देवी का नामांकन रद्द हो गया। 13 उम्मीदवारों ने नामांकन दाखिल किया था, 12 का आवेदन सही मिला है। इनमें जदयू से कलाधर प्रसाद मंडल, राजद से बीमा भारती, राष्ट्रीय जन संभावना पार्टी से चंद्रदीप सिंह, आजाद समाज पार्टी से रवि रौशन, भारतीय सार्थक पार्टी से राजीवकुमार, ऑल इंडिया फॉरवर्ड ब्लॉक से मो. शादाब आजम, निर्दलीय से अरविंद कुमार सिंह, खगेश कुमार, दीपक कुमार, लालू प्रसाद यादव समेत शंकर सिंह नाम के दो अलग–अलग उम्मीदवार शामिल हैं।

# ...जाहि पद पर हम बैसय बला छी तकर कर्तव्यक विश्वासपूर्वक निर्वहन करब: पप्पू यादव

शपथ ग्रहण के दौरान भड़के पप्पू यादव कहा आप हमको सिखाइएगा छठी बार का सांसद हूं,आप कृपा पर जीते हैं। मैं अकेला लड़ता हूं। चौथी बार निर्दलीय चुना गया हूं तो मुझे न बताएं।

लोक तंत्र की आवाज

डा. रूद्र किंकर वर्मा








**नई दिल्ली।** पूर्णियां, प्रणाम बिहार, सलाम पूर्णियां और जोहार पूर्णियां कथन के बाद पूर्णियां के सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव ने मैथिली भाषा में शपथ लिया। शपथ लेने के बाद पप्पू यादव ने कहा कि बहुत–बहुत धन्यवाद। री नीट, बिहार को विशेष राज्य का दर्जा, सीमांचल जिंदाबाद और मानवता जिंदाबाद के साथ संविधान जिंदाबाद के नारे लगाए। उसके बाद वहां मौजूद प्रोटेम स्पीकर भृतहरि महताब उन्हें बार बार समापन के लिए आग्रह करते दिखे।

सोसल मीडिया पर वायरल हो रहे पूर्णियां सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव के शपथ ग्रहण वाली क्लिप में वे प्रोटेम स्पीकर के समीप पहुंचते हैं और सांसदों की तरफ इशारा कर कह रहे हैं कि आप हमको सिखाइएगा... छठी बार का सांसद हूं, आप कृपा पर जीते हैं। मैं अकेला लड़ता हूं। चौथी बार निर्दलीय चुना गया हूं तो मुझे न बताएं।

बता दें कि बिहार के पूर्णिया से विजयी हुए सांसद पप्पू यादव का विवादों से लगातार पाला पड़ता रहा है। वो कभी अपने बयानों को लेकर। कभी अपनी घोषणाओं को लेकर। कभी अपने सरकारी कार्यालयों में छापेमारी वाले अंदाज को लेकर चर्चा में रहते हैं। पप्पू यादव बिहार के किसी इलाके में कोई घटना हो जाए, वहां जरूर पहुंचते हैं। पीड़ितों की अपने हिसाब से मदद करते हैं। सामाजिक मुद्दों को उठाते हैं। निर्दलीय चुनाव में खड़ा होकर और जीतकर संसद पहुंचे पप्पू यादव ने सांसद का बकायदा शपथ लिया।

बिहार के पूर्णिया से निर्दलीय सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव नीट–यूजी की फिर से परीक्षा कराए जाने की मांग करते हुए मंगलवार को 'री–नीट' लिखी हुई टी–शर्ट पहनकर संसद पहुंचे थे और इसी में उन्होंने सदस्यता की शपथ भी ली। यादव ने शपथ के बाद फिर से परीक्षा कराने की मांग भी की, लेकिन उनकी बात को रिकॉर्ड से हटा दिया गया।

चर्चा के मुताबिक संसद के अंदर जो हुआ, वो आम तौर पर किसी सांसद के शपथ लेने के दौरान नहीं होता है। शपथ लेने के बाद जब अंत में पप्पू यादव बिहार को विशेष राज्य के दर्जे सहित अन्य मुद्दों पर बोलने लगे। उस दौरान वहां मौजूद सांसदों ने आपत्ति जताई। उसके बाद पप्पू यादव हत्थे से उखड़ गए। उन्होंने विरोध करने वाले सांसदों को भला–बुरा कहा। उसके बाद स्पीकर के आसन के पास से ही बहुत कुछ बोल गए। पप्पू यादव उत्साह के साथ सबसे पहले अपने सीट से उठे। उसके बाद प्रोटेम स्पीकर के आसन तक पहुंचे। वहां उन्होंने शपथ लेने से पहले कई बातें कही।उसके बाद पप्पू यादव ने शपथ ग्रहण वाले रजिस्टर पर हस्ताक्षर किया। नीचे उतर गए ।

## संक्षिप्त खबरें ।

### शहीदों की कुर्बानी को भुलाया नही जा सकता : एसडीपीओ



लोकतंत्र की आवाज
संवाददाता अरविंद, अग्रवाल
छत्तरपुर, पलामू । हुसैनाबाद के गमहर बीघा गांव में शहीद (बलिदानी)कुंदन कुमार की 6वीं पुण्यतिथि मनाई गई। हुसैनाबाद के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी मुकेश कुमार महतो, पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी रमाशंकर पटेल, महिला थाना प्रभारी पार्वती कुमारी आदि ने गमहर बीघा गांव स्थित स्थापित बलिदानी कुंदन कुमार के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। श्रद्धासुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। उनके द्वारा देश सेवा में दिए गए अभूतपूर्व योगदान को याद किया गया। एसडीपीओ मुकेश कुमार महतो ने कहा कि शहीदों (बलिदानियों) की कुर्बानियों को कभी भुलाया नहीं जा सकता। उनकी कुर्बानी कभी बेकार नही जाती। उन्हीं के बलिदान के कारण आज हम लोग खुली हवा में सांस ले रहे हैं। साथ ही एसडीपीओ मुकेश कुमार महतो ने बलिदानी कुंदन कुमार की माता शारदा देवी व पिता सुरेश सिंह को अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। मालूम हो कि बूढ़ा पहाड़ पर नक्सलियों द्वारा बारूदी सुरंग विस्फोट कर वाहन को उड़ा दिया गया था। इस घटना में झारखंड जगुआर के कुंदन कुमार सिंह समेत छः अन्य जवान बलिदानी हुए थे। कामगारपुर पिकेट प्रभारी सुबोध सिंह, देवरी ओपी प्रभारी संजय कुमार यादव, एसआई तंजीलुल मन्नान आदि पुलिस बल मौजूद थे

### डीसीसी एवं डीएलआरसी से संबंधित बैठक का आयोजन





लोकतंत्र की आवाज
मामलोत सेख, साहेबगंज। उपायुक्त हेमंत सती की अध्यक्षता में समहरणालय सभागार में आयोजित तृतीय त्रैमासिक डीसीसी, डीएलआरसी संबंधित बैंकर्स के साथ समीक्षात्मक बैठक आहूत की गई। बैठक में वित्तीय वर्ष 2023–24 की तृतीय तिमाही दिसम्बर 2023 में जिला का उऊफ्रङ्क 38.22% हुई जो कि रिजर्व बैंक के मानक अनुपात 40% से कम है। जिला में सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया का 9.10%, यूको बैंक का 15.79%, बैंक ऑफ इंडिया का 16.66%, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया का 15.67%, इंडियन बैंक का 19.21%, पंजाब नेशनल बैंक का 22.07%, बैंक ऑफ बड़ोदा का 38.08%, तथा स्टेट बैंक ऑफ इंडिया का उऊफ्रङ्क 33.57%, है। जो मानक अनुपात 40% से कम है। निर्देशित किया गया सभी बैंक के जिला समन्वयक बैंको का CD Ratio बढ़ते क्रम में होना चाहिए।उपायुक्त ने निर्देशित करते हुए कहा कि जिन बैंकों का सीडी Ratio 25% से कम हो उसे सरकारी खाता खोलने की अनुमति नहीं दी जाएगी। जिला कृषि पदाधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा गया की 15 दिनों में प्रखण्डवार कैंप लगाकर लाभुकों को केसीसी का लाभ देना सुनिश्चित करेंगे व पीएमईजीपी एवं सीएमईजीपी स्क्रीम को लाभ 100% वितरण करना सुनिश्चित करेंगे।मौके पर डीडीएम नवार्ड, एलडीएम साहिबगंज एवं सभी बैंकों के प्रतिनिधि का उपस्थित रहे।

### गिरिडीह जिले के प्रत्येक थाने में बनेगा ग्राम रक्षा दल



लोकतंत्र की आवाज
विक्रम कुमार मिश्रा ( ब्यूरो चीफ)
गिरिडीह झारखंड। झारखंड में पंचायत स्तर पर ग्राम रक्षा दल के गठन का प्रावधान किया गया है जिसकी जिम्मेवारी गांव की सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखना है।ग्राम रक्षा दल का गठन करने हेतु गांव के प्रतेक वार्ड के किसी एक सदस्य को क्षेत्र का पदाधिकारी बनाना होता है ,तथा क्षेत्र के पदाधिकारी के बीच से ही एक को दलपति चुना जाता है। गिरिडीह पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शर्मा के नेतृत्व में ग्राम रक्षा दल की एक बैठक बनीयाडीह में आयोजित हुई, क्षेत्र में विधि व्यवस्था में संधारण के लिए इन्हें प्रेरित किया गया। ग्राम रक्षा दल के साथ बैठक करने के अलावा बनियाडीह शिव मंदिर प्रांगण में पुलिस अधीक्षक के द्वारा पौधा रोपण भी किया गया ।श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा यह भी जानकारी दी गई की जल्द ही 100 व्यक्तियों वाले ग्राम रक्षा दल का विधिवत गठन किया जाएगा।

### कल्कि 2898 एडी थीम गीत; भगवान कृष्ण की स्तुति का मथुरा में हुआ विमोचन



लोकतंत्र की आवाज
देवघर। महान कृति कल्कि 2898 एडी रिलीज से पहले ही खूब चर्चा बटोर रही है। इसकी रिलीज से सिर्फ दो दिन पहले, दर्शकों और सिनेप्रेमियों के बीच फ़िल्म देखने की ललक अपने चरम पर पहुंच गया है. फ़िल्म का नया गाना "थीम ऑफ कल्कि" पेश किया है, जो भगवान कृष्ण की स्तुति है। भावपूर्ण और दिव्य गीत गौतम भारद्वाज द्वारा गाया गया है, संगीत संतोष नारायण का है और गीत कुमार के हैं। इसके आकर्षक गीत और भावपूर्ण संगीत जो कानों को अमृत की तरह महसूस कराता है, एक दिव्य वातावरण बनाता है. यह गाना मथुरा की पवित्र भूमि और भगवान कृष्ण की जन्मस्थली में हुई है। नाग अश्विन द्वारा निर्देशित, कल्कि 2898 एडी में अमिताभ बच्चन, प्रभास सहित कई शानदार कलाकार हैं।

# पूर्व बीस सूत्री अध्यक्ष एवं झारखंड आंदोलनकारी नेता गिरजा साव की प्रथम पुण्यतिथि समारोह मनाई गई



**लोकतंत्र की आवाज़**

**निशांत तिवारी, प्रभारी झारखंड**
**विष्णुगढ़(हज़ारीबाग)।** विष्णुगढ़ प्रखंड सात मील मोड कॉलेज रोड स्थित गिरजा नायक मेमोरियल स्कूल में बुधवार को पूर्व बीस सूत्री अध्यक्ष एवं झारखंड आंदोलनकारी नेता गिरजा साव की प्रथम पुण्यतिथि समारोह आयोजित कर मनाई गई। समारोह की शुरुआत नायक परिवार तथा अतिथियों के द्वारा गिरजा साव के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि स्वर्गीय गिरजा साव का सफर राजनीतिक जीवन में गिरिडीह के पूर्व सांसद तथा मांडू के विधायक स्वर्गीय टेकलाल महतो के ड्राइवर से लेकर 20 सूत्री अध्यक्ष तक का सफरनामा रहा।

गिरिजा साव एक सामाजिक कार्यकर्ता थे। वह समाज के उत्थान के लिए हमेशा प्रयासरत रहते थे। इसीलिए समाज के लोगों उन्हें तेली समाज का प्रखंड अध्यक्ष से जिला उपाध्यक्ष तक पद देकर सुशोभित किया गया था। झारखंड आंदोलन में उनकी सक्रियता के कारण सरकार ने उन्हें 20 सूत्री कार्यक्रम कार्यन्वयन समिति की अध्यक्ष बनाया था। कार्यक्रम में गिरिजा साव के सादगी जीवन पर प्रकाश डाला गया तथा उनके व्यक्तित्व पर चर्चा की गई। झारखंड आंदोलन में उनकी सहभागिता आज भी हम लोगों को प्रेरणा देती है। विष्णुगढ़ में निर्माण हो रहे भव्य सूर्य मंदिर के उपाध्यक्ष भी थे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष टेकोचंद महतो , पूर्व जिला अध्यक्ष शंभू लाल यादव, युवा नेता गौरव पटेल, विधायक प्रतिनिधि गुरु प्रसाद साव, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष कपिल देव चौधरी, सचिव संजय प्रजापति, आजसू प्रखंड अध्यक्ष अजय मंडल, मुखिया रामचंद्र यादव, पंचायत समिति सदस्य मुन्नी देवी, पूर्व जिला परिषद सदस्य यशोदा देवी, 20 सूत्री सदस्य राजू श्रीवास्तव, राणा इकबाल खान, सूर्य मंदिर निर्माण समिति के सचिव नवल वर्मा, विजय कुमार, अजय कुमार, संजय प्रसाद, यमुना प्रसाद, छोटेलाल प्रसाद समेत अतिथि और नायक परिवार शामिल थे।

## मतदाता सूची में नाम जोड़ने को ले पलामू जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बीएलओ पर्यवेक्षकों संग बैठक की

**लोकतंत्र की आवाज**



- मतदाता सूची का द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 को लेकर सभी पर्यवेक्षकों को सौंपे टास्क

**संवाददाता, अरविंद अग्रवाल**
**पलामू छत्तरपुर ,झारखंड।** पलामू के जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शशि रंजन ने एक जुलाई 2024 को 18 वर्ष पूरा करने वाले नये मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में जोड़ने को लेकर निर्देश दिये।वे बुधवार को समाहरणालय के सभागार में जिले में पड़ने वाले सभी पांचों विधानसभा के बी.एल.ओ पर्यवेक्षकों के साथ मतदाता सूची का द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 को लेकर समीक्षा कर रहे थे।उन्होंने बताया कि पुनरीक्षण कार्यक्रम अंतर्गत दो चरणों में पुनरीक्षण कार्य होगा पहले चरण 25 जून से 24 जुलाई तक प्री रिवीजन एक्टिविटीज जबकि दूसरा चरण 25 जुलाई से 20 अगस्त तक रिवीजन एक्टिविटीज के लिए निर्धारित की गई है।उन्होंने बताया कि विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत 25 जुलाई को एकीकृत मतदाता सूची का प्रारूप प्रकाशन होगा जबकि 20 अगस्त से निर्वाचक सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा।

**पुराने लेमिनेटेड कार्ड को बदलने के निर्देश :** बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी श्री रंजन ने कहा कि मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के दौरान सभी बीएलओ को रंगीन मतदाता सूची दी गयी है,उस सूची से मिलान करते हुए पुराने लेमिनेटेड कार्ड को बदलने का कार्य किया जाना है।इस दौरान इस बात का भी ध्यान रखा जाना है कि नए सूची में यदि किसी का फोटो साफ नहीं दिख रहा तो वैसे कार्ड को भी बदलना है।इसके अलावे आगामी 20 दिन एएसडी लिस्ट पर विशेष रूप से कार्य करने के निर्देश।

**डीईओ ने सभी मतदाताओं से की अपील :** डीईओ ने सभी मतदाताओं से भी अपील की कि जिन मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में नहीं है अथवा किसी प्रकार के सुधार कराने हैं,वे अविलंब ऑनलाइन माध्यम से अथवा अपने बीएलओ से मिलकर अपना आवेदन दें।ऐसा कर वे आगामी विधानसभा चुनाव में अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे।इसके सभी बीएलओ पर्यवेक्षकों को विभिन्न प्रपत्रों की जानकारी भी दी गयी।मौके पर सभी विधानसभा के एआरओ,उप निर्वाचन पदाधिकारी,सभी एईआरओ समेत विभिन्न बीएलओ पर्यवेक्षक उपस्थित रहे।

## तरुण संघ और अशोक कुंज दुर्गा पूजा कमेटी ने देवाशीष को किया सम्मानित



**लोकतंत्र की आवाज**
**संवाददाता रवि प्रकाश सिंह**
**घाटशिला।** मुख्यमंत्री झारखंड सरकार द्वारा स्नातक विज्ञान के छात्र देवाशीष गोप को छात्रवृत्ति द्वारा सम्मानित होने के बाद गांव में कसीदा तरुण संघ और अशोक कुंज दुर्गा पूजा कमेटी की ओर से कसीदा दुर्गा पूजा मंडप सरोधानी भवन में कमेटी के सदस्यों द्वारा देवाशीष गोप को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सेवानिर्मित शिक्षक प्रताप अधिकारी ,काजल डन, प्रवीर दे ,निरुप दे ,सुकुमार अधिकारी, शंकर दास, डब्लू धवलदेव , तरुण भद्र, आशीष गोप, नारायण गोप और काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## पलामू उपायुक्त कार्यालय में हुआ जनता दरबार का आयोजन

**लोकतंत्र की आवाज**



- उपायुक्त ने एक–एक कर सुनी आमजनों की समस्याएं

**संवाददाता अरविंद अग्रवाल**
**छत्तरपुर पलामू, झारखंड।** पलामू उपायुक्त–सह–जिला दंडाधिकारी श्री शशि रंजन ने अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में जनता दरबार लगाकर आमजनों की समस्याएं सुनी। जिले के विभिन्न प्रखंडों एवं गांवों से आये फरियादियों ने उपायुक्त के समक्ष उपस्थित होकर अपनी समस्याएं रखी। साथ ही अपनी–अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन उपायुक्त को समर्पित किया। उपायुक्त ने आवेदकों से उनकी पूरी बातें सुनी और आवेदनों को संबंधित विभागों में स्थानांतरित कर संबंधित पदाधिकारियों को आमजनों की समस्याओं की प्राथमिकता को तय करते हुए 15 दिनों के भीतर निष्पादन करने एवं उससे संबंधित प्रतिवेदन जनशिकायत कोषांग में समर्पित करने का निर्देश दिया।

जनता दरबार में नीलाम्बर पिताम्बरपुर से आयी आशा देवी ने डीसी के सामने जमीन सम्बंधित मामलों को लेकर अपना आवेदन प्रस्तुत कर न्यायोचित कार्रवाई की मांग की। वहीं नावाबाजर से आये प्रयाग पाण्डेय ने अपने आवेदन के माध्यम से अपनी जमीन का जिला स्तरीय अमीन से भूमि मापी करने के संबंध में उपायुक्त से अनुरोध किया। नौडीहा पंचायत से आयी रिमझीम कुमारी ने उपायुक्त को अपने आवेदन के जरिये आंगनबाड़ी केंद्र में सहायिका के पद पर बहाली में अनिमत्ता को लेकर शिकायत की।

वहीं पाटन से आये प्रमोद पासवान ने अपने ग्राम बड़की पाल्हे में चापाकल लगाने संबंधित शिकायत उपायुक्त से की। जनता दरबार में इसके अलावा विद्युत समस्या, अंचल अमीन द्वारा भूमि सीमांकन, मूलभूत सुविधा, पानी की सुविधा मुहैया कराने समेत अन्य आवेदन आये, जिन्हें उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों को अग्रसारित करते हुए जल्द से जल्द निष्पादित करने का निर्देश दिया।

## समस्या: पाण्डेयपुरा में बंद पड़ा सरकारी चापाकाल

**लोकतंत्र की आवाज़**



**निशांत तिवारी, प्रभारी झारखंड**
**पाण्डेयपुरा (चतरा)।** जिले के हंटरगंज प्रखंड के पाण्डेयपुरा मे मेन रोड समेत सात ऐसे चापाकाल है जो खराब पड़े है।सरकार एक तरफ ये ढिढोरा पीटते फिर रहा है की पेयजल संकट से निजात दिलाने का कार्य लगातार कर रही है पर पेयजल संकट से निजात दिलाने मे सरकार विफल साबित हो रहा है। पाण्डेयपुरा खुर्द मे कुछ चिन्हित जगह जैसे बसंत प्रसाद के घर के पास,शिव मंदिर के सामने,सुदामा हार्डवेयर के सामने,महेसी दास के घर के पास,सप्ताहिक बाज़ार लाली माटी मे,मध्य विद्यालय पाण्डेयपुरा के पास,पुराना हॉस्पिटल मे महीनों से खराब पड़ा है पर इन खराब पड़े चापाकल को बनाने मे विभाग पुरी तरह से निष्क्रियता दर्शा रही है।

ग्रामीणों और क्षेत्रीय पत्रकारो के द्वारा इस बाबत जेई राकेश कुमार से दूरभाष पर बात करने का प्रयास किया गया तो वो कॉल नही उठा रहे है जो उनके अपने जिम्मेवारी के प्रति निष्क्रियता को दर्शा रहा है इस बाबत जब उनसे मैसेज मे बंद पड़े चापाकल की जानकारी साझा की गयी तो उनके द्वारा जवाब के तौर पर बस ओके लिख दिया गया।जहा भी चापाकल बंद पड़े है उन रास्तो से इस गर्मी और धुप मे सैकड़ो राहगीरों का आना जाना है और ऐसे मे राहगीरों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है जो सम्बन्धित विभाग के निंदनीय है।ग्रामीणों ने ये भी कहा की जब भी किसी जगह का चापाकल खराब होता है उसकी मरम्मत होने मे महीनों लग जाते है बार बार जानकारी देने के बाद भी सम्बन्धित विभाग के कर्मचारी और अधिकारी मुकदर्शक बन कर तमासा देखने का कार्य करते है।

## गिरिडीह डीडीसी दीपक कुमार दूबे द्वारा टी एल एम मेला सह प्रदर्शनी का उद्घाटन

**लोकतंत्र की आवाज**



- नगर भवन गिरिडीह में निपुण समागम के तहत ळछट मेला सह प्रदर्शनी का आयोजन किया गया

**विक्रम कुमार मिश्रा (ब्यूरो चीफ)**

**गिरिडीह, झारखंड।26 जून 2024:—** आज नगर भवन गिरिडीह में निपुण समागम के तहत ळछट मेला सह प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। दिनांक 19 से 22 जून तक प्राथमिक कक्षा में शिक्षण कार्य करने वाले 100 शिक्षकों के साथ शिक्षण अधिगम सामग्री का निर्माण हेतु कार्यशाला का आयोजन किया गया। भाषा शिक्षण के अंतर्गत हिंदी तथा अंग्रेजी विषय में तथा जनजातीय भाषा अंतर्गत संथाली भाषा में एवं अंकगणित से संबंधित प्रदर्श, 3ऊ मॉडल, flash card,राइमिंग वर्ड्स चकरी, योग चकरी, बहु उपयोगी शिक्षण अधिगम सामग्री से संबंधित कृतियों को बनाकर प्रदर्शित किया गया।

जिला के कई विद्यालयों के शिक्षक एवं छात्र–छात्राओं ने इस मेले में भाग लिया एवं इसी प्रकार की शिक्षण सामग्री बनाने एवं कक्षा कक्ष में बच्चों को सिखाने में उसके उपयोग करने हेतु प्रेरित हुए। प्रदर्शनी में मुख्य अतिथि के रूप में उप विकास आयुक्त द्वारा भाग लिया गया। जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, जिला जनसंपर्क अधिकारी एवं समग्र शिक्षा अभियान के जिला एवं प्रखंड स्तरीय अधिकारियों, संकुल साधन सेवी, प्रखंड साधन सेवी एवं विद्यालय के प्राथमिक कक्षाओं के शिक्षकों तथा छात्र–छात्राओं के द्वारा भाग लिया गया।

भाषा एवं गणित शिक्षण के अंतर्गत जीएलएन कार्यक्रम से संबंधित विभिन्न कॉम्पोनेंट्स पर चर्चा की गई। प्रत्येक घटक के लिए निर्धारित सूचकों एवं लक्षण की अभिप्राप्ति के लिए किस प्रकार के शिक्षण सामग्री एवं गतिविधि का समावेश किया जाए इसकी जानकारी शिक्षकों को दी गई। शिक्षकों को अपनी अभिरुचि तथा सृजनशीलता के द्वारा गुणवत्तापरक टिकाऊ एवं बहु उपयोगी शिक्षण सामग्री बनाए तथा वर्ग कक्ष में छात्राओं के बीच उसका उपयोग करने हेतु प्रेरित किया गया। दिनांक 4 से 6 जुलाई तक राज्य स्तरीय प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें झारखंड के अलावा अन्य कई राज्यों के के द्वारा प्शिक्षण अधिगम सामग्री से संबंधित प्रदर्शनी लगाई जाएगी। जिला शिक्षा पदाधिकारी द्वारा स्वागत भाषण में टीएम मेला एवं निपुण समागम कार्यि९म की रूपरेखा पर प्रकाश डाला गया।

उप विकास आयुक्त द्वारा शिक्षकों बच्चों एवं पदाधिकारी को संबोधित करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया गया और अधिगम सामग्रियों का निरंतर विद्यालय में उपयोग करने एवं नई शिक्षण विधि जिसमें गतिविधि आधारित शिक्षण पर बल दिया गया है को विद्यालय स्तर पर लागू करने हेतु प्रेरित किया गया। जूरी मेंबर द्वारा विभिन्न प्रखंडों के द्वारा लगाए गए स्लॉट में प्रदर्शित शिक्षण अधिगम सामग्रियों का मूल्यांकन किया गया। गणित हिंदी अंग्रेजी तथा संताली भाषा में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले शिक्षकों को पुरस्कृत किया गया ।

## एनएसयूआई द्वारा महाविद्यालय विभिन्न अहम मुद्दों को लेकर सौंपा गया ज्ञापन

**लोकतंत्र की आवाज**




**मामलोत सेख**
**बरहरवा।** बुधवार को बीएसके बरहरवा महाविद्यालय में एनएसयूआई स्टेट अध्यक्ष थॉमस रॉबर्ट के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने प्राचार्य के समक्ष विभिन्न बिंदुओं को लेकर ज्ञापन सोपा एवं यथाशिघ्र मांगों पर विचार करने की अपील की है।महाविद्यालय में विभिन्न विषयों के शिक्षक का न होना ,पुस्तकालय में पुस्तकों का अभाव,बिजली को समस्या जैसे अहम मुद्दों को लेकर मांगपत्र प्रेषित की गई है जो निम्न प्रकार हैं।

1. प्रत्येक वर्ष की भांति नामांकन में लिए जा रहे एनएसएसएवं एनसीसीको यथाशीघ्र महाविद्यालय में प्रारंभ करवाया जाए अन्यथा छात्रों से लिए गए पैसे वापस लौटाए जाए ।
2. महाविद्यालय में हिंदी , मेथ , फीनिक्स, जूलोजी , बॉटनी , संस्कृतजैसे विषयों में शिक्षक नहीं होने पर भी नामांकन लिया जा रहा है , ऐसे में इन छात्रों की कक्षाएं नहीं ली जा सकेंगी , इसके लिए जल्द हल निकाला जाए ।
3. पिछले दो सत्रों से नई शिक्षा नीति द्वारा अध्ययन कार्य एवं परीक्षाएं ली जा रही हैं परंतु महाविद्यालय के पुस्तकालय में संबंधित पुस्तक ना के बराबर है इसे यथाशीघ्र उपलब्ध करवाया जाए ।
4. इंटरमीडिएट में नामांकन के लिए आवेदन करने हेतु दोबारा तिथि तय कर छूटे हुए छात्रों को मौका दिया जाए ।
5. महाविद्यालय में डीजी जेनरेटर की सुविधा होते हुए भी उसे बंद रखकर इतनी भीषण गर्मी में छात्रों को गर्मी में बैठकर परीक्षा देने पर मजबूर किया जा रहा है।

एनएसयूआई स्टेट अध्यक्ष थॉमस रॉबर्ट ने बताया कि उपरोक्त दिए छात्र हित के किसी भी मांग को अगर पूरा नहीं किया गया तो एनएसयूआई अनिश्चितकाल के लिए कॉलेज में तालाबंदी करने पर मजबूर होगी। इन महत्वपूर्ण मुद्दों को महाविद्यालय द्वारा अनदेखा करना दुर्भाग्यपूर्ण है। परंतु हर बार की भांति एनएसयूआई मांग पूरी किए जाने तक मजबूती से डटे रहेगी।

मौके पर जिला सोशल मीडिया संयोजक रफत हुसैन, कॉलेज महासचिव सोएब अख्तर, मो आमिर, अजय तुरी, विशाल कुमार, सईबुर शेख, जयंतो साह, कलाम, विनीत, वकार अहमद, सैयद रबीउल, सकीरुल व अन्य छात्र मौजूद थें।

## संक्षिप्त खबरें ।

### अवैध मिट्टी खनन को लेकर तीन के विरुद्ध हुई प्राथमिकी दर्ज



लोकतंत्र की आवाज
सुनील कुमार मिश्र,मगध ब्यूरो
औरंगाबाद। औरंगाबाद खनन निरीक्षक अभिमन्यु कुमार ने पौथु थाना क्षेत्र के मिश्र बीघा गांव निवासी राम प्रवेश सिंह चंद्रवंशी, हसपुरा थाना क्षेत्र के मनीष यादव, एवं कुटुंबा थाना क्षेत्र के मथुरापुर गांव के वीरेंद्र कुमार को नामजद आरोपी बनाते हुए रफीगंज थाना में प्राथमिकी दर्ज कराया। उल्लेख किया है कि रफीगंज थाना क्षेत्र के केशवपुर गांव के खरांटी मौजा के समीप हरिओम ईट उद्योग द्वारा ईट भट्ठा से संचालन के लिए आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया गया। तथा अवैध रूप से लघु खनिज मिट्टी का उत्खनन एवं निष्कासन कर ईट भट्ठा का संचालन उक्त लोगों द्वारा किया जा रहा था। जिससे सरकारी राजस्व की क्षति के साथ-साथ पर्यावरण की क्षति हो रही है। एम एम डीआर एक्ट 1957 की धारा 04( 1अ) का उल्लंघन है प्रशिक्षु डीएसपी सह थानाध्यक्ष चंदन कुमार ठाकुर ने बताया कि प्राथमिक दर्ज कर आगे के कार्रवाई की जा रही है।

### कौन कहता है कि आसमां में सुराख नही हो सकता, जरा सिद्दत से पत्थर तो उछालो यारो...



लोकतंत्र की आवाज
मुंगेर । कौन कहता है कि आसमां में सुराख नही हो सकता, जरा सिद्दत से पत्थर तो उछालो यारो। उक्त पंक्ति बांका जिला के बाराहाट प्रखंड के हरिपुर गांव के गुलशन कुमार पिता किशोर कुमार सिंह चरितार्थ कर रहे हैं। विदित हो कि गुलशन कुमार का बचपन गरीबी में बीता है। गुलशन ने प्रथमिकता शिक्षा गांव से प्राप्त किया। वह शुरू से ही मेधावी छात्र व कर्तव्य निष्ठ था। अपनी प्रतिभा व कर्तव्यनिष्ठा के बल आज जिस मुकाम पर पहूंचा है, वह रह किसी को नसीब नहीं है। बताते चलें की गुलशन पटना में साईं सिविल सर्विसेज नाम से संस्थान चला रहे हैं, जिसमें उन्हें अपार सफलता मिल रही है। उनके संस्थान से के दर्जनों छात्र सफलता पाकर सिविल सर्विसेज में योगदान दे रहे हैं। उनके प्रतिभा व कर्तव्यनिष्ठा से अभिभूत होकर गत दिन बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, विजय कुमार सिन्हा, मंत्री नितिन नवीन व प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में गुलशन को सम्मानित किये तथा भाजपा की सदस्यता उन्होंने ग्रहण किया। इसके पूर्व इन्हें दर्जनों गणमान्य अतिथियों ने भी सम्मानित कर चुके हैं। जिसमें पटना विश्वविद्यालय के कुलपति के सी सिन्हा के द्वारा बेस्ट शिक्षक, सीतामढ़ी के पूर्व जिला अधिकारी डा. रंजीत सिंह, पटना मैयर सीता साहू, शिक्षाविद् गुरु रहमान सर आदि की ओर से अवार्ड देकर सम्मानित किया जा चुका है। गुलशन अब किसी परिचय को मोहताज नहीं बल्कि बांका जिला के साथ-साथ अंग क्षेत्र का नाम रौशन कर रहे हैं और सैंकडो छात्र आज इनसे शिक्षा ग्रहण कर अपने मंजिल को पा रहे है।

### जेपीयू के कुलपति के पद पर डॉ नारायण दास ने किया पदभार ग्रहण



लोकतंत्र की आवाज
छपरा ( ई के के सिंह सेंगर)। प्रो. (डॉ) नारायण दास ने जयप्रकाश विश्वविद्यालय के कुलसचिव के पद पर बुद्धिजीवियों बुधवार के पूर्वाह्न में अपना पदभार ग्रहण कर लिया। प्रधान सचिव, राज्यपाल सचिवालय, राजभवन पटना द्वारा दिनांक- 24/6/2024 को जारी अधिसूचना के आलोक में प्रो. दास ने अपना पदभार ग्रहण कर लिया है। पदभार ग्रहण करने के उपरांत उन्होंने माननीय कुलपति महोदय से मुलाकात की जहां कुलपति महोदय ने उन्हें बधाई दी। विदित हो कि प्रो. नारायण दास इससे पूर्व वैशाली के जंदाहा स्थित एमएसएम समता कॉलेज में कार्यरत थे। बधाई देने वालों में डीएसडब्ल्यू प्रो. उदयशंकर ओझा, कुलानुशासक प्रो. विश्वामित्र पाण्डेय, एनएसएस समन्वयक प्रो. हरिश्चंद, मीडिया प्रभारी राजेश पाण्डेय सहित विश्वविद्यालय के अन्य पदाधिकारी-कर्मियों ने बधाई दी है।

# पहाड़ी नदी के बहाव से पुलिया ध्वस्त, बीच नदी में फंसा ट्रैक्टर मजदूरों ने भागकर बचाई जान



लोकतंत्र की आवाज

**बगहा से शमशाद अंसारी**
**बगहा।** रामनगर प्रखंड में मानसून की पहली दस्तक के साथ ही पुलिया और सड़क क्षतिग्रस्त होने लगी है. पहाड़ी क्षेत्रों में लगातार हो रही बारिश के कारण गंडक और पहाड़ी नदी का जलस्तर बढ़ गया. जिससे पुलिया कमजोर हो गयी और उसमें दरारें पड़ गयी. इस स्थिति के कारण एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया. जब मजदूरों को ले जा रहा एक ट्रैक्टर मसान नदी पर बनी अस्थाई पुलिया पर फंस गया.

रामनगर चीनी मिल से मजदूरों को ले जा रहा ट्रैक्टर नदी के बीच धारा में फंस गया. ट्रैक्टर गन्ना फसल की निराई करने के लिए रामनगर चीनी मिल से मजदूरों को लेकर एक ट्रैक्टर गोबर्धना थाना क्षेत्र के बलुआ गांव जा रहा था. इसी दौरान झमाझम बारिश के बाद सुखौड़, सिंगाहा व मसान नदी के जलस्तर में अचानक वृद्धि हो गई. पुलिया के ऊपर से जब ट्रैक्टर गुजर रहा था तभी पानी के तेज बहाव के कारण अस्थाई पुलिया क्षतिग्रस्त हो गई और ट्रैक्टर पानी की तेज धारा में फंस गया. मजदूरों ने किसी तरह अपनी जान बचाई.

मानसून की पहली बारिश में रामनगर की पहाड़ी नदी मसान ने अचानक रौद्र रूप ले लिया. रामनगर के बलुआ से चुड़हिरवा, डुमरी, पथरी, सिंगाई और दोन समेत दर्जनों गांवों का रास्ता बाधित हो गया है. गांवों के लोगों को आने-जाने में भारी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है. दैनिक जरूरतों के सामान लाने और ले जाने में भी समस्या हो रही है, जिससे ग्रामीणों की परेशानी और बढ़ गई है।

इस पूरे मामले में प्रशासन की उदासीनता भी सामने आ रही है. ग्रामीणों का कहना है कि पुलिया और सड़क की हालत पिछले कुछ समय से खराब थी. लेकिन समय पर मरम्मत का काम नहीं किया गया. प्रशासन को इस स्थिति की जानकारी होने के बावजूद कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया, जिससे आज यह समस्या गंभीर रूप ले चुकी है। ग्रामीणों ने प्रशासन से त्वरित कार्रवाई की मांग की है. ताकि पुलिया और सड़क की मरम्मत जल्द से जल्द हो सके और आवागमन सुचारु रूप से चालू हो सके. उन्होंने चेतावनी दी है कि अगर समस्या का समाधान जल्द नहीं किया गया तो वे आंदोलन करने पर मजबूर होंगे. लोगों में काफी आक्रोश देखा गया।

# मुजफ्फरपुर में पत्रकार की हत्या, घर से कुछ ही दूरी पर चाकू से किए गए दर्जनों वार

लोकतंत्र की आवाज



**दीपक कुमार**
**मुजफ्फरपुर।** मुजफ्फरपुर में अज्ञात बदमाशों ने एक पत्रकार की हत्या कर दी. घटना मंगलवार ( 25 जून ) रात की है. घर से कुछ ही दूरी पर बदमाशों ने पत्रकार पर चाकू से दर्जनों वार किए जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई. पूरा मामला मुजफ्फरपुर के मनियारी थाना क्षेत्र का है. मृतक की पहचान पत्रकार शिवशंकर झा के रूप में की गई है.

**घर लौट रहे थे पत्रकार शिवशंकर झा:** बताया जाता है कि शिवशंकर झा मनियारी थाना क्षेत्र के ही रहने वाले थे. वह अपने घर मारीपुर स्थित आवास की ओर लौट रहे थे. अचानक अज्ञात बदमाशों ने उनकी बाइक को घेर लिया और उन पर चाकुओं से दर्जनों वार कर दिया. घटना की जानकारी पुलिस को दी गई. पुलिस मौके पर पहुंची और शिवशंकर झा को एसकेएमसीएच पहुंचाया गया जहां डॉक्टरों ने देखने के बाद मृत घोषित कर दिया.

**घर वालों को पुलिस ने की हत्या की खबर:** अस्पताल में शिवशंकर झा की मौत की पुष्टि के बाद पुलिस ने घर वालों को इसकी सूचना दी. जानकारी मिलते ही घर वाले अस्पताल पहुंचे. इसके बाद पूरे अस्पताल परिसर में परिजनों की चीख-पुकार गूंजने लगी. हालांकि अभी तक यह नहीं पता चला है कि शिवशंकर झा की हत्या के पीछे की क्या वजह है.

### मनियारी थाना पुलिस ने क्या कहा?

घटना के संबंध में मनियारी थाने के एसआई जयशंकर राम ने बताया कि मामले की जानकारी मिली कि एक व्यक्ति पर चाकुओं से हमला किया गया है और घायल कर दिया गया है. इसके बाद वो लोग पहुंचे और उस व्यक्ति को अस्पताल लेकर आए जहां उसे डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया गया. उन्होंने बताया कि मृतक की पहचान पत्रकार शिवशंकर झा के रूप में हुई है. घटना के बाद पुलिस आगे की जांच में जुट गई है. देर रात तक अस्पताल में कोई वरीय अधिकारी नहीं पहुंचा था. यहां तक कि मनियारी थानाध्यक्ष भी अस्पताल नहीं पहुंचे थे।घटना की निंदा मीडिया फोर बोर्डर हार्मोनी परिवार करता है। पीड़ित परिवार को 10 लाख रूपये मुआवजे की मांग की है। साथ ही अपराधियों की गिरफ्तारी की मांग की है।

# नगरा में एक दिवसीय चहक प्रशिक्षण कार्यक्रम का किया गया आयोजन

लोकतंत्र की आवाज




**नगरा ।** निपुण भारत, निपुण बिहार के सफल के उद्देश्यों की प्राप्ति को लेकर एनईपी 2020 के विद्या प्रवेश कार्यक्रम चहक मॉड्यूल जो वर्ग 1 के नवनामांकित विद्यार्थियों की आधारभूत साक्षरता एवं संख्यात्मकता ज्ञान देने के उद्देश्य से 90 दिनों में 140 गतिविधियों को खेल-खेल में सुगमता पूर्वक विद्यालय में उतारने हेतु एकदिवसीय चहक प्रशिक्षण कार्यक्रम का बुधवार को प्रखंड संसाधन केंद्र में संपन्न हुआ

प्रशिक्षक विजयेंद्र कुमार विजय ने बताया की भाषा व गणितीय अवधारणा विकसित करने के लिए प्रखंड के 68 चहक नामित शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया गया शिक्षा विभाग व शिक्षक प्रशिक्षण संस्थान डायट सोनपुर के द्वारा कार्यक्रम का संचालित चहकत्सव मना कर किया गया ,नव चयनित शिक्षकों में पहली बार प्रशिक्षण कार्यक्रम में सम्मिलित हुई रोशनी कुमारी, अंजली ,चांदनी कुमारी , फातिमा सादिया ,उन्नति ,राजकुमार प्रकाश आर्य आदि ने चहक कार्यत्क्रम से बहुत प्रसन्न हुए और बोले कि अभी तक हम लोग का विद्यालय ही परिवार था अब चहक के कारण नगरा के कई शिक्षकों से एक बड़ा परिवार बन गया प्रशिक्षक के रूप में प्रदीप कुमार सिंह विजयेद्र विजय आदि ने ऑनलाइन लिंक के माध्यम से प्रत्येक गतिविधि का रिपोर्ट भी देना होगा।

# बिहार की राजनीतिक व्यवस्था परिवर्तन का एकमात्र विकल्प जन सुराज

लोकतंत्र की आवाज




**रंजीत कुमार विद्यार्थी**
**मुंगेर।** जन सुराज के जमालपुर प्रखंड एवं जमालपुर विधानसभा क्षेत्र के संस्थापक सदस्यों की पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार बैठक जमालपुर के मारवाड़ी धर्मशाला में आयोजित किया गया। जिसमें जमालपुर के आसपास के क्षेत्र से जिसमें सारोबाग, बंगलवा, धरहरा, परहम के सक्रिय सदस्यों ने भाग लिया साथ ही जन सुराज के पटना से आए टीम के लोगों की भी उपस्थिती रही। बैठक में जन सुराज मुहिम से जुड़े कई मुद्दों पर विस्तार पूर्वक विचार विमर्श किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए रोहित सिन्हा ने कहा कि आने वाले समय में जन सुराज के प्रमुख प्रशांत किशोर जी का आगमन मुंगेर की धरती पर होने जा रहा है। उनके आगमन को लेकर हम सभी को कई पहलुओं पर काम करने की जरूरत है।

साथ ही संगठन से जमालपुर विधानसभा के हजारों लोगों को जोड़ने का भी कार्य युद्ध स्तर पर किया जा रहा है। बैठक में शामिल सदस्यों को संबोधित करते हुए जन सुराज के संस्थापक सदस्य आशीष कुमार अधिवक्ता ने कहा कि बिहार की राजनीतिक व्यवस्था परिवर्तन का एकमात्र विकल्प के रूप में जन सुराज ही है। आगामी 2 अक्टूबर को जब आधिकारिक रूप से जान स्वराज पार्टी की घोषणा होगी तब हम पूरे बिहार में एक करोड़ से ज्यादा सदस्यों के साथ खड़े होंगे, ऐसा बिहार में पहली दफा होगा। जन सुराज मुहिम को जमालपुर विधानसभा के जन-जन तक पहुंचाना एकमात्र उद्देश्य है। हमें अपना सूचना तंत्र को काफी मजबूत करना होगा, आने वाले विधानसभा चुनाव में जन सुराज पहले विकल्प के रूप में जनता के सामने होगी। जमालपुर विधानसभा क्षेत्र में अभी से ही जनता का झुकाव जन सुराज के प्रति है और शहर के कई प्रमुख लोग भी जन सुराज से लगातार जुड़ रहे हैं।

शहर के लोगों से अपील है कि वे जन सुराज से जुड़ने के लिए मो० -- 9721697216 पर मिस्ड कॉल करके भी जन सुराज मुहिम का हिस्सा बन सकते हैं। बैठक सत्र में राकेश गोप ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि जमालपुर विधानसभा क्षेत्र के सामाजिक और भौगोलिक स्थिति पर हमें अभी काफी काम करना है और इसकी रूपरेखा बनानी है। बैठक में सरदार मन्नी सिंह, विकास कुमार, हिमांशु त्रिपाठी, इत्तेफाक आलम, जज्बी आलम, ललन कुमार, अब्दुल उजाला, संजीव कुमार यादव, जज्बी आलम, मोहम्मद जहांगीर, राकेश कुमार, इंद्र देवदास, वार्ड कमिश्नर मुकेश शर्मा सहित दर्जनों सक्रिय सदस्य मौजूद थे।

# मादक पदार्थों के विरुद्ध रन फॉर ड्रग्स फ्री मैराथन दौड़ का आयोजन

लोकतंत्र की आवाज




- मादक पदार्थों के विरुद्ध व्यापक जन जागरूकता लाने के उद्देश्य से उपायुक्त, नमन प्रियेश लकड़ा के निर्देशानुसार झंडा मैदान से रन फॉर ड्रग्स फ्री झारखंड मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया

**विक्रम कुमार मिश्रा,(ब्यूरो चीफ)**
**गिरिडीह झारखंड, 26 जून 2024।** उपायुक्त, नमन प्रियेश लकड़ा के निर्देशानुसार गिरिडीह जिले में मादक पदार्थों के विरुद्ध व्यापक जन जागरूकता अभियान को लेकर कई कार्यक्रमों का आयोजन कर आमजनों को नशा मुक्ति के संबंध में जागरूक किया जा रहा है। इसी क्रम में आज झंडा मैदान से नशा मुक्ति अभियान को लेकर रन फॉर ड्रग्स फ्री झारखंड मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया।

इस दौरान जिला प्रशासन द्वारा आयोजित इस मैराथन दौड़ में बड़ी संख्या में लोग शमिल हुए। साथ ही संकल्प लिया गया कि नशा करने से रोकने व स्वयं को रोकने एवं अन्य को भी रोक में प्रोत्साहन करने का काम किया जायेगा। इस दौरान आमजनों से नशा मुक्ति अभियान में जिला प्रशासन की सहयोग की बात कही गई। तथा युवा वर्ग तथा अगली पीढ़ी को नशा की चपेट में जाने से रोका जाय। लोगों से अपील किया गया कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में लोगों को मादक पदार्थों के सेवन के दुरुपयोग से अवगत करवाया जा सकें। इस दौरान सदर अनुमंडल पदाधिकारी, अपर समाहर्ता, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, जिला खेल पदाधिकारी, सर जे सी बोस उच्च विद्यालय के प्रधानाचार्य समेत अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। सदर अनुमंडल पदाधिकारी ने कहा कि गिरिडीह जिले को नशामुक्त बनाने के उद्देश्य से आज का यह मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया है ताकि इस अभियान के माध्यम से ज्यादा से ज्यादा लोगों को जागरूक किया जाय और लोगों को नशे की चपेट में आने से बचाया जा सके।

जिला समाज कल्याण पदाधिकारी ने नशा से होने वाले दुष्परिणाम की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि नशा से सिर्फ एक व्यक्ति ही नहीं बल्कि उसका पूरा परिवार प्रभावित होते हैं। समाज में फैल रहे नशे को हमसभी को मिलकर रोकना होगा ताकि आने वाली पीढ़ी को नशा के सेवन से दूर किया जा सकें। उन्होंने कहा कि नशा मुक्ति अभियान में समाज के हर वर्ग की भूमिका अहम है। सबको मिलकर इस अभियान को सफल बनाने में जिला प्रशासन का सहयोग करना होगा तभी हमलोग नशे के विरुद्ध इस अभियान में सफल होंगे।

# शादी का झांसा देकर बनाया शारीरिक संबंध

लोकतंत्र की आवाज

**सुनील कुमार मिश्र,(मगध ब्यूरो)**
**औरंगाबाद।** जिले के रफीगंज में शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाने के बाद शादी से इंकार किए जाने का मामला प्रकाश में आया है।इस संबंध में रफीगंज प्रखंड क्षेत्र की एक युवती ने रफीगंज थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है।जिसमें गया जिला के कोंच थाना क्षेत्र के रौना गांव निवासी मुन्ना पासवान के पुत्र संटू कुमार, संटू कुमार की माता विमली देवी, पिता मुन्ना पासवान एवं इसके भाई मंटू पासवान को नामजद आरोपी बनाया है।

उल्लेख किया कि मेरी बहन का देवर संटू कुमार से मेरी बातचीत होती थी। वह मुझे शादी करने का हमेशा भरोसा देता था।10 जून 2024 को संटू कुमार मेरे घर रात के समय आया। तथा मेरे साथ शारीरिक संबंध बनाया।इसके बाद मुझे बहला फुसलाकर सूरत लेकर गया। और बोला कि हम लोग मंदिर में शादी करेंगे।तथा तुमको अपनी पत्नी की तरह रखेंगे। मैं भी इसके बातों में आ गई तथा ट्रेन से इसके साथ सूरत चली गई।यहां मुझे करीब 10 दिनों तक हेवडा भवन सोनी पार्क के पास रखा।तथा यहां भी मुझे भरोसे में लेकर कई बार शारीरिक संबंध बनाया।यह सब बात जब इसके परिवार में पता चला तो परिवार के लोग लड़का को बार-बार बोलने लगे कि तुम बिना दहेज के शादी नहीं करोगे। जिसके बाद संटू भी अपने घर परिवार के दबाव में आ गया।10 जून को मैं अकेले ट्रेन से रफीगंज आयी तथा अपने घर आ गई। और सब बात मैं अपने घर परिवार को बताई। मेरे परिवार वालों द्वारा बार-बार संटू कुमार एवं इसके परिवार वालों से संपर्क करने का प्रयास किया गया। परंतु यह लोग शादी करने को लेकर तैयार नहीं हुए। और मेरे परिवार वालों को गाली गलौज एवं धमकाने भी लगे।इस संबंध में प्रशिक्षु एसडीपीओ चंदन कुमार ठाकुर ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है।

# यूपीएससी परीक्षा में सफलता के बाद गांव पहुंचते ही मोनिका पटेल को लोगों ने किया भव्य स्वागत

लोकतंत्र की आवाज़



**निशांत तिवारी, प्रभारी झारखंड**
**विष्णुगढ़(हज़ारीबाग)।** यूपीएससी संघ लोक सेवा आयोग परीक्षा में हजारीबाग जिले के विष्णुगढ़ प्रखंड अंतर्गत चानो निवासी चंद्रनाथ भाई पटेल के पुत्री मोनिका पटेल विष्णुगढ़ पहुंचते हैं लोगों ने भव्य स्वागत किये जगह-जगह मिठाई बांटे एवं पटाखा छोड़कर खुशी का इजहार किया कार्यक्रम का शुभारंभ बनासो स्थित मां बागेश्वरी मंदिर में पूजा अर्चना करने के बाद लेदी मोड स्थित ऑक्सफोर्ड स्कूल पिनेकल इगनाइटेड माइंड्स स्कूल चानो के बच्चों के साथ पहुंचकर अपनी संघर्ष की कहानी साझा किया उसके बाद तेतरिया मोड चानो प्लस टू उच्च विद्यालय में छात्र-छात्राओं ने पुष्प गुच्छ भेंट कर माला पहनकर एवं अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया।

उसके बाद चानो स्थित झारखंड आंदोलनकारी मांडू विधानसभा के पूर्व विधायक गिरिडीह सांसद रह चुके टेकलाल महतो के आदमकद प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए। मौके पर उप प्रमुख सरयू साव राजेंद्र मंडल राजू श्रीवास्तव सुनील अकेला मुनीलाल महतो धनेश्वर महतो थानेश्वर महतो हरिलाल महतो चानो पंचायत समिति सदस्य खेमिया देवी परमेश्वर महतो गोविंद महतो टीपू लाल महतो हेमलाल महतो ग्रामीण मौजूद थे।

# समस्तीपुर : डीएम ने एक्सप्रेस वे सहित कई चल रहे योजनाओं का किया निरीक्षण

लोकतंत्र की आवाज



**रामजी कुमार**
**समस्तीपुर।** जिला पदाधिकारी योगेंद्र सिंह के द्वारा आमस दरभंगा एक्सप्रेस वे पैकेज 4 में समस्तीपुर प्रखंड के शिवनंदनपुर और कल्याणपुर प्रखंड के खरसंड के बीच बन रहे सड़क का निरीक्षण किया गया। शिवनंदनपुर में बूढ़ी गंडक नदी की धारा तटबंध के नजदीक आ रही है। इस धारा को नदी के बीच लाने हेतु समुचित करवाई करने का निर्देश उपस्थित सहायक अभियंता बाढ़ नियंत्रण प्रमंडल समस्तीपुर को जिला पदाधिकारी के द्वारा दिया गया। सहायक अभियंता बाढ़ नियंत्रण प्रमंडल समस्तीपुर के द्वारा अनुरोध किया गया कि पैकेज 4 के एजेंसी के द्वारा बूढ़ी गंडक नदी के बीच के अनावश्यक मिट्टी के टीलों को काट कर हटवा दिया जाय ताकि नदी की धारा दोनो तटबंधों के बीच सुरक्षित बहे तथा तटबंध पर पड़ने वाले दबाव एवम नदी के कटाव को रोका जा सके। उक्त मिट्टी का उपयोग पैकेज 4 के पथ निर्माण में किया जा सकता है।

सहायक अभियंता को निर्देश दिया गया कि जिन-जिन जगहों से मिट्टी कटवाने की आवश्यकता है। उन स्थलों की सूची अक्षांश देशांतर के साथ पैकेज 4 के एजेंसी एवम एनएचएआई के परियोजना निदेशक/अभियंता को अभी ही उपलब्ध करा दिया जाय ताकि वे यथाशीघ्र मिट्टी कटवा सकें। उपस्थित अनुमंडल पदाधिकारी एवम अंचलाधिकारी को निर्देश दिया गया कि वे इस कार्य को इस प्रकार कराना सुनिश्चित कराएंगे की बूढ़ी गंडक नदी से मिट्टी काटे जाने पर आपदा प्रबंधन की दृष्टि से कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़े। प्रबंध निदेशक एनएचएआई के द्वारा बताया गया की बूढ़ी गंडक पर बनने वाले पूल का री- डिजाइन तैयार किया जा रहा है,जो लगभग 10 दिनों में पूरा हो जाएगा। उसके बाद पूल निर्माण का कार्य किया जायेगा।

इस पथ में कल्वर्ट आदि का भी कार्य प्रगति पर पाया गया। उपस्थित एजेंसी के प्रतिनिधि को निर्देश दिया गया कि चूंकि बरसात का मौसम आनेवाला है तथा इस वर्ष अधिक वर्षा होने की संभावना है, अतः वे यह सुनिश्चित कराएंगे की ठनका आदि से किसी मैनपावर की क्षति नहीं हो। परियोजना निदेशक एनएचएआई के द्वारा बताया गया की कुछ भूधारियों को भू अर्जन की राशि लंबित होने के कारण , सिमरिया भिंडी आदि जगहों में भूधारियो के द्वारा पथ निर्माण कार्य में बाधा उत्पन्न किया जा रहा है। जिला भू अर्जन पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि लंबित भू अर्जन की राशि संबंधित भूधारी को तीन दिनों के अंदर भुगतान करना सुनिश्चित करें। उपस्थित परियोजना निदेशक एनएचएआई एवम एजेंसी के प्रतिनिधि को परियोजना कार्य में और तेजी लाने का निर्देश दिया गया।


स्वयत्ताधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक राजेन्द्र कुमार पांडेय एवं समाचार संपादक धर्मजीत कुमार सिन्हा, प्रभारी संपादक ललित किशोर शर्मा व कार्यपालक संपादक शैलेश कुमार के द्वारा आवाज कंप्यूटराईज प्रिंटिंग प्रेस रामनगर नवादा, पिन-805110 से प्रकाशित किया। यह समाचार पत्र मगध की आवाज का दैनिक डिजीटल संस्करण है। मो. नंबर-9525278483, 6200031466, 9934475082, 6204469540, 9431227058 है किसी भी वाद-विवाद का निपटरा नवादा न्यायालय के अधीन होगा।